आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* खरमास प्रारंभ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 333 | उज्जैन, मंगलवार 16 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण 12 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मनरेगा स्कीम की जगह लेगा विकसित भारत-जी राम जी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है। बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच सर्कुलेट की गई है। इसका नाम विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल, 2025 रखा गया है। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। इधर कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा।

### राम मंदिर आंदोलन से जुड़े डॉ. रामविलास वेदांती का निधन

**अयोध्या।** राम मंदिर आंदोलन के संत और पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने मध्यप्रदेश के रीवा में दोपहर 12.20 बजे अंतिम सांस ली। वे 67 साल के थे। वेदांती की रीवा में रामकथा चल रही थी। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। दो दिन से उनका इलाज रीवा के एक हॉस्पिटल में चल रहा था। सोमवार सुबह तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। उन्हें एयरलिफ्ट करके भोपाल एम्स ले जाने की तैयारी थी। एयर एम्बुलेंस पहुंच भी गई, लेकिन कोहरे की वजह से लैंड नहीं कर सकी। डॉ. रामविलास दास वेदांती के उत्तराधिकारी महंत राघवेश दास वेदांती ने बताया- महाराजजी का पार्थिव शरीर अयोध्या लाया जा रहा। महाराज जी की अंतिम यात्रा अयोध्या के हिंदू धाम से मंगलवार सुबह निकलेगी और राम मंदिर तक जाएगी।

### टीवी एक्टर अनुज सचदेवा पर हमला



**सोसाइटी में रहनेवाले शख्स ने जान से मारने की धमकी भी दी, वीडियो में रिकॉर्ड हुई मारपीट**

**मुंबई।** ये रिश्ता क्या कहलाता है, स्वरागिनी, साथ निभाना साथिया जैसे कई पॉपुलर टीवी शोज का हिस्सा रह चुके एक्टर अनुज सचदेवा पर रविवार शाम हमला हो गया। एक्टर ने खुद इस मारपीट का वीडियो रिकॉर्ड कर बताया है कि उन पर सोसाइटी के रहनेवाले एक शख्स ने हमला किया है। अनुज सचदेवा ने रविवार को ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें एक शख्स उन्हें भद्दी गालियां देते हुए डंडे से पीटता नजर आ रहा है। वीडियो में सुनाई दे रहे ऑडियो के अनुसार, ये विवाद कुत्तों की वजह से हुआ है। वीडियो में खून से लथपथ एक्टर ने कहा है, इस आदमी ने मुझे मारने की कोशिश की है। इस दौरान भी वो शख्स लगातार उन्हें गालियां दे रहा है। वीडियो की शुरूआत में हमला करने वाले शख्स को ये कहते सुना जा सकता है, कुत्ते से कटवाएगा। इसके जवाब में अनुज कहते हैं, कुत्ते से नहीं कटवाया। वीडियो पोस्ट करते हुए अनुज ने लिखा है, मैं यह सबूत यहां पोस्ट कर रहा हूं, इससे पहले कि यह व्यक्ति मुझे या मेरी संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचाने की कोशिश करे। इस व्यक्ति ने सोसाइटी में गलत जगह गाड़ी पार्क करने को लेकर मेरे कुत्ते और मुझ पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना हार्मनी मॉल रेसिडेंसी, गोरेगांव में हुई। यह व्यक्ति ए विंग, फ्लैट नंबर 602 का रहने वाला है। कृपया इसे उन लोगों के साथ साझा करें जो इस पर कार्रवाई कर सकते हैं। मेरे सिर से खून बह रहा है। अनुज सचदेवा द्वारा वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद से ही कई सेलेब्स कमेंट कर शिकायत किए जाने की मांग कर रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस नौहीद, ईला अरुण की बेटी इशिता अरुण, किश्वर मर्चेंट समेत कई सेलेब्स ने चिंता जाहिर की है, वहीं कई सेलेब्स वीडियो में मुंबई पुलिस को टैग करते हुए स्ट्रिक्ट एक्शन लिए जाने की मांग कर रहे हैं।

### पहलगाम हमले के 237 दिन बाद एनआईए की चार्जशीट

**जम्मू।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले पर 1300 पेज की चार्जशीट दाखिल की। जम्मू में एनआईए स्पेशल कोर्ट में हमले के 237 दिन बाद ये चार्जशीट दाखिल की गई। इसमें आतंकी कमांडर सजाद जट्ट का भी नाम है। वो पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेशंस चीफ है। एनआईए ने उस पर 10 लाख का इनाम घोषित किया है। सूत्रों के मुताबिक सजाद को ही पहलगाम हमले का मास्टर माइंड माना जा रहा है। उसी ने पहलगाम अटैक की जिम्मेदारी अन्य 2 आतंकियों को सौंपी थी। 28 जुलाई श्रीनगर के हरवान जंगल में सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव चलाया था। इसमें पहलगाम हमले के दोनों आतंकी सुलेमान शाह और हमजा अफगानी मारे गए थे।

### कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक के घर आईटी की 12 ठिकानों पर रेड

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता और उद्यमी रमिंदर आंवला के घर पर इनकम टैक्स की छापेमारी की खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक उनकी गुरुहरसहाय की रिहायश समेत करीबन 12 जगहों पर टीमें पहुंचकर जांच कर रही हैं। उनसे उनके बिजनेस और इनकम संबंधी ब्यौरे मांगे जा रहे हैं। गुरुहरसहाय में आयकर विभाग की टीमें सुबह ही करीबन 6 बजे पहुंच गई थीं और तभी से अंदर जांच चल रही है। जानकारी के मुताबिक पूर्व विधायक रमिंदर आंवला रिहायश पर मौजूद नहीं हैं और उनके रिश्तेदारों से पूछताछ हो रही है। बता दें रमिंदर सिंह आंवला इससे पहले 2019 में जलालाबाद से विधायक बने थे। यहां पर उपचुनाव हुआ था। 2019 में सुखबीर सिंह बादल के सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी और उपचुनाव के दौरान उन्हें यहां से जीत मिली थी।

---

विधायक बोले- जनता ने ही उन्हें जनप्रतिनिधि चुना है, जनता और किसानों के हित में खड़ा रहना उनका कर्तव्य है

## लैंड पुलिंग मामले में अब किसानों को उज्जैन उत्तर विधायक का समर्थन मिला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग योजना के विरोध में 26 दिसंबर से महाधरना देने जा रहे किसानों को अब सिंहस्थ के मुख्य आयोजन उज्जैन उत्तर क्षेत्र के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा का समर्थन भी मिल गया है। विधायक कालूहेड़ा ने इसे लेकर मुख्यमंत्री को खुला पत्र दिया है और मीडिया के समक्ष अपनी बात भी रखी है।

उज्जैन उत्तर से भाजपा विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने लैंड पुलिंग (भूमि समेकन) के मुद्दे पर सरकार और संगठन के रुख के बीच किसानों के साथ खड़े रहने का स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारें जनता बनाती है और जनता ने ही उन्हें जनप्रतिनिधि चुना है, इसलिए जनता और किसानों के हित में खड़ा रहना उनका कर्तव्य है। विधायक कालूखेड़ा ने बताया कि सरकार और संगठन के निर्देशों के बावजूद वे लगातार विधानसभा के भीतर और बाहर लैंड पुलिंग के विरोध में खड़े रहे। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक में लैंड पुलिंग को वापस लेने का निर्णय हुआ था। इसके बाद किसानों द्वारा निकाली गई उत्सव रैली में भी वे शामिल हुए और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया कि लैंड पुलिंग वापस ले ली गई है। हालांकि, बाद में प्रेस, प्रशासन और किसान संघ के माध्यम से यह जानकारी सामने आई कि लैंड पुलिंग पूरी तरह वापस नहीं हुई है, बल्कि कुछ धाराएं समाप्त कर इसे दोबारा लागू किया जा रहा है। इसी कारण किसान संघ ने 26 तारीख को आंदोलन की घोषणा की है। विधायक ने कहा कि ऐसी स्थिति में वे विवश होकर किसानों और जनता के हित में इस आंदोलन में शामिल होंगे।

### उज्जैन-जावरा एक्सेस कंट्रोल रोड के विरोध में किसान धरने पर जमे सड़क विकास निगम कार्यालय पर


#### चुनाव वादे का उल्लेख



विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने अपने चुनावी वादे का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पीपलीनाका क्षेत्र में आयोजित आमसभा में उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने यह वादा किया था कि मकान मंदिर स्वरूप होते हैं और इन्हें तोड़ा नहीं जाना चाहिए। सिंहस्थ क्षेत्र में लगभग एक लाख की आबादी बस चुकी है, इसलिए इस क्षेत्र को डी-नोटिफाई कर आवासीय उपयोग में लाया जाए और लोगों को सिंहस्थ के प्रतिबंधों से मुक्त किया जाए। इसी वादे के आधार पर जनता ने उन्हें 27 हजार 500 वोटों से विजयी बनाया।

#### सिंहस्थ वैभव की बात

साथ ही सिंहस्थ क्षेत्र को उसके पूर्व वैभव में लौटाया जाए। उजड़खेड़ा, लाल पुल, बड़नगर रोड, रातड़िया रोड सहित जितनी भी डामरीकृत सड़कें बनी हुई हैं, उनका चौड़ीकरण किया जाए। नदी के समानांतर 100 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाए। विधायक ने कहा कि सिंहस्थ क्षेत्र में किसान, मजदूर और सभी वर्गों के लोग मिलकर शांतिपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाते आए हैं और आगे भी मनाते रहेंगे।



अनिल जैन कालूहेड़ा
विधायक
विधानसभा उज्जैन-उत्तर (216)

क्रमांक-/33 दिनांक 15/12/25

माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।

विषय :- लैंडपूलिंग योजना निरस्त करने हेतु।

महोदय,

उज्जैन में शासन द्वारा सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए लैंडपूलिंग योजना लाई गई है। योजना का समर्थन मैंने विधानसभा एवं विधानसभा के बाहर किया है, परन्तु 17 नवंबर 2025 को भोपाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री हेमंत खण्डेलवाल जी एवं किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ, माननीय आपकी उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि लैंडपूलिंग योजना वापस ली जाती है। इसके उपरांत किसान संघ ने एक उत्सव रैली का उज्जैन में आयोजन किया था जिसमें मैं स्वयं भी शामिल हुआ।

प्रशासन, प्रेस एवं किसान संघ के माध्यम से यह ध्यान में आया कि लैंडपूलिंग योजना यथावत है।

इस कारण से किसान संघ ने दिनांक 14 दिसम्बर 2025 की अपनी बैठक में पुनः 26 दिसम्बर 2025 को लैंडपूलिंग योजना के विरोध में आंदोलन किये जाने का निर्णय किया है।

अतः इस आन्दोलन में स्वयं किसानों के सम्मान में एवं किसानों के हित में जो आन्दोलन किसान संघ द्वारा लैंडपूलिंग एवं सिंहस्थ के संबंध में प्रस्तावित है। इस आन्दोलन में सम्मिलित होने हेतु मैं भी विवश रहूंगा। अतः आप से आग्रह है कि किसानों के हित में यथा उचित निर्णय करें।

माननीय से मेरी कुछ मांगें भी हैं, जो निम्नानुसार हैं :-

1. आज दिनांक तक उज्जैन में सिंहस्थ भूमि पर जो रहवासी बस गये हैं, उन्हें आवासीय प्रयोजन का लाभ मिले एवं उक्त भूमि को सिंहस्थ भूमि से फ्री की जावे। इस क्षेत्र में लगभग एक लाख की आबादी बस चुकी है। यह मेरे चुनावी घोषणा में शामिल है।
2. सिंहस्थ क्षेत्र की 3 रोडों के चौड़ीकरण पर पुनः विचार किया जाए।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि किसान हित में निर्णय लेकर किसानों का सम्मान करेंगे।

प्रतिलिपि- 1. माननीय श्री हेमंत खण्डेलवाल जी अध्यक्ष भाजपा म.प्र.
2. माननीय श्री हितानन्द शर्मा जी, प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा म.प्र.

(अनिल जैन कालूहेड़ा)

#### मुखालफत नहीं सही निर्णय की मांग

विधायक कालूखेड़ा ने मीडिया को दिए अपने बयान में स्पष्ट किया कि यह उनके सरकार के खिलाफ होने का विषय नहीं है, बल्कि सरकार से किसानों के पक्ष में सही निर्णय लेने की मांग है। उन्होंने कहा कि यदि लैंड पुलिंग वापस लेने का निर्णय हो चुका है, तो किसान संघ आंदोलन क्यों कर रहा है, यह सवाल स्वयं खड़ा होता है। जब तक किसानों की शंकाओं का समाधान नहीं होता, तब तक उनका साथ देना उनकी अंतरात्मा की आवाज है।

### किसान जमे एमपीआरडीसी कार्यालय के समक्ष, घंटों धरना



उज्जैन-जावरा प्रस्तावित एक्ससे कंट्रोल के विरोध में सोमवार को प्रभावित हो रहे किसानों ने एक बार फिर से मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम कार्यालय पर धरना किया है। पूर्वान्ह से देर शाम तक यह धरना चलता रहा। समाचार लिखे जाने तक करीब 300 से अधिक किसान धरना पर बैठे थे, अधिकारी उन्हें संतुष्टिकारक जवाब नहीं दे पा रहे थे। किसान संतुष्टिकारक जवाब मांग रहे थे। उज्जैन-जावरा एक्ससे कंट्रोल रोड के निर्माण के लिए उज्जैन जिले के उज्जैन, घट्टिया, नागदा, खाचरौद तहसील एवं रतलाम जिले के जावरा तहसील के करीब 2500 किसानों की कुल करीब 2700 बीघा जमीन अधिग्रहण की जा रही है। इसमें धारा 21 के तहत कार्रवाई हो चुकी है। 98 किलोमीटर का यह मार्ग निर्माण किया जाना है। दोनों जिलों की 5 तहसीलों के कुल 62 गांव इससे प्रभावित हो रहे हैं। आंदोलनकारी किसान नेता राहुल सिंह राजपूत के अनुसार इस एक्ससे कंट्रोल मार्ग का निर्माण जिस किसान की जमीन पर किया जा रहा है उसे कोई लाभ ही नहीं है। हमारी मांग है कि एक्सेस कंट्रोल की बजाय नार्मल हाईवे बनाया जाए जिसका लाभ क्षेत्रीय किसानों को भी हो। इसके साथ ही जमीन अधिग्रहण पर बाजार मुल्य से मुआवजा दिया जाए। धरने के लिए पूर्व से ही किसानों ने घोषणा कर रखी थी जिस पर अमल करते हुए पांचों तहसील के किसान यहां पहुंचे और दोपहर पूर्व से ही कार्यालय के समक्ष जमकर धरना दिया। किसान नेताओं का आरोप था कि इस बीच अधिकारियों ने जो भी चर्चा की मात्र दिलासा देने की रही।

#### कुल 62 गांव की 2700 बीघा जमीन

किसान नेता राहुलसिंह के अनुसार एक्सेस कंट्रोल मार्ग के लिए उज्जैन जिले की 4 तहसीलों के करीब 45 से अधिक गांव की जमीन अधिगृहण की जा रही है। रतलाम जिले की जावरा तहसील के करीब 17 गांव की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। कुल 2700 बीघा जमीन में से 2200 बीघा जमीन उज्जैन जिले की चार तहसीलों के अंतर्गत आ रहे गांवों की इसमें है। शेष जमीन जावरा तहसील के गांवों की है।

---

एलिवेटेड ब्रिज की मंजूरी पर सज्जन सिंह वर्मा का बीजेपी पर तीखा हमला

## मूर्खों की जमात को अब समझ में आया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में एलिवेटेड ब्रिज को साढ़े छह साल बाद बीजेपी सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने पर सियासत गरमा गई है। पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री और कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने इस फैसले को लेकर विवादित बयान दिया है। वर्मा ने दिल्ली में मध्यप्रदेश भवन के सामने खड़े होकर एक वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने एलिवेटेड ब्रिज परियोजना को पहले लटकाने और अब वर्षों बाद मंजूरी देने पर सवाल उठाए।



सज्जन वर्मा ने कहा कि मूर्खों की जमात को अब छह साल बाद समझ में आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने इस प्रोजेक्ट को केवल इसलिए कैंसिल कर दिया था क्योंकि इसका श्रेय कांग्रेस सरकार को जाता। अब साढ़े छह साल बाद उसी योजना को फिर से मंजूरी दे दी गई है।

#### राशि तक आवंटित कर दी गई थी

- वर्मा ने दावा किया कि एलिवेटेड ब्रिज की योजना उन्होंने अपने कार्यकाल में तैयार करवाई थी, टेंडर प्रक्रिया पूरी कर दी गई थी और इसके लिए राशि भी आवंटित कर दी गई थी, लेकिन कांग्रेस को श्रेय न मिले, इस कारण इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लटका दिया गया।
- बीआरटीएस को लेकर भी उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। वर्मा ने कहा कि बीजेपी ने हजारों करोड़ रुपए बीआरटीएस में भ्रष्टाचार के जरिए खर्च किए और अब उसे तोड़ने में भी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आखिरकार सरकार को कांग्रेस की बनाई योजना पर ही लौटना पड़ा।

### पीएम मोदी 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंच गए हैं। जॉर्डन के पीएम जाफर हसन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मोदी का यह दौरा किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर हो रहा है। पीएम मोदी उनसे द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है। वे 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2018 में एक ट्रांजिट विजिट के दौरान जॉर्डन में रुके थे।

### ऑस्ट्रेलिया का हीरो अहमद- आतंकी साजिद से निहत्था भिड़ा

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को बॉन्डी बीच पर जश्न मना रहे लोगों पर दो आतंकियों ने हमला किया। इस दौरान 44 साल के अहमद अल-अहमद ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जान बचाई।

अहमद अंधाधुंध फायरिंग कर रहे आतंकी साजिद अकरम से निहत्थे भिड़ गए। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए पीछे से आतंकी पर झपट्टा मारा और उससे बंदूक छीन ली, जिससे कई लोगों को सुरक्षित निकलने का मौका मिल गया।

लोग उन्हें ऑस्ट्रेलिया का नया हीरो कह रहे हैं। अहमद जब आतंकी साजिद से मुठभेड़ करने जा रहे थे, तब उनके भाई ने उन्हें रोका था। तब अहमद ने कहा था, 'अगर मुझे कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि मैं लोगों की जान बचाते हुए गया।'

**अहमद हनुक्का उत्सव में शामिल होने आए थे-** अहमद अल अहमद बॉन्डी बीच पर अपने चचेरे भाई जोजाय अलकंज के साथ हनुक्का उत्सव में शामिल होने आए थे। दोनों कॉफी पीने बाहर निकले थे। कुछ ही मिनटों बाद ताबड़तोड़ गोलीबारी की आवाजें सुनाई दी।

---

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रैली में

## ‘मोदी तेरी कब्र खुदेगी’ का नारा

### भाजपा बोली- मुगलों की राह पर कांग्रेस, जल्द दफन होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' के नारों की वजह से कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली विवादों में आ गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली में जाते समय 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' के नारे लगाए। यह रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई।

बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, एक बार फिर कांग्रेस का चरित्र सामने आ गया है। वे मोदी जी की मौत की कामना कर रहे हैं। उनकी मुस्लिम लीग और माओवादी सोच



सबके सामने आ गई। मोदी की कब्र खोदने की बात करने वाली पार्टी खुद दफन हो जाएगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का भी वही हाल होगा जो औरंगजेब के समय मुगलों का हुआ था।

### हाथ-पैर बांधकर रिकवरी एजेंट को कार समेत जिंदा जलाया

एजेंसी ▶▶ लातूर

महाराष्ट्र के लातूर जिले से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां औसा तालुका के वानवडा रोड पर एक जली हुई कार के भीतर से बोरे में बंद एक शख्स की लाश बरामद हुई है। मृतक की पहचान आईसीआईसीआई बैंक के रिकवरी एजेंट के तौर पर हुई है। पुलिस को आशंका है कि अपराधियों ने व्यक्ति को पहले बोरे में बांधा और फिर उसे कार के अंदर ही जिंदा जला दिया।

### एक ही परिवार के 4 लोगों के शव फंदे से लटके मिले

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्रौलिया गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के गोपी कार बाजार के समीप एक घर से एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव एक साथ मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

मृतकों में पिता और उसकी 3 नाबालिग बेटियां शामिल हैं। सभी के शव घर के भीतर फंदे से लटके पाए गए। मृतक की पहचान अमरनाथ राम (36 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, उनकी बेटियां अनुराधा कुमारी (12 वर्ष), शिवानी कुमारी



(11 वर्ष) और राधिका कुमारी (8 वर्ष) भी इस दर्दनाक घटना का शिकार हुई हैं। घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, अमरनाथ राम लंबे समय से कर्ज और आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी दबाव में आकर उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया।

---

## खाद की कालाबाजारी में सात महीने में 91 एफआईआर दर्ज

### देश में तीसरे नंबर पर एमपी, 204 के लाइसेंस सस्पेंड, राजस्थान 103 एफआईआर के साथ दूसरे स्थान पर रहा, यूपी में सबसे ज्यादा केस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और डायवर्जन यानी गलत जगह सप्लाई के खिलाफ की गई कार्रवाई में मध्य प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल से 28 नवंबर 2025 के बीच मध्य प्रदेश में कुल 91 एफआईआर दर्ज की गईं, जबकि 204 खाद विक्रेताओं और संस्थानों के लाइसेंस निलंबित या रद्द किए गए।

देशभर के आंकड़ों पर नजर डालें तो उत्तर प्रदेश में खाद की



कालाबाजारी, खराब क्वालिटी, गलत जगहों पर सप्लाई जैसे मामलों को लेकर 197 एफआईआर दर्ज की गईं, जो देश में सबसे ज्यादा हैं। राजस्थान 103 एफआईआर के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, 91 एफआईआर दर्ज कर मध्य प्रदेश तीसरे नंबर पर है।

**एमपी में किस तरह की कार्रवाई हुई-** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मध्य प्रदेश में अप्रैल से 28 नवंबर 2025 के बीच 5,581 निरीक्षण और छापे की कार्रवाइयां की गई। इस दौरान एमपी में 204 लाइसेंस सस्पेंड और रद्द किए गए। कालाबाजारी के साथ-साथ खाद के डायवर्जन (गलत जगह सप्लाई) और घटिया गुणवत्ता के मामलों में भी कार्रवाई हुई।
**खाद के मामले में राज्यों की स्थिति-** कालाबाजारी में हर मोर्चे पर उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे। जमाखोरी में नोटिस कर्नाटक, लाइसेंस कार्रवाई उत्तर प्रदेश और एफआईआर राजस्थान में सबसे ज्यादा। घटिया गुणवत्ता में महाराष्ट्र सबसे बड़ा एक्शन स्टेट। गलत सप्लाई/विपथन में नोटिस ओडिशा, लाइसेंस कार्रवाई मध्य प्रदेश और एफआईआर राजस्थान में सबसे ज्यादा। कुल एफआईआर के आधार पर उत्तर प्रदेश पहले, राजस्थान दूसरे और मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर।

#### कालाबाजारी में यूपी देश में अव्वल

**उत्तर प्रदेश:** खाद की कालाबाजारी में यूपी देश में सबसे आगे है। यूपी में खाद की ब्लैक मार्केटिंग के मामले में 2043 नोटिस जारी किए गए। यूपी में 2742 लाइसेंस रद्द या सस्पेंड किए गए। कालाबाजारी के मामले में देश में सबसे ज्यादा 165 एफआईआर भी यूपी में ही दर्ज की गईं। खाद की कालाबाजारी के मामलों में एफआईआर दर्ज करने वाले राज्यों में यूपी देश में पहले नंबर पर है। उत्तर प्रदेश में खाद की ब्लैक मार्केटिंग के मामले में 165 एफआईआर दर्ज की गई हैं। दूसरे नंबर पर बिहार में 77 और तीसरे नंबर पर एमपी में 72 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

#### जमाखोरी की एक भी एफआईआर नहीं

- खाद की जमाखोरी के मामलों में सबसे ज्यादा 30 एफआईआर राजस्थान में दर्ज की गई हैं। दूसरे नंबर पर यूपी में आठ, तीसरे नंबर पर हरियाणा में चार एफआईआर दर्ज की गई हैं। एमपी में खाद की जमाखोरी के मामले में एक भी केस दर्ज नहीं हुआ है।
- खाद की घटिया क्वालिटी के मामलों में सबसे ज्यादा नोटिस जारी करने वाले राज्यों में महाराष्ट्र पहले नंबर पर और एमपी तीसरे नंबर पर है। महाराष्ट्र ने खाद की खराब गुणवत्ता के मामलों में 1139 नोटिस जारी किए हैं। दूसरे नंबर पर ओडिशा ने 107 और तीसरे नंबर पर एमपी में 44 नोटिस जारी किए गए हैं।
- खाद की गलत जगह सप्लाई करने के मामले में एमपी देश में पहले नंबर पर है। ऐसे मामलों में एमपी में 631 नोटिस जारी किए गए और 160 खाद विक्रेताओं के लाइसेंस सस्पेंड या रद्द करने की कार्रवाई हुई। एमपी में इस प्रकार के मामलों में 15 एफआईआर दर्ज की गईं।

## सोमवार का महाकाल श्रृंगार



## फिर बिगडे बोल, संस्कार पर सवाल

एक बार फिर से पुरानी आदत के अनुसार एक माननीय के बोल बिगड गए। बोलते-बोलते वे क्या बोल गए , उन्हें खुद ही इसका अंदाजा बाद में हुआ शायद पूर्व की तरह से। इससे पहले वे शक्ति स्वरूपा एवं राष्ट्र माता की सेवा में जान की बाजी लगाने वाली बेटी को लेकर बोल गए थे। पूरे देश में उनके संस्कारों पर सवाल खडा हो गया था। जमकर लानत मलानत हुई थी। इस बार जिस नाम से तीखी और बढिया वाली सेंव दर्जा पाती है, उस जिले में लाडलियों को लेकर बोल गएङ्घऔर बोल भी ऐसे बोल गए कि संस्कार की दुहाई देते थकने वालों पर ही सवाल खडा हो गया। आए थे अपने मुखिया के विकास गिनाने और योजना के लाभ को लेकर और बखेडा खडा कर गए । पूर्व में तो एक शक्ति स्वरूपा को लेकर बोले गए ही बिगडे बोल थे अबकी बार तो लाखों का मामला है। पूर्व के मामले में ही वे अब तक साफ नहीं हुए है और नया बखेडा खडा कर दिया है।खास तो ये है कि उनके बोल जमकर सेंव के नाम वाले जिले में वायरल हो रहे हैं और बहनों में जमकर नाराजगी भी सामने आ रही है। ये नाराजगी तो ठीक जिले के जनप्रतिनिधियों को भी इनके बोल भारी पडने की स्थिति बनती दिख रही है। ऐसा नहीं है कि इनके ये ही दो मामले हों । इनके कारण पूर्व में भी प्रदेश में संस्कार परिवार संकट में रहा है पर सवाल ये उठ रहा है कि इन्हें ढोने में परिवार को ऐसा कौन सा मजा मिल रहा है जिसके कारण इनसे पीछा छुडाने में परेशानी उठानी पड रही है। ये मामला अभी वायरल हो ही रहा था कि एक और माननीय ने अपने बोल खोल दिए और वे कागज देखकर पढने के दौरान भी 1923 में उन्हें माननीय बनाने की बात कह गए। सामने बैठी जनता भी सोचने पर मजबूर हो गई की देश की आजादी के पूर्व ही इन्होंने माननीय का दर्जा हासिल कर लिया था। उनकी योग्यता पर सामने बैठी जनता भी विचार करने की स्थिति में थी। खुसूर-फुसूर है कि संस्कार परिवार पर राहु केतु का साया गहराता जा रहा है। गुरू का सितारा अस्त होता जा रहा है। इससे पहले की शनि की काली छाया पड जाए ग्रह शांति के जनवरी में होने वाले यज्ञ को दिसंबर अंत में ही अंजाम दे दिया जाना उचित होगा और तब्दीली भी।




## जीएसटी वार्षिक रिटर्न पर सेमिनार में बताया शासन के किए सुधारों को

**उज्जैन।** जीएसटी अंतर्गत वर्ष 2024-25 के वार्षिक रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर 2025 है। इसके लिए टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन उज्जैन की ओर से सेमिनार का आयोजन भरतपुरी स्थित संस्था के कार्यालय जलघर भवन में किया गया। का प्रारंभ सरस्वती पूजन कर किया गया तथा सदस्यों की समस्याओं का समाधान किया। जीएसटी के अंतर्गत प्रस्तुत किए जाने वाले वार्षिक रिटर्न जीएसटी आर 9 एवं 9 सी पूरे वर्ष में हुई भूल को सुधारने का अंतिम अवसर होता है। जीएसटी के अंतर्गत होने वाली सभी विभागीय कार्यवाही के लिए भी यही रिटर्न आधार होता है।

संपत्तिकर पंजी गायब कर कुटरचना कर दी, मिथ्या प्रविष्टिया की गई

# बेशकीमती शासकीय जमीन हडपने वाली पूर्व सरपंच,सचिवों सहित 7 पर प्रकरण दर्ज

पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन

ईओडब्ल्यू द्वारा रतलाम जिले की ग्राम पंचायत रियावन के पूर्व सरपंच एवं सचिवों सहित अन्य के विरूद्ध ग्राम पंचायत के रिकार्ड में हेरफेर कर, ग्राम आबादी की बेशकीमती शासकीय भूमि हड़पने की शिकायत का सत्यापन हुआ है। मामले में ईओडब्ल्यू भोपाल ने विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 की धारा 7 (ग) एवं 12 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

ग्राम पंचायत रियावन स्थित शासकीय आबादी भूमि के रिकार्ड को पंचायत कार्यालय से नष्ट/गायब करने, कूटरचित रिकार्ड तैयार करने, शासकीय भूमि को फर्जी तरीके से कय-विक्रय कर स्वयं व परिजनों को सदोष लाभ पहुंचाया गया। म०प्र० शासन को सआशय सदोष हानि पहुंचाने के आरोप प्रमाणित पाए गए। इस पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्यालय भोपाल द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### इन पर हुआ प्रकरण दर्ज

ईओडब्ल्यू ईकाई उज्जैन एसपी समर वर्मा के अनुसार आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्यालय भोपाल में पंजीबद्ध शिकायत कमांक 164/25 के सत्यापन पर ग्राम पंचायत रियावन तहसील पिपलौदा जिला रतलाम के तत्कालीन सरपंच सूरजबाई धाकड, तत्कालीन सचिव घनश्याम सूर्यवंशी एवं अशोक सेन एवं तत्कालीन सरपंच सूरजबाई धाकड के रिश्तेदारों चमनलाल धाकड, राजेश धाकड, टीना धाकड एवं उमा धाकड पर प्रकरण दर्ज किया गया है।



### मालिक बने और जमीन आपस में बेची

पूर्व सरपंच सूरजबाई धाकड के रिश्तेदारों चमनलाल धाकड, राजेश धाकड एवं पत्नी टीना धाकड द्वारा उक्त 2700 वर्गफीट शासकीय भूमि पर अपना स्वामित्व दशार्ते गया। आपस में जमीन का क्रय-विकय करते हुए चमनलाल धाकड (दामाद) ने ई-रजिस्ट्री दिनांक 03-12-2019 के माध्यम से राजेश धाकड (पुत्र के साले) को, राजेश धाकड (पुत्र के साले) द्वारा ई रजिस्ट्री दिनांक 03-12-2019 के माध्यम से चमनलाल धाकड (दामाद) को एवं श्रीमती टीना धाकड (साले की पत्नी) द्वारा ई-रजिस्ट्री दिनांक 13-01-2020 के माध्यम से उमा धाकड (पुत्रवधु) को विक्रय कर दी गई। उक्त शासकीय भूमि को म०प्र० शासन की भू-स्वामित्व योजना के तहत राजस्व रिकार्ड में भूखण्ड कमांक 752, 753, 754 के रूप में अपने नाम पर दर्ज करवाकर शासकीय भूमि को हडप कर शासन के साथ धोखाधडी की गई।

### ईओडब्ल्यू उज्जैन ने किया सत्यापन

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई उज्जैन द्वारा शिकायत में लगाए गए उपरोक्तानुसार आरोप सत्यापन के दौरान सही पाए गए। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्यालय भोपाल में आरोपियों के विरूद्ध आपराधिक षडयंत्र, धोखाधडी, कूटरचना, पद का दुरूपयोग एवं दुष्प्रेरण का अपराध प्रथमदृष्टया प्रमाणित पाया गया।

### ऐसे अंजाम दिया गया

रतलाम जिले के ग्राम रियावन में बसस्टेण्ड के समीप ग्राम आबादी की सर्वे क्रमांक 1411 की बेशकीमती शासकीय खुली भूमि को हडपने के उददेश्य से तत्कालीन सरपंच सूरजबाई धाकड ने तत्कालीन सचिव घनश्याम सूर्यवंशी एवं अशोक सेन के साथ मिलकर ग्राम पंचायत रियावन के शासकीय अभिलेख-संपत्ति कर पंजी 2011-2012 को गायब /नष्ट किया गया। उसके स्थान पर कूटरचित संपत्ति कर पंजी वर्ष 2011-12 बनाई गई। संपत्ति कर पंजी के अनुक्रमाक 377 को बटाकिंत कर अतिरिक्त अनुक्रमांक 377/1, 377/2 एवं 377/3 की मिथ्या प्रविष्टिया की गई। इन मिथ्या प्रविष्टियों के आधार पर सूरजबाई धाकड के रिश्तेदारों के नाम पर तीन फर्जी भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र दामाद-चमनलाल धाकड को दिनांक 29.10.2019, पुत्र के साले-राजेश धाकड को 29.10.2019 एवं पुत्र के साले की पत्नी टीना धाकड को 18.12.2019 का जारी किए गए। शासन के साथ छल करने के उददेश्य से इन प्रमाण पत्रों का असली की तरह उपयोग किया गया। ग्राम पंचायत रियावन के सर्वे क्रमांक 1411 पर स्थित ग्राम आबादी की शासकीय खुली भूमि लगभग 3000 वर्गफीट भूमि को 900-900 वर्गफीट के तीन हिस्सों में विभाजित कर दिया गया।

# सर्दी में इन दिनों ड्राई फ्रूट, खसखस, गराडू की बिक्री बढ़ी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सर्दी का जोरदार सितम शुरू हो गया है। शरीर को गर्म रखने के लिए ड्राई फ्रूट, खसखस, गराडू, काजू, बादाम का सेवन शुरू हो चुका है। बाजार के शहरी बाजार ढाबा रोड, कमरी मार्ग की ड्राई फ्रूट की दुकानों पर खरीदारों ने सूखे मेवों की खरीदी शुरू कर दी है।


व्यापारियों के अनुसार इस वर्ष मामूली महंगाई करीब 10% की ड्राई फ्रूट में हुई है। कमरी मार्ग के ड्राई फ्रूट विक्रेता ने बताया खोपरा गोला 380 रुपए, खारक 200, काजू 900, बादाम 880 रुपए, पिस्ता 2400, अंजीर 1000 और खसखस 1800 रुपए प्रति किलो के भाव से बेची जा रही है। व्यापारियों के अनुसार ठंड का दौर शुरू हुआ तो गर्माहट के लिए ड्राई फ्रूट की खरीदी चल रही है। जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगी खरीदी बढ़ती जाएगी। उड़द के लड्डू, मगज के लड्डू, करंट के लड्डू भी बाजार में उपलब्ध हैं।यह घुटनों के दर्द, जोड़ों के दर्द के लिए लाभदायक माने जाते हैं। इस प्रकार के लड्डू सराफा क्षेत्र में बिकते हैं। गराडू 30 से 40, गाजर 40 से 50 रुपए किलो बिक रही है। इस पर भी खरीदी अच्छी चल रही है। जानकारों के अनुसार ठंड में ड्राई फ्रूट का हलवा, सूखे मेवे खाना लाभदायक होता है। यह शरीर को गर्माहट ऊर्जा और जरूरी पोषक तत्व प्रदान करते हैं। इम्युनिटी भी बढ़ाते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए विटामिन, खनिज और वसा से यह भरपूर होते हैं।

### हरी सब्जियों की भरमार: बटला, मैथी, गोभी, धनिया हो गए सस्ते हो गए

सर्दी के दिनों में हरी सब्जियों की भरमार होने से अधिकांश सब्जी सस्ते भाव पर बिकने लगी है। सबसे ज्यादा हरा बटला सस्ता हो गया है। सब्जी मंडियों में इन दिनों टमाटर महंगा बिक रहा है। इन दिनों आम और खास वर्ग को मनचाही हरी सब्जी अपने भाव पर मिल रही है।

करीब दो माह तक बाजार में सब्जियां सस्ती ही बिकती रहेगी। उज्जैन में चिमनगंज की थोक सब्जी मंडी सुबह 5 बजे से शुरू हो जाती है। यहां पर उज्जैन लोकल के अलावा बड़वानी, पेटलावद, झाबुआ तरफ से पिकअप वाहन में सब्जी बिकने आती है। इसके अलावा फ्रीगंज क्षेत्र में मक्सी रोड दौलतगंज में भी थोक में सब्जी नीलामी में बिकती है। उज्जैन मंडी में नियम अनुसार मंडी टैक्स भी वसूला जाता है। सर्दियों की खास सब्जी हरी मटर यह प्रोटीन फाइबर विटामिन सी से भरपूर है। पालक आयरन कैल्शियम, मैथी की भाजी में आयरन, मैग्नीशियम, बाथला विटामिन ए और सी से भरपूर होता है। यह कब्ज में राहत भी देता है।

## नए साल की शुरूआत तक महाकाल मंदिर में और उमड़ेगी भीड़



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में दिसंबर के पहले सप्ताहांत में एक लाख से अधिक भक्तों ने भगवान महाकाल को शीश नवाया। दर्शनार्थियों की मौजूदगी से मंदिर परिक्षेत्र में रौनक छाई रही। भारी भीड़ के कारण दर्शनार्थियों को आवागमन में मुश्किलों का समाना करना पड़ा। होटल व्यवसायियों के अनुसार वर्षांत के लिए श्रद्धालुओं का उज्जैन पहुंचना शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में भक्तों की संख्या और बढ़ेगी। उज्जैन धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन गया है।

साल भर देशभर से लाखों श्रद्धालु यहां महाकाल, कालभैरव सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन करने आते हैं। अवकाश के दिनों तथा वर्षांत में दर्शनार्थियों की संख्या आम दिनों से दो गुना हो जाती है। रविवार को महाकाल दर्शन करने पहुंचे भक्तों ने इस बात को प्रमाणित कर दिया है।

## दरगाह पर हनुमान चालीसा का पाठ, शिष्यों के साथ पहुंचे थे संत

### कमेटी बोली- चादर चढ़ाने और कव्वाली की अनुमति दी थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में शिप्रा नदी किनारे स्थित मौलाना मौज दरगाह परिसर में हनुमान चालीसा पाठ करने का मामला सामने आया है। इसमें एक संत अपने शिष्यों के साथ दरगाह परिसर में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आ रहे हैं।

वीडियो सामने आने के बाद मौलाना मौज दरगाह कमेटी ने इस पर आपत्ति जताई है। कमेटी का कहना है कि उनसे कव्वाली और चादर चढ़ाने की अनुमति ली गई थी, लेकिन हनुमान चालीसा पाठ की जानकारी नहीं दी गई थी। हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची।

**संत ने मांगी थी चादर चढ़ाने की अनुमतिः** दरगाह कमेटी के मुताबिक, तीन दिन पहले हनुमान अष्टमी पर ह्लबाबा बम-बम भोलेह्व नाम के एक संत ने दरगाह पर चादर चढ़ाने की अनुमति मांगी थी। साथ ही कव्वाली कराने की बात भी कही गई थी। धार्मिक स्थल पर सभी समुदायों के लोगों के आने को देखते हुए कमेटी ने चादर चढ़ाने की अनुमति दे दी।

दरगाह कमेटी ने बताया कि अनुमति मिलने के बाद संत दरगाह के अंदर चादर चढ़ाने गए और इसके बाद कमेटी के सदस्य वहां से चले गए। इसके बाद परिसर में क्या गतिविधि हुई, इसकी जानकारी उन्हें नहीं थी।

## अवंतिका धर्मराज संस्थान की वार्षिक बैठक में प्रस्ताव पारित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अवंतिका धर्मराज संस्थान की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का दायित्व आदरणीय श्री दीपेश सिंह चौहान जी (अन्तर्राष्ट्रीय उद्योगपति) को भोपाल स्थित संस्था के कार्यालय में प्रदान किया गया।

संस्थापक डॉ. सुगंध श्रीवास्तव द्वारा जानकारी दी गई कि माननीय अध्यक्ष महोदय ने इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह शपथ ली कि सनातन हिंदू एकता अखंडता व समरसता के लिए हर संभव प्रयास कर शिक्षा स्वास्थ्य व रोजगार के क्षेत्र में समाज जनों के लिए संस्था के माध्यम से नए आयाम स्थापित किए जाएँगे।

संस्था के द्वारा उज्जैन में बनाए जा रहे ग्रामीण खेल मैदान के कार्यों को गति मिलेगी जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की खेल प्रतिभाओं व आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा इस अवसर पर उपाध्यक्ष नितिन श्रीवास्तव (क्रिकेट कोच), परीक्षित खरे, अभियंक चौधरी, डॉ अमित सोनी , पं राकेश पाठक, अनुपम श्रीवास्तव, गिरिराज सेन, प्रतीक निर्मल ने उपस्थित होकर शुभकामनाएँ प्रदान की।

# आज सूर्यदेव वृश्चिक राशि से निकलकर धनु राशि में करेंगे प्रवेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

16 दिसंबर की सुबह 4 बजकर 19 मिनट पर सूर्यदेव वृश्चिक राशि से निकलकर धनु राशि में प्रवेश कर जाएंगे और अगले वर्ष यानि की 14 जनवरी 2026 की दोपहर बाद 3 बजकर 6 मिनट तक धनु राशि में ही गोचर करते रहेंगे, उसके बाद मकर राशि में प्रवेश कर जायेंगे। जब सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे तो उस दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी जो कि 14 जनवरी 2026 को होगी। बता दें जब सूर्यदेव किसी राशि में प्रवेश करते हैं, तो उस दिन सूर्यदेव की संक्रांति होती है। सूर्य की संक्रांति में पुण्यकाल का बहुत महत्व होता है।

### धनु संक्रांति 2025 पुण्य काल

धनु संक्रांति का पुण्यकाल 16 दिसंबर की सुबह 10 बजकर 43 मिनट तक रहेगा। इस दौरान गोदावरी नदी में स्नान और वस्त्र दान का सबसे अधिक महत्व है। लेकिन अगर आप गोदावरी नदी में स्नान करने न जा पायें, तो कोई बात नहीं। आप घर पर ही अपने नहाने के पानी में थोड़ा-सा गंगाजल मिलाकर गोदावरी नदी का आह्वान करते हुए स्नान कीजिये। इससे भी आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी। इसके अलावा आपको बता दें कि सूर्यदेव जब भी किसी राशि में प्रवेश करते हैं, तो अन्य राशि वाले लोगों पर भी उसका प्रभाव पड़ता है। चूंकि सूर्यदेव 14 जनवरी 2026 की दोपहर बाद 3 बजकर 6 मिनट तक धनु राशि में रहेंगे।



### 16 दिसंबर से खरमास हो जाएगा शुरू

सूर्यदेव के धनु राशि में प्रवेश करने के साथ ही धनु खरमास भी आरंभ हो जायेगा। दरअसल जब सूर्यदेव धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं और जब तक वहां पर स्थित रहते हैं, उस अवधि को खरमास का नाम दिया गया है। इस हिसाब से साल में दो बार खरमास आता है। खरमास के दौरान कोई भी शुभ कार्य जैसे विवाह, गृहप्रवेश, मुंडन संस्कार आदि वर्जित होते हैं, जबकि इस दौरान सूर्य देव की उपासना करना बड़ा ही फलदायी माना गया है।

# लोक निर्माण विभाग में बजट का दुरुपयोग रोकने के लिए रोड असेट मैनेजमेंट सिस्टम लागू

## नेटवर्क सर्वे व्हीकल्स की मदद से सड़कों का डाटा जुटाया जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अब पूरे प्रदेश की सड़कों के साथ ही उज्जैन जिले में भी नेटवर्क सर्वे व्हीकल्स की मदद से सड़कों का डाटा जुटाया जाएगा। दरअसल मोहन यादव सरकार लोक निर्माण विभाग में बजट का दुरूपयोग रोकने के लिए रोड असेट मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने जा रही है।

नेटवर्क सर्वे व्हीकल्स की मदद से प्रदेश की सड़कों का डाटा जुटाया जाएगा और इसके बाद डाटा का एनालिसिस कर सभी सड़कों का डिजिटल हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने यह कदम बार-बार खराब होने वाली सड़कों से छुटकारा पाने के लिए उठाया है। जानकारी के अनुसार, मप्र लोक निर्माण विभाग में बजट का दुरुपयोग रोकने के लिए रोड असेट मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया है। इसके तहत पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित प्रदेश की 40 हजार किमी सड़कों का डिजिटल हेल्थ कार्ड तैयार किया जाएगा। प्रोजेक्ट लागू करने में करीब 20-25 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। विभाग के अधिकारी इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि, आगामी समय में इसका कई गुना फायदा मिलेगा। क्योंकि, अभी तक सडकों के प्रबंधन के लिए सालाना करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। रोड असेट मैनेजमेंट सिस्टम लागू होने के बाद व्यवस्थित रूप से पैसा खर्च किया जा सकेगा। रोड एसेट मैनेजमेंट सिस्टम एक डिजिटल और वैज्ञानिक तरीका है। इसके जरिए सडक से संबंधित सभी संपत्तियों का प्रबंधन, रखरखाव और सुधार समय पर, कम लागत से किया जाता है। इससे सडकों की मरम्मत में खर्च होने वाले बजट के सदुपयोग के लिए रोड एसेट मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है।



सडकों का हेल्थ रिकॉर्ड तैयार करने की शुरूआत प्रदेश के हाईवे, जिलों की मुख्य सड़कों से होगी। पहले चरण में करीबन 10 हजार किलोमीटर सडकों का डेटा तैयार किया जाएगा। इसके बाद जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से जुडे वाली सडकों का एनालिसिस किया जाएगा। सडकों का हेल्थ कार्ड तैयार कराने में करीब 25 करोड़ की राशि खर्च होगी, लेकिन विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इससे सडकों के बार-बार खराब होने और गुणवत्ता को लेकर आने वाली समस्याओं पर लगाम लगेगी। सडकों का सर्वे कर डिजिटल हेल्थ कार्ड तैयार किया जाएगा, जिससे सड़कें दुरुस्त रहेंगी और सडक हादसों में भी कमी आएगी। इससे बजट का सही दिशा में इस्तेमाल किया जा सकेगा। सडकों का लंबे समय तक बेहतर स्थिति में रहना संभव हो सकेगा। साथ ही सडक दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। इसके अलावा योजनाबद्ध और तेजी से मरम्मत कार्य पूरा कराया जा सकेगा। साथ ही, पारदर्शिता बनेगी, जिससे जवाबदेही का निर्धारण किया जा सकेगा। विशेष मशीन के जरिए सालाना सड़क का हेल्थ कार्ड तैयार करवाया जाएगा। सडक की लंबाई, चौड़ाई, स्थिति, ट्रैफिक लोड, पुल, कल्वर्ट, साइन बोर्ड और सिग्नल सहित रोड की मौजूदा स्थिति आदि जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसका हर साल सर्वे किया जाएगा। इसे पीडब्ल्यूडी द्वारा स्टेट हाईवे, मुय जिला मार्ग और अन्य जिला मार्ग सहित सभी जगह लागू कर रहा है। हेल्थ कार्ड बनाने का काम दो चरणों में होगा। पहले में अन्य जिला मार्ग, मुख्य जिला मार्ग और स्टेट हाईवे को रखा है। लगभग 10 हजार किमी ग्रामीण सड़कें अगले चरण में कवर होंगी।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार



## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह के अंतर्गत एम्ब्रायड्री एवं ब्लाक प्रिंट स्पर्धा



**उज्जैन।** राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह 2025 (8 दिसंबर से 14 दिसंबर 2025) के उपलक्ष्य में हाथकरघा एवं हस्तशिल्प संचालनालय भोपाल से आए पत्र के परिपालनार्थ एवं प्रेरणा से ज़िला हाथकरघा कार्यालय उज्जैन द्वारा एंब्रायडरी एवं ब्लॉक प्रिंट स्पर्धा आयोजित की गई। स्पर्धा का उद्देश्य हमारे हस्तशिल्प को संरक्षित करना, बढ़ावा देना एवं महिलाओं को प्रोत्साहन देना था।ये स्पधाएँ उज्जैन में कार्यरत एन जी ओ स्वस्तिक हैंडीक्राफ्ट वूमन वेलफेयर एसोसिएशन समिति में आयोजित की गई। स्पधाओं में 25 महिलाओं ने भाग लिया। सभी महिलाओं ने उत्कृष्ट एंब्रायडरी एवं विविध डिजाइंस प्रस्तुत किए। सभी के डिजाइंस की थीम मध्य प्रदेश के वन्य प्राणी एवं मध्य प्रदेश के किले अर्थात महिलाओं ने मध्य प्रदेश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को एंब्रायडरी में उतारा है। इन महिलाओं की इस कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए एंब्रायडरी स्पर्धा में 4 एवं ब्लॉक प्रिंट में 2 महिलाओं को प्रशंसा पत्र वितरित किए गए।

### कलेक्टर क्लस्टर अनुश्रवण शिविर में हुए सम्मिलित

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट ने बड़नगर ब्लॉक का निरीक्षण किया। बड़नगर दौरे के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने सर्वप्रथम सिविल हॉस्पिटल कजलाना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने हॉस्पिटल के अप्रोच रोड़ निर्माण के कार्य का निरीक्षण कर कार्य गुणवत्ता पूर्वक और निर्धारित मापदंड अनुसार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पंचायत सरसाना द्वारा चंबल नदी पर नवीन घाट निर्माण के कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर श्री सिंह ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़नगर का निरीक्षण कर वहां उपस्थित छात्रों से संवाद कर उन्हें देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्री कूमट जनपद पंचायत बड़नगर के अमला क्लस्टर में ग्राम पंचायत अमला के पंचायत भवन में आयोजित क्लस्टर अनुश्रवण शिविर में सम्मिलित होकर ,ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया ।

# भाजपा विधायक के बेटे और 551 जोड़ों का एक ही पंडाल में हुआ विवाह

- भाजपा के आगर विधायक मधु गहलोत के बेटे का सामूहिक विवाह
- विधायक पुत्र और 551 जोड़ों का एक ही पंडाल में हुआ विवाह
- सभी को उपहार भेंट

## चार दुल्हनों को हेलीकाप्टर से कराया भ्रमण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आगर-मालवा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में रविवार को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। इसमें भाजपा के आगर विधायक मधु गहलोत के बेटे मोहित के अलावा 551 कन्याओं का भी विवाह हुआ। चार कन्याओं को हेलीकाप्टर से भ्रमण कराया गया। इसमें एक दिव्यांग कन्या को विधायक व अन्य लोग गोद में उठाकर हेलीकाप्टर तक लेकर पहुंचे।

यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता का केंद्र बना। वर-वधू को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट ने वर्चुअल जुड़कर शुभकामनाएं दीं। वैदिक परंपरा अनुसार विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। कन्याओं को गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। सुबह आठ बजे छावनी नाका, उज्जैन रोड पर सामूहिक बारात निकाली गईं। आयोजन में दादा नरसिंह फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा। बैजनाथ रोड स्थित हेलीपैड पर विधायक पुत्र मोहित गहलोत हेलीकाप्टर से बरात लेकर पहुंचे।

### कभी नहीं सोचा था कि हेलीकाप्टर में बैठेंगे

इसी हेलीकाप्टर से विधायक ने चार निर्धन कन्याओं को बैठाकर सामूहिक विवाह स्थल एवं शहर के ऊपर हवाई यात्रा कराई। दुल्हनों ने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हेलीकाप्टर में बैठेंगे।

### श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

देवास के लोहारपीपल्या में महामना पं. मदनमोहन मालवीय श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का निश्शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। महामना ट्रस्ट महासचिव पंकज पंड्या एवं सचिव सचिन जोशी ने बताया कि उक्त सम्मेलन में महामंडलेश्वर धरानंद महाराज बीकानेर (नेमावर घाट) एवं शैलेषानंद महाराज नलखेड़ा (उज्जैन) जूना अखाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं शरद पंडित, राजेंद्र मंडलोई, प्रेमशंकर पांडेय के सान्निध्य में हुआ। आयोजन वैदिक पद्धिति से वेद मूर्ति प्रेमनारायण शुक्ल, मंगेश शुक्ल, पं. गोपाल शास्त्री, अनिल दुबे, जितेंद्र पंड्या के आचार्यत्व में सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ। इसमें सात वर-वधू एवं 21 बटुकों ने हिस्सा लिया।

### सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में तय बैठकें स्थगित होती रही

# सिंहस्थ 2028 की तैयारियां धीमी!

## 5240 करोड़ की 74 योजनाएं कागजों में अटकी, समीक्षा बैठक नहीं हुई

- कारण, मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली पर्यवेक्षण समिति से सक्षम स्वीकृति न मिलना
- पानी सहित मंदिर विकास की अधिकांश परियोजनाएं धरातल पर आकार नहीं ले पा रही

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



महाकुंभ सिंहस्थ 2028 नजदीक है, लेकिन 5240 करोड़ रुपये की 74 महत्वाकांक्षी योजनाएं अभी भी कागजों में ही अटकी पड़ी हैं। मुख्य वजह है चार महीने से मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली पर्यवेक्षण समिति की बैठक न होना। सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में तय बैठकें विशेष कारणों से स्थगित होती रही हैं। परिणामस्वरूप सड़क, पुल, बिजली, पानी सहित मंदिर विकास की अधिकांश परियोजनाएं धरातल पर आकार नहीं ले पा रही। मालूम हो कि उज्जैन में हर 12 वर्ष पर आयोजित महाकुंभ में दुनियाभर से साधु-संत और श्रद्धालु शिप्रा नदी में स्नान के लिए आते हैं। इस बार महाकुंभ वर्ष 2028 में 27 मार्च से 27 मई तक लगना है। दुनियाभर से आने वाले श्रद्धालुओं और साधु-संतों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक व्यवस्थाओं की अपेक्षा है, लेकिन वर्तमान स्थिति सवाल खड़े कर रही है कि काम कब शुरू होगा और कब पूरा होगा।

### ये योजनाएं भी प्रस्तावित

- 29.21 किमी लंबी घाटों पर 47 करोड़ रुपये से लाल बलुआ पत्थर बिछाना।
- शनि मंदिर से चिंतामन गणेश मंदिर तक 5 किमी लंबी टूलेन सड़क, 30 करोड़ रुपये।
- रामवासा से नरवर 9.2 किमी फोरलेन सड़क, 78 करोड़ रुपये।
- धरमबड़ला से नईखेड़ी 6.2 किमी टूलेन सड़क, 20 करोड़ रुपये।
- आगर रोड से पंवासा 9.5 किमी टूलेन सड़क, 24 करोड़ रुपये।
- त्रिवेणी हिल्स कालोनी के पीछे सिकंदरी गांव तक शिप्रा नदी पर 150 मीटर चौड़ा फोरलेन पुल, 16 करोड़ रुपये।
- गऊघाट पाला से सांवराखेड़ी तक शिप्रा नदी पर 16.3 मीटर लंबा फोरलेन पुल, 19.86 करोड़ रुपये।
- पंवासा फ्लैग स्टेशन से एनएचएआइ जंक्शन तक 9.9 किमी लंबा टूलेन मार्ग, 40 करोड़ रुपये।

**वीर भारत संग्रहालय के लिए 275 करोड़ की योजना-** मध्य प्रदेश सरकार 100 साल से अधिक पुरानी ऐतिहासिक धरोहर कोठी महल को वीर भारत संग्रहालय सह कुंभ केंद्र के रूप में तबदील कर रही है। ये भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहर को सेहेजने और प्रस्तुत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### आखिरी बैठक 18 जून 2025 को हुई थी

पर्यवेक्षण समिति की आखिरी बैठक 18 जून 2025 को हुई थी, जिसके बाद छठी बैठक की तारीख लगातार आगे बढ़ती रही है। अधिकांश विभागों ने अपने प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेज दिए हैं। कागजों में दर्ज परियोजनाओं में सड़क चौड़ीकरण, नए पुल, घाटों का विस्तार, ट्रैफिक सुधार, आवास व्यवस्था, पेयजल और सीवरेज लाइनें शामिल हैं। योजनाएं जितनी बड़ी है, समय उतना कम बचा है।

### तेजी से निर्णय लिए जाने जरूरत

विशेषज्ञों का मानना है कि स्वीकृति के बाद निविदा प्रक्रिया और निर्माण की समयसीमा को देखते हुए तेजी से निर्णय लिए जाने जरूरी है, अन्यथा काम अधर में रह जाने का खतरा बढ़ सकता है। शहर में 2022 में महाकाल महालोक के लोकार्पण के बाद पर्यटन, रोजगार और अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई थी। सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने शहर का रुख किया और व्यवसाय व सेवाओं में उछाल देखने को मिला।

## 140 करोड़ से निखरेगा विक्रम संवत का उद्गम स्थल



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में स्थित त्रिवेणी शनि मंदिर को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने 140 करोड़ रुपये की ह्यशनि लोक निर्माण परियोजनाङ्क को मंजूरी दे दी है। विक्रम संवत के उद्गम स्थल के रूप में प्रसिद्ध यह प्राचीन तीर्थस्थल अब महाकाल महालोक की तर्ज पर विश्वस्तरीय स्वरूप में विकसित होगा।

शनि उपासना, त्रिवेणी घाट और शिप्रा तट को समाहित करते हुए उज्जैन में दूसरा बड़ा धार्मिक कारिडोर आकार लेगा, जो शहर की आध्यात्मिक प्रतिष्ठा, पर्यटन क्षमता और आर्थिक विकास को नई ऊंचाई देगा। यह परियोजना सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को ये जानकारी मीडिया से साझा की। मालूम हो कि इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी शनि मंदिर लगभग 21100 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। मान्यता है कि इसकी स्थापना स्वयं सम्राट विक्रमादित्य ने की थी और इसी पवित्र स्थल से विक्रम संवत की शुरूआत मानी जाती है। यह देश का पहला ऐसा शनि मंदिर है, जहां भगवान शनि को शिव स्वरूप में प्रतिष्ठित किया गया है। हर शनि अमावस्या पर यहां पांच क्विंटल से अधिक तेल का अभिषेक होता है, जिससे मंदिर की आस्था और आकर्षण दोनों बढ़ते हैं। नया शनि लोक धार्मिक विकास के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देगा। महाकाल महालोक के लोकार्पण के बाद 2022 से अब तक सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे।

## स्टेशनरी शॉप का फीता काटकर शुभारंभ





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

रविवार को योगेश्वर टेकरी शाखा के वरिष्ठ स्वयं सेवक सुरेश चौहान द्वारा मालीपुरा- आर्य समाज रोड पर प्रारंभ की गई स्टेशनरी शॉप का फीता काटकर शुभारंभ दैनिक अवंतिका के प्रधान संपादक सुरेंद्र मेहता (सुमनजी) द्वारा किया गया इस अवसर पर टेकरी शाखा के स्वयंसेवक तथा समाजजन परिवारजन उपस्थित थे।

### 14 साल 10 माह की शेष थी सजा, 2021 में हुई हुआ था फैसला

# मासूम से दुष्कर्म करने वाले कैदी की हुई मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई गई थी। केंद्रीय जेल में बंद आरोपी की तबीयत बिगड़ने के बाद चरक अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

केंद्रीय जेल भेरूगढ़ अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि 31 जुलाई 2021 को महिदपुर उपजेल से दुष्कर्म के आरोपी मुन्नालाल पिता नगुलाल निवासी ग्राम घोसला को केंद्रीय जेल में शिफ्ट किया गया था। न्यायालय ने उसे 20 साल की सजा सुनाई थी। आरोपी ने 12 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी की थी। सजा के बाद आरोपी को लकवा हो गया था जिसका जेल में ही उपचार चल रहा था। रविवार को आरोपी कैदी की तबीयत अधिक बिगड़ने पर उसे जिला चरक अस्पताल भेजा गया था। जहां जेल वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। जेल कैदी की मौत होने पर मामले की सूचना भेरूगढ़ थाना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। जेल कैदी की मौत होने की सूचना परिजनों को दी गई थी। जेल अधीक्षक के अनुसार आरोपी कैदी 5 साल 1 माह 27 दिन की सजा काट चुका था। सजा पूरी होने में 14 साल 10 माह का समय शेष था। कैदी पर न्यायालय ने 12 हजार 500 रुपये का अर्थदंड भी किया था, जिसे नहीं भरने पर कैदी को 3 साल 2 माह की सजा अतिरिक्त काटना थी, लेकिन सजा पूरी होने से पहले ही कैदी की मौत हो गई है। भेरूगढ़ थाना एएसआई रामचंद्र व्यास ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### 60 साल के वृद्ध ने खाया जहरीला पदार्थ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आगररोड चककमेड से सोमवार शाम रमेश पिता सेवाराम सोनगरा को परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे है। वृद्ध ने जहरीला पदार्थ खाया था, डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख भर्ती किया। ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची, लेकिन वृद्ध की हालत नाजुक होने पर बयान दर्ज नहीं हो पाये। परिजन कुछ बता पाने की स्थिति में थे। पुलिस के अनुसार जांच और बयान के बाद वृद्ध के जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने आ पायेगा।

# इन राशियों के लिए ऐसा रहेगा दिसंबर महिने का तीसरा सप्ताह

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



दिसंबर माह का तीसरा सप्ताह खास रहने वाला है। इस सप्ताह ग्रह-नक्षत्रों की चाल से कुछ राशियों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है, वहीं कुछ राशियों के लिए सावधानी और सतर्कता की आवश्यकता रहेगी। यह समय बदलाव और नए अवसर लेकर आएगा, जिससे आपकी जिंदगी के कई पहलुओं में प्रभाव देखने को मिलेगा। इस सप्ताह आपको अपने कार्यों में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ना होगा, लेकिन कुछ राशियों को अनावश्यक विवादों और उलझनों से बचने की सलाह दी जाती है। आर्थिक मामले, स्वास्थ्य, और संबंधों में संतुलन बनाना इस समय बेहद महत्वपूर्ण होगा।

इस सप्ताह ग्रहों की स्थिति कुछ राशियों के लिए शुभ संदेश लेकर आएगी, जिससे वे अपने लक्ष्यों को हासिल करने में सफल रहेंगे। वहीं कुछ राशियों को धैर्य और समझदारी से काम लेकर सावधानी बरतनी होगी, ताकि अनचाही समस्याओं से बचा जा सके। आइए, विस्तार से जानते हैं इस सप्ताह आपकी राशि पर ग्रहों का क्या प्रभाव पड़ेगा और किन बातों का ध्यान रखना होगा, ताकि आप अपने जीवन में आने वाले उतार-चढ़ावों को समझदारी से संभाल सकें।

**मेष-** मेष राशि के जातकों को इस सप्ताह करियर और कारोबार को आगे बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। सप्ताह की शुरूआत लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा से होगी। इस सप्ताह आपको सत्ता-सरकार से जुड़े व्यक्ति से सहयोग और सम्मान मिलने की संभावना बनेगी। पूर्व में किए गए सामाजिक कार्य के लिए मान-सम्मान मिल सकता है।

**वृषभ-** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा ज्यादा ही आपाधापी भरा रह सकता है। सप्ताह की शुरूआत से ही आप पर घरेलू और कार्यक्षेत्र से जुड़े कामकाज का बोझ बना रहेगा। इस सप्ताह आपको अपने कार्यक्षेत्र में उन लोगों से बहुत सावधान रहने की आवश्यकता रहेगी जो आपका बना-बनाया काम बिगाड़ने के लिए षड्यंत्र रचते रहते हैं।

**मिथुन-** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आपके सिर पर घर और बाहर दोनों जगह अतिरिक्त जिम्मेदारियों का बोझ आ सकता है। इस सप्ताह आपको घर और कार्यक्षेत्र के बीच तालमेल बिठाने में मुश्किलें आ सकती हैं। सप्ताह की शुरूआत में भूमि-भवन से जुड़े विवाद आपकी चिंता का कारण बनेंगे और आपको इसके लिए कोर्ट-कचहरी के चक्कर तक लगाने पड़ सकते हैं। इस दौरान व्यर्थ की चीजों पर समय और धन खर्च होने के कारण आपका मन थोड़ा खिन्न रहेगा।

**कर्क-** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता और सौभाग्य लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आपको घर और बाहर दोनों जगह लोगों से भरपूर सहयोग और समर्थन मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहने के कारण आपका मन प्रसन्न रहेगा और आप अतिरिक्त ऊर्जा और उत्साह के साथ अपने कार्य को करेंगे। सेहत और संबंध की दृष्टि से पूरा सप्ताह आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सप्ताह के पूर्वार्ध में आप अपने घर-परिवार से जुड़े मामले में बड़ा फैसला ले सकते हैं, जिसकी परिजन सराहना करेंगे। इस सप्ताह आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। जीवन में आने वाली तमाम तरह की कठिनाईयों को आप अपनी बुद्धि और विवेक से दूर करने में कामयाब होंगे। इस सप्ताह आपकी सेहत भी सही रहेगी। सप्ताह के मध्य से लेकर उत्तरार्ध का समय कारोबार की दृष्टि से अत्यंत ही शुभ एवं लाभप्रद कहा जा सकता है। इस दौरान व्यापार में उन्नति के योग बनेंगे। यदि आप नया व्यापार प्रारम्भ करना चाहते हैं, तो इस दृष्टि यह समय शुभ कहा जाएगा। हालांकि कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले अपने शुभचिंतकों की राय लेना न भूलें। प्रेम संबंध और निजी रिश्तों की दृष्टि से समय शुभ कहा जाएगा।

## अब प्रशिक्षित गार्ड होंगे तैनात, 1 जनवरी से होंगे नई तैनाती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 1 जनवरी 2026 से दिल्ली की कंपनी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेगी। वर्तमान सुरक्षा एजेंसी क्रिस्टल का ठेका समाप्त होने के बाद मंदिर समिति ने टेंडर जारी कर नई कंपनी को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी है। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया नई कंपनी को ठेका दे दिया गया है। जल्द ही सेवा शर्तों के आधार पर कंपनी के साथ अनुबंध होगा। इसके बाद कंपनी सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। पहली बार कुछ नई शर्तों के साथ कंपनी को ठेका दिया गया है। इसके अंतर्गत कंपनी से हथियारों के साथ कुछ गार्ड की मांग की गई है। इसके साथ ही कंपनी को मंदिर में डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, हेंड मेटल डिटेक्टर, वाकी-टाकी के साथ उच्च प्रशिक्षित गार्डों की तैनाती करना होगी।

आपकी खबरें...

## महिला सशक्तिकरण जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**उज्जैन।** सोमवार को संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास राजेश मेहरा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ब्रजेश त्रिपाठी के निदेर्शानुसार डिस्ट्रिक्ट हब एम्पावरमेंट ऑफ वुमन योजना अंतर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु रथ को हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न स्थानों (शहरी क्षेत्र के 54 वार्डों, घट्टिया जनपद क्षेत्र, बडनगर नगरपालिका क्षेत्र, नागदा नगरपालिका क्षेत्र, खाचरौद नगरपालिका क्षेत्र, उन्हेल नगर पंचायत क्षेत्र,तराना नगरपालिका क्षेत्र, माकडोन नगरपरिषद् क्षेत्र, महिदपुर नगरपालिका क्षेत्र, झारडा नगर पंचायत क्षेत्र) के लिए रवाना किया गया।

रथ में यह भी बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह दंडनीय अपराध है। महिलाओं एवं बालकों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा, दुर्व्यवहार या अप्रिय घटना पर कहां संपर्क करना है। रथ के माध्यम से महिला हेल्पलाइन नंबर 181 एवं बालक / बालिका के लिए 1098 की सहायता लेने का सन्देश भी दिया जाएगा। रथ के माध्यम से जन समुदाय को वन स्टॉप सेंटर एवं डिस्ट्रिक्ट हब एम्पावरमेंट ऑफ वुमन की कार्यप्रणाली और वहां किस प्रकार से महिलाओं को सहायता प्रदान करता है, यह भी जानकारी दी जाएगी। इस दौरान रीना शर्मा सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वीणा बोरासी प्रशासक वन स्टॉप सेंटर उपस्थित थे।

# फ्रीगंज पुल पर यातायात नियमों का नहीं कर रहे लोग पालन

## बैरिकेड्स को हटाकर रांग साइड से निकल रहे लोग, जिससे हादसों का अंदेशा बन रहा





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के लोग यातायात के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं । थोड़ी सी दूरी तथा समय बचाने के लिए दोपहिया, कार, ऑटो व बस चालक फ्रीगंज ओवर ब्रिज से रॉन्ग साइड से निकल रहे हैं। जिससे हादसों का अंदेशा बना रहता है। इसके अलावा जाम की स्थिति भी बनती है। यातायात पुलिस ने इससे बचने के लिए कुछ दिनों पहले फ्रीगंज पुल पर लंबी बैरिकेडिंग की थी। ताकि लोग रॉन्ग साइड से वाहन लेकर ना निकले और दुर्घटना का शिकार ना हो। इसके बाद भी वाहन चालक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं।

पुलिस द्वारा लगाए गए बेरिकेट्स को हटाकर लोग बेहिचक वाहन लेकर पुल से रांग साइड से निकल रहे हैं। फ्रीगंज पुल पर रांग साइड से वाहन लेकर लोग नहीं निकले इसके लिए यातायात पुलिस ने कई प्रयास किये गये। इसके पहले भी पुल पर कई इंतजाम किए ताकि लोग रांग साइड से नहीं निकले। लेकिन अभी तक जितने भी प्रयास किये जा रहे हैं वह विफल साबित हो रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा समय-समय पर ब्रिज के नीचे रांग साइड से निकलने वाले लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जाती है तथा वाहन चालकों को हिदायत भी दी जाती है। लेकिन उसके बाद भी वाहन चालकों की मनमानी जारी है।

### इसके पहले लगाए ट्राफिक कोण भी तोड़े

6-7 माह पहले यातायात पुलिस ने पुल पर ट्रैफिक कोण रखे थे ताकि लोग रॉन्ग साइड से नहीं निकले। लेकिन यहां पुल पर लगाए गए ट्रैफिक कोण के ऊपर से लोग वाहन लेकर निकल रहे थे इस कारण कई ट्रैफिक कोण टूट गए।

अब कुछ दिनों पहले ही यातायात पुलिस ने पुल पर रांग साइड से निकलने वाले लोगों को रोकने के लिए लंबी बेरीकेडिंग की थी। लेकिन उसके बाद भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं और लोगों की मनमानी जारी है। यहां रखे बेरिकेड्स को हटाकर लोग बेहिचक अपना वाहन लेकर रांग साइड से निकल रहे हैं।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी। अमित चन्द्रा पिता श्री अभिलाष चन्द्रा 2 श्रीमती अलका चन्द्रा पति श्री अमित चन्द्रा निवासीगण 77, कृष्ण पार्क कॉलोनी, उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक भवन क्रमांक 77 जो कि "मालविका धाम" कॉलोनी, नानाखेडा, उज्जैन में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स का है, जिसका कुल क्षेत्रफल 90-00 वर्गमीटर है जिसकी पैमाईश में लम्बाई - पूर्व से पश्चिम 12.00 मीटर चौडाई उत्तर से दक्षिण 7.50 मीटर है तथा जिसकी चर्तु सीमा में पूर्व में संस्था की भूमि पश्चिम में सड़क कॉलोनी की उत्तर मे भवन क्रमाक-76 दक्षिण में अन्य की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया है और आंशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन कर लिया है तथा अब शेष राशि अदा करके रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है।

उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, सस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा।

इति दिनांक-15.12.2025, उज्जैन

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट कार्या-बी-9. भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन मो. नंबर-9993079516-94250 94349**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 1 नूतन सौलंकी पति स्व. निवेश सोलंकी निवासी बी-15/9. शिप्रा विहार उज्जैन, 2-अनुष्का सोलंकी पिता स्व. नितेश सोलंकी, 3-भव्या सोलंकी पिता स्व. नितेश सोलंकी, कमांक 23 अवयस्क द्वारा सरक्षक माता नूतन सोलंकी पति स्व. नितेश सोलंकी, के संयुक्त स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक बी-15/9 श्रेणी ईडब्ल्यूएस जो उज्जैन विकास प्राधिकरण की शिप्रा विहार आवासीय योजना, उज्जैन में स्थित है. भवन के भूखण्ड का कुल एरिया 64.80 वर्गमीटर है, जो फिहोल्ड राईट्स का है. को मथ तल भूमि हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा भवनस्यामी से तय कर बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का संपादन कर लिया है।

अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक पैढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक हित हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रम बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो यह इस ज्याहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अदर अपनी आपत्ति मव जैसी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उक्ति निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने नियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत ई विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी को कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 15-12-2025 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्त, एडवोकोडेट, दुकान नंबर- सीएफ-7 भरतपुरी शापिंग, काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन, मोबाईल नंबर 99264-66157**

# खेत पर जाने के लिये किसान ने मुख्यमंत्री से मांगा हेलिकॉप्टर

## रोड़ निर्माण में प्रशासनिक अधिकारियों ने खेत पर जाने का रास्ता ही बंद कर दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन से गरोठ रोड़ निर्माण में प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के कारण उज्जैन के घटिया तहसील में आने वाले उटेसरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाले गरीब किसान परिवार के खेत पर जाने का रास्ता ही बंद हो गया, जिसके कारण आज जहां हर खेत में फसलें लहलहा रही हैं, वहीं उक्त किसान का खेत सूखा पड़ा हुआ है। गरीब अन्नदाता पर ही खाने का संकट आ खड़ा हुआ है, सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई में चक्कर काटने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ अब किसान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि खेत पर आ जा सके।

दरअसल उज्जैन के घटिया तहसील में आने वाले उटेसरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाली गीता बाई पति रामलाल राजोरिया उम्र 70 वर्ष ने बताया कि गरोठ रोड़ निर्माण के कारण खेत में जाने का रास्ता बंद हो गया है। रोड़ निर्माण के पहले से ही अधिकारियों को बताया गया कि खेत पर जाने के लिए रास्ता दें लेकिन अधिकारियों ने अंडर पास नहीं बनाया। केवल आश्वासन देते रहे कि रास्ता देंगे, लेकिन काम चलता रहा, आश्वासन देते रहे। गीता बाई का पूरा परिवार करीब साढ़े तीन बीघा जमीन पर खेती किसानी और कृषि कार्य कर अपना और अपने परिवार का गुजर बसर करता है। बेहद कम जमीन होने के बाद भी उक्त परिवार बेहद परेशानी के बीच खेती के माध्यम से फसल के माध्यम से घर परिवार चलता है। लेकिन इस बार फसल ही नहीं बो पाये जिससे जहां लोगों के खेतों में फसलें लहलहा रही हैं इनके खेत सूखे पड़े हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह जिले में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत करने किसान परिवार सीएम हेल्पलाइन के साथ ही जनसुनवाई में भी कई बार पहुंचा। समस्या परेशानी बताई, खेत पर जाने का रास्ता बंद होने की जानकारी दी। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया। उक्त महिला किसान के खेत पर जाने का रास्ता नहीं निकल सका। ताकि कृषि वाहन बोबनी करने के लिए जा सके।

परेशान महिला किसान तथा परिवार के लोगों ने मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री मोहन यादव से निवेदन किया है कि वह हमारे खेत पर जाने का रास्ता करवा दें ताकि हम अपने खेत पर जा सके और फसल बोबनी करवा सकें। ताकि अपने घर परिवार का पेट भरण पोषण कर सकें। लेकिन अगर रास्ता नहीं बनता है तो हम गरीब किसान को शासकीय हेलीकॉप्टर सुविधा उपलब्ध करवा दीजिए ताकि हम शासकीय हेलीकॉप्टर से आना-जाना कर सकें अपने खेत पर और खेत पर बोबनी कर सके।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने की केक और क्राफ़्ट्स पर जांच

**उज्जैन।** सोमवार को उपभोक्ता एवं ग्राहक पंचायत के जिला सचिव की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा केक और क्राफ़्ट्स का निरीक्षण कर मौके पर संग्रहित खाद्य पदार्थ फ्रुटी, टी केक, मैंगों ट्रीट खट्टा आम पापड, क्रीम रोल, चाकोफी, अमूल, चोकोजो, चोकोबाईट इन फन इनिमल फोर्म, सेफियर आल्मंड, कोको मेल्टो ब्रेक्युलो के नमूनें लिये जाकर जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए। साथ ही मौके पर कमियां पाए जाने पर सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

## महापौर ने हाटकेश्वर उद्यान के संधारण हेतु 05 लाख की अनुशंसा की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 49 ऋषि नगर एक्सटेंशन स्थित हाटकेश्वर उद्यान में क्षतिग्रस्त तार फेंसिंग की मरम्मत, पाथवे का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, खेल उपकरण, ट्यूबवेल खनन, बेंच एवं कुर्सी इत्यादि कार्यों हेतु राशी रुपए 5 लाख की अनुशंसा की स्वीकृति उद्यान का रखरखाव करने वाली श्री हाटकेश्वर उद्यान निगरानी समिति को प्रदान की गई है।

नगर निगम द्वारा फरवरी 2023 में यह उद्यान श्री हाटकेश्वर उद्यान निगरानी समिति को 3 वर्ष की अवधि के लिए गोद दिया गया था समिति के पर्यावरण प्रेमी एवं सेवाभावी सदस्यों द्वारा उद्यान की देखरेख, साफ सफाई, पौधों की सिंचाई एवं अन्य सामान्य संधारण कार्य किए जाते हैं जिससे यह उद्यान एक आदर्श उद्यान के रूप में विकसित हुआ है समिति द्वारा सोमवार को महापौर से मुकेश टटवाल से सौजन्य भेंट करते हुए उद्यान में क्षतिग्रस्त तार फेंसिंग की मरम्मत, पाथवे का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, खेल उपकरण, ट्यूबवेल खनन, बेंच एवं कुर्सी इत्यादि कार्य कराए जाने की मांग की गई थी।

**पश्चिमी रेलवे**

**विद्युत कार्य**

पश्चिमी रेलवे, डीईई/पी/बीसीटी, मुंबई कार्यालय, मुंबई-400008, नोटिस संख्याः EL-81-930-WA-55, दिनांक 13-11-2025 के तहत आवेदन आमंत्रित करता है। कार्य और स्थानः मुंबई डिवीजन - 1300 रेलवे क्वार्टरों में विद्युत वायरिंग, मीटर रूम वायरिंग और मुख्य केबल बिछाने द्वारा सुरक्षा सुधार। अनुमानित लागतः रु. 3,86,23,387/-, ईएमडीः रु. 3,100/-। आवेदन जमा करने की तिथि और समयः 19.12.2025, 15:00 बजे। आवेदन जमा करने की तिथि और समयः 19.12.2025, 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें। www.ireps.gov.in 0817

हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैभूमि स्वामी 01 तोफान सिंह पिता मानसिंह 02 गंगाराम पिता श्री मानसिंह 03- मायाबाई पति श्री कालुसिंह समस्त जातिगण सौंधिया आने एक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 209/1 212/1 214/2 209/2 212/2 214/3 212/3 0.45 0.20, 0.22.0.46 0.20 0.21 0.39 हेक्टर कुल किता 07 कुल विक्रीत का 213 हेक्टर भूमि स्थित याग सुंठेली तहसील आगर जिला आगर मालवा मध्य प्रदेश में होते मुमिका विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोक्न बयाना रात्ति भी मेरे पकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रम में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को किन या अतरित किये जाने से किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्थशासकीय संस्था वा स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य विकी या कोरेसान आदि गाह कोई हक हिल या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालचित समय में लिखित में आपति प्रस्तुत करे । अन्यया बाद नियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जायेगा। तत्पश्चात कोई आपति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 15/12/2025

**दिनेश वर्मा, सर्विस प्रोवाइडर उप पंजीयक कार्यालय, घटिट्या जिला उज्जैन, मोबाईल नम्बर 94240-67457**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सत्यानारायण पिता श्री मांगीलाल जाति-कुम्हार (अन्य पिछड़ा वर्ग) निवासी ग्राम तुमड़ावदा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्व मध्बर-539/1 रकबा 0.20 हैक्टर भूनि सर्वे नम्बर-540 रकबा 0.30 हैक्टर कुल विद्या-2 कुल रकबा 2.50 हैक्टर लगानी रेट थित ग्राम गावदापयारी नाम्बर-23/78 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं. को कम करने का अनुबन्ध किया गया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर दी हैं. अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष है. यदि उका सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो।

दिनांक-15.12.2025

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर-सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मो. नं. -98268.87494**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, राजस्व अभिलेख ग्राम फतेहपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे एक भूमि खाता सर्वे न. 392/3/1 रकबा 0.30 है. भूमि सुनिल पिता पर्वतसिंह व अनिल पिता पर्वतसिंह जी जातिगण कलोता निवासी गुणावद तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के संयुक्त मालिकी आधिपत्य की दर्ज होकर उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने तय किया है तथा सौदा की बयाना राशि भूमि स्वामी को अदा कर दी है उक्त भूमि का विकय पत्र निष्पादन होना शेष है। यदि उक्त भूमि विकय होने में किसी भी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती हो या उक्त भूमि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक के पक्ष में बंधक, अनुबंधित, भारग्रस्त हो या उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का ऋणभार बकाया हो तो वह इस जाहीर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण, आपत्ती एवं दस्तावेज मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बादगुजरने मियाद मेरे पक्षकार उक्त भूमि का सम्पूर्ण विकय मूल्य अदा कर उक्त भूमि का कय दस्तावेज अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेगें तथा किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो पाबंदी करे।

दिनांकः-15/12/2025

**सचिन शर्मा अभिभाषक, बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र., मो.- 7828802302**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण श्री श्रेयश बंसल पिता श्री कैलाशचन्द्र बंसल व श्री सुरेन्द्रकुमार राय पिता श्री बाबूलाल राय निवासीगण उज्जैन व कृषकगण ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व. स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 20/2 रकबा 0.45 हैक्टर व सर्वे नम्बर 21 रकबा 0.25 हैक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.70 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि 1 में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांकः-15-12-2025

**अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाईडर) तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन मोबाईल 99265-32350**

## समूह-1 उप समूह-2 पदों हेतु संयुक्त भरती परीक्षा-2025 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

आवेदन पत्र भरने की तिथि 24.12.2025 से 07.01.2026 तक | ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 24.12.2025 से 12.01.2026 तक

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 10 फरवरी 2026 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 07:00 से प्रात: 08:00 बजे तक | प्रात: 09:00 से 12:00 बजे तक (03 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 12:30 से दोपहर 01:30 बजे तक | दोपहर 02:30 से 05:30 बजे तक (03 घंटे) |

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियम पुस्तिका मण्डल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट www.esb.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. संभावित परीक्षा शहर- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी, उज्जैन एवं अनूपपुर।
4. परीक्षा शुल्क :

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु. 500/-(प्रति प्रश्न पत्र) |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु. 250/-(प्रति प्रश्न पत्र) |
| ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु. 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु. 20/- |

विशेष निर्देश:

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिर्दिष्ट मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई - आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक है वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं Sun Glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेवारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हॉल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कंप्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पालियों/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 91/2025

संचालक

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल

ESB

Madhya Pradesh Employees Selection Board (MPESB)

"चयन भवन" मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011

Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/123518/2025

खास न्यूज

## जान के दुश्मनों को भेजा जेल, सरगना की तलाश



**उज्जैन।** प्रतिबंधित चाइन डोर के साथ गिरफ्त में आये चार जान के दुश्मनों प्रताप पिता किशोरसिंह तोमर देसाईनगर, निखिल पिता प्रेमबिहारी चंदानी सिंधी कालोनी मनीष पिता ओमप्रकाश कुकरेजा भार्गव नगर और हर्ष पिता आलोक बारोड निवासी रामीनगर को गिरफ्तार किया था। चारों के पास से 48 रील (गट्टे) बरामद किये गये थे। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि चारों के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लघंन करने की धारा 233 भारतीय न्याय संहिता के साथ प्रतिबंधात्मक धारा में प्रकरण दर्ज किया गया था। सोमवार दोपहर चारों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। चारों नागझिरी क्षेत्र के रहने वाले कुलदीप से चाइना डोर लेकर आये थे और बेचने की फिराक में शिवांश एलिगेंस कालोनी पहुंचे थे।

कुलदीप के नाम का खुलासा होने पर एक टीम उसकी तलाश कर रही है। चाइना डोर को लेकर पूरे जिले में पुलिस तलाशी अभियान चला रही है। महाकाल क्षेत्र में पुलिस की एक टीम छतों से पतंगबाजी करने वालों की धरपकड़ भी कर रही है। चाइना डोर मिलने पर उनके परिजनों को थाने बुलाया जा रहा है। मंकर संक्रांति पर प्रतिबंधित डोर से कोई हादसा ना हो इसको लेकर पुलिस द्वारा सभी प्रयास किये जा रहे है। आगामी दिनों में अगर चाइना डोर से पतंगबाजी करते कोई भी पकड़ाया तो उसे भी जेल भेजा जायेगा।

## गिरफ्त में अधेड़ के साथ मारपीट करने वाला बदमाश

**उज्जैन।** इंदौरगेट उदासी का अड्डा में रविवार रात मुकेश पिता जगदीश परमार 50 साल के साथ बदमाश अर्जुन पिता शंकरसिंह ने मारपीट करते हुए सिर फोड़ दिया था। घायल मुकेश को घायल हालत में भाई अनिल ने चरक अस्पताल में भर्ती किया था। देवासगेट पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किये थे। जिसमें सामने आया कि बदमाश गाली-गलौच कर रहा था। जिसे मना किया तो उसने हमला किया है। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की। सोमवार सुबह बदमाश अर्जुन को गिरफ्तार किया। देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि बदमाश आदतन अपराधी है। जिसके खिलाफ पूर्व में मारपीट 11 गंभी मामले दर्ज है। दोपहर में बदमाश को कोर्ट पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।आरोपी आदतन अपराधी होकर आए-दिन आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहता है, जिससे क्षेत्र की शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होती रही है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 349-6 | 248-4 |
| मेन बाजार | 368-7 | 458-7 |
| कल्याण नाइट | 240-6 | 344-1 |
| मिलन डे | 380-1 | 570-2 |
| मिलन नाइट | 255-2 | 244-0 |
| मधुर डे | 127-0 | 190-0 |
| मधुर नाइट | 248-4 | 569-0 |
| शुभांक | 2 4 | 7 |

# मासूम को अस्पताल ले जाने वाला निकला कातिल

### बोरी में बंदकर मोगरी से कुचला था सिर, छत से गिरने की रची थी साजिश, अस्पताल से लौटकर मिटाए साक्ष्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बुरी नियत से पकड़ने पर मासूम छात्रा ने शोर मचाया तो पड़ोसी ने निर्ममता पूर्वक सिर कुचल दिया और छात्रा के परिजनों को छत से गिरने की घटना बताकर खुद ही अस्पताल तक लेकर पहुंचा। लेकिन पुलिस जांच में छात्रा का कातिल अस्पताल लेकर जाने वाला पड़ोसी ही सामने आया। गिरफ्त में आने के बाद उसने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है।

खाचरौद के जूना शहर काजी गली से कक्षा दूसरी में अध्ययन करने वाली 9 वर्षीय बालिका को 13 दिसंबर की शाम पड़ोस में रहने वाला रियाज पिता शब्बीर खां अस्पताल लेकर पहुंचा था। उसने छात्रा के परिजनों को छत से गिरने की घटना बताई थी। अस्पताल में मासूम छात्रा की हालत देख डॉक्टरों ने रतलाम रैफर कर दिया था। मामले की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने अपनी टीम रतलाम रवाना की। जहां डॉक्टरी परीक्षण के दौरान पता चला कि छात्रा के सिर पर चोंट के निशान गिरने से नहीं आये है। उसे किसी भारी वस्तु से पीटा गया। छात्रा को घसीटा भी गया है,जिससे चेहरे पर रगड लगी है।



**खून लगी बोरी जलाई, पुलिस को मिला क्लिप**

आरोपी को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उससे खून लगी प्लास्टिक की बोरी बरामद करने के प्रयास किये, उसने बताया कि बोरी को जला दिया है। पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची, जहां जली हुई बोरी मिली, लेकिन उसमें खून भरा होने पर बोरी का कुछ हिस्सा जल नहीं पाया था, बोरी बरामद करने पर उसमें बालिका के सिर में लगा क्लिप भी मिला है। पुलिस ने जिस मोगरी से सिर कुचला था उसे भी जप्त कर लिया है।

डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताई, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। रियाज खां ने जिस स्थान पर गिरने से घायल होना बताया, वहां पहुंचकर पड़ताल शुरू की गई।

उक्त स्थान पर खून दिखाई नहीं दिया। खोजी डॉग को लाया गया, कुछ दूरी पर खून दिखाई दिया। इस दौरान संदेह के आधार पर रियाज को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई, वह पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करने लगा। इस बीच रविवार-सोमवार रात मासूम छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच तेज करते हुए रियाज से सख्त पूछताछ शुरू की तो टूटा गया। उसने कबूल किया कि शनिवार को परिवार शादी में गया था, घर पर कोई नहीं था, शाम को घर लौटा तो उसने बालिका को देखा और बुरी नियत से उसने कमरे तक ले जाने का प्रयास किया, बालिका ने शोर मचाया तो पकड़े जाने के डर से उसके सिर पर प्लास्टिक की बोरी डाल दी और मोगरी से सिर कुचल दिया। वह कुछ देर के लिये घर से चला गया और वापस लौटा बालिका की सांस चल रही थी, खुद को बचाने के लिये उसने छत से गिरने की साजिश रचकर शोर मचाया और परिजनों को एकत्रित कर अस्पताल लेकर पहुंचा। मामले का खुलासा होते ही पुलिस ने रियाज को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज लिया। थाना प्रभारी नलवाया के अनुसार पूरे मामले की पड़ताल में अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा बेछोटे, एसआई ईश्वर जोशी, आरसी दलोदिया, अमित डागर, प्रधान आरक्षक मुकेश राठौर, सोमसिंह यशपालसिंह महेन्द्र राठौर, उम्मेदराम आरक्षक रवि बैरागी, महिला आरक्षक संगीता का सहयोग रहा। जिसके चलते 36 घंटे में मामले का पर्दाफाश किया गया है।



**2 बच्चों का पिता है आरोपी**

थाना प्रभारी के अनुसार मासूम की हत्या करने वाला आरोपी 2 बच्चों का पिता है। घटना के समय उसकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर मायके गई हुई थी। मासूम अपने ननिहाल आई हुई थी। जो नाम मृतक मासूम का था, वहीं नाम आरोपी के भाई की बेटी का भी है। मासूम और आरोपी के भाई की बेटी साथ खेलते थे।

### परिजनों ने सड़क पर रखा जनाजा

रात में हुई मासूम की मौत के बाद उसका शव सोमवार सुबह खाचरौद लाया गया था। परिवार के साथ पूरा क्षेत्र मासूम के जनाजे में शामिल हुआ। सुपुर्दे खाक से पहले लोगों ने मासूम का जनाजा सड़क पर रख दिया, उस दौरान तक पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी का खुलासा नहीं किया था। परिजनों का कहना था कि आरोपी खुले घूम रहे है। न्याय मिलना चाहिये, मकान भी तोड़ा जाना चाहिये। अनुविभागीय अधिकारी और थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच परिजनों को जल्द गिरफ्तारी का अश्वासन दिया और जनाजा उठवाया।

### 3 माह बाद गिरफ्त में आया इनामी आरोपी

# वित्तिय धोखाधड़ी में करता था फर्जी सिम का उपयोग



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट मामलों में फर्जी सिम कार्ड का उपयोग कर वाला फरार इनामी आरोपी सोमवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

कुछ माह पहले पुलिस मुख्यालय से मिले आदेश के बाद पुलिस ने ऑपरेशन फॉस्ट की शुरूआत की गई थी। जिसमें फर्जी सिम बेचने वालों की धरपकड़ शुरू की गई थी। फर्जी सिम का उपयोग वित्तिय धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट में होना सामने आ रहा था। महाकाल और माधवनगर थाना पुलिस ने सितंबर में चार युवको को पकड़ा था, जो सिम कार्ड बेचने का काम करते थे। उनके द्वारा सिम एक्टिवेट के लिये आने वाले लोगों से बायोमेट्रिक मशीन पर 2 बार अंगूठा लगाकर उनके नाम से फर्जी सिम एक्टिवेट कर ली जाती थी। चारों से कई सिम कार्ड बरामद किये गये थे। महाकाल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर इमरान नागौरी से सख्त पूछताछ की थी। उसने फर्जी तरीके से एक्टिवेट की गई सिम उबेद पिता अफशीन कुरैशी निवासी राणाप्रताप मार्ग काजीपुरा बदनावर जिला धार को देना बताया था। पुलिस ने उबेद को आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। उबेद के लगातार फरार चलने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था। 3 माह बाद सोमवार को सूचना मिली कि फरार आरोपी क्षीरसागर ग्राउंड के पास आया है। थाना प्रभारी गगन बादल ने एसआई जितेन्द्र झाला, एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान और प्रधान आरक्षक मनीष यादव को गिरफ्तारी के लिये रवाना किया। कुछ देर की तलाश के बाद फरार इनामी आरोपी उबेद कुरैशी गिरफ्त में आ गया। जिसे थाने लाकर पूर्व से दर्ज प्रकरण में दोपहर बाद कोर्ट पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

### ट्रेडिंग ऑफिस संचालित करता था उबेद

एसआई जितेन्द्र झाला ने बताया कि आरोपी उबेद शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का काम करता था। उसने पूर्व में मक्सीरोड पर पार्टनरी में ऑफिस खोल रखा था। फर्जी सिम कार्ड मामले में धरपकड़ शुरू होने पर मक्सीरोड का ऑफिस बंद कर दिया था। कुछ समय से वह क्षीरसागर क्षेत्र में ट्रेडिंग ऑफिस संचालित करने लगा था। उक्त फर्जी सिम का उपयोग ट्रेडिंग में किया जाता था। फिलहाल आरोपी को जेल भेज मामले की विवेचना की जा रही है।

# लहरा रहा था स्कूटी, पुलिस ने काटा 3 हजार का चालान

### खुद के साथ नाबालिग ने दूसरों की जान डाली जोखिम में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कोठी रोड पर लहराते हुए स्कूटी चलाने का वीडियो सामने आने पर यातायात पुलिस ने नाबालिग को पकड़कर परिजनों को बुलाया और चालानी कार्रवाई की। नाबालिग ने खुद के साथ दूसरों की जान भी जोखिम में डालने का प्रयास किया था।

यातायात हेल्पलाइन पर स्कूटी से स्टंट करते हुए नाबालिग का वीडियो पुलिस को मिला था। नाबालिग ने स्कूटी को लहराते हुए चलाने का वीडियो बनाया था और सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। वीडियो में रहनुमा, रहनुमा वेबजह नहीं मिलना मेरा गाना भी शेयर किया था। यातायात पुलिस ने उक्त वीडियो से नाबालिग की पहचान की और सोमवार को उसे परिजनों के साथ यातायाता थाने बुला लिया। जहां नाबालिग द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन करने के साथ खुद की ओर दूसरे वाहन चालकों की जान जोखिम में डालने पर मोटर व्हीकल एक्ट में चालानी कार्रवाई करते हुए 3 हजार रूपये शमन शुल्क वूसल किया। नाबालिग को हिदायत दी गई भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहेगा। नाबालिग ने माफी मांगते हुए बालिग होने पर वाहन चलाने की बात कहीं।

यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दे। अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति ना दें। किसी भी प्रकार के यातायात उल्लंघन, खतरनाक ड्राइविंग अथवा सड़क सुरक्षा से जुड़ी शिकायत की सूचना उज्जैन ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन पर दी जा सकती है, ताकि समय रहते कार्रवाई कर दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### हिन्दू युवती के साथ होटल में मिला मुस्लिम युवक

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र में सोमवार को होटल वेलवेट हिन्दूवादी संगठन ने मुस्लिम युवक को हिन्दू युवती के साथ पकड़ा। दोनों के साथ एक अन्य हिन्दू जोड़ा भी था। मुस्लिम युवक ने अपनी आईडी नहीं दी थी। संगठन ने पुलिस बुलाई, मुस्लिम युवक ने नाम कुलदीप बताया, दस्तावेज देखने पर मोहम्मद मेहताब निवासी चंडीगढ़ सामने आया। युवती और उसका साथी जोड़ा भी चंडीगढ़ के रहने वाला था। महाकाल पुलिस ने चारों को हिरासत में लिया और होटल सील कर दी। युवतियों को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। होटल संचालक भाग निकला था, जिसकी तलाश जारी है।

# गांजा तस्कर को 10 साल की सजा, 1 लाख का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

13 माह पहले गांजा तस्करी में गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय ने 10 साल की सुनाई है। आरोपी पर 1 लाख का अर्थदंड लगाने के साथ कार राजसात करने के आदेश जारी किये है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 30 अक्टूबर 2024 को खाचरौद से बड़नगर की ओर आ रही कार क्रमांक एमपी 13 झेड पी 1698 को घेराबंदी कर नौगावां फंटा यात्री प्रतिक्षालय के पास से पकड़ा गया था। कार की डिक्की से 23 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। चालक अभिषेक पिता रामचंद्र पंड्या निवासी अंबे माता मंदिर के पास थाना बिरलाग्राम नागदा को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उसने पश्चिम बंगाल और ओडिशा के आरूफ पिता अरविंद खां मित्रा और तरूण पिता समारेध मिध्रा से खरीदना और उसके नागदा स्थित घर पर दोनों के होने की जानकारी दी थी। पुलिस टीम ने नागदा स्थित मकान पर दबिश देकर 13.60 किलोग्राम गांजा और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में अपराध दर्ज कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया था। 13 माह बाद विशेष न्यायाधीश पवन कुमार पटेल ने आरोपी अभिषेक को 10 साल की सजा के साथ 1 लाख के अर्थदंड से दंडित करते हुए उसकी कार को राजसात करने के आदेश जारी किये है। प्रकरण में शासन की ओर से डीपीओ राजेन्द्र खांडेकर के मार्गदर्शन में पैरवी एडीपीओ नितेश कृष्णन द्वारा की गई। थाना प्रभारी के अनुसार मामले से जुड़े 2 अंतर्राज्यीय तस्कर जमानत मिलने पर फरार हो गये है। जिनका फैसला होना शेष है।

### 2 भाईयों के परिवार में विवाद

**उज्जैन।** नई सड़क पर रहने वाले अजय पिता मोतीलाल रामी 52 साल और उसके भाई संजय रामी 59 साल के बीच दिवार बनाने की बात पर विवाद हो गया। कहासुनी काफी बढ़ गई, दोनों भाईयों का परिवार भी आमने-सामने हो गया और मारपीट कर धक्का-मुक्की गई। मामला कोतवाली थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों भाईयों की शिकायत पर धारा 296, 115 (2) 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच मे लिया है।


In The Court Of I Additional Judge to
Court of I Civil Judge Class -I
Tehsil Tarana, District Court Jjjain

**Presiding Officer : श्रीमती संगीता शुक्ला**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000004/2025)
राजेंद्र सिंह राजपूत ........................ आवेदक
Vs
भगवान सिंह.............................. अनावदेक

Process Id -/2025
पेशी दिनांक :- 22/12/2025

प्रेषिती -
(1) सर्वसाधारण द्वारा आम जनता
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है जि आवेदक राजेन्द्रसिंह राजपूत ने मृतक देवीसिंह निवासी तिल्याद तहसील माकडांत फिल्ग उजैन के बैंक ऑफ इंडिया शाखा जराना के लॉकर प्रमाांक 000032 हतु उत्तराधिकारी प्रनाण पर प्राम करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनाक 22 December 2025 को नियत है।
पदि किसी व्यक्ति का जाऊ प्रकरण में आवेदक को उक मृतक का उत्तराधिकारी अथक अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अध्या उक्त प्रकरण में यह अपना हक समझाध हो तो देशी दिनाक 22 December 2025 को न्यायालय में न्यय अथया अधिकता के माध्यम से उपस्थित रहे सुधना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो की सुनाए भी की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।
यह आज तारीख 15 December 2025 मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(श्रीमती संगीता शुक्ला)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,**
**तराना न्याया. के प्रथम अति.**
**न्यायाधीश तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)**

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सयुंक्त भवन स्वामी जीतेन्द्र यादव पिता श्री चंपालालजी यादव, श्रीमती मंजू यादव पति श्री जीतेन्द्र यादव निवासीगण हामुखेडी देवास रोड उज्जैन म.प्र. के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भवन जो कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 54 में स्थित होकर भवन कमांक 40 शिवधाम कॉलोनी हामूखेडी देवास रोड तहसील व जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त भवन जो कि फ्री होल्ड राईटस का है। उक्त भवन मुख्य सडक से अन्दर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 93.02 वर्गमीटर का विकय किया जा रहा है उक्त भूखण्ड जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में सडक कॉलोनी की, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 91. उत्तर में भूखण्ड कमांक 39. दक्षिण में भूखण्ड कमांक 41 स्थित है। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने कय करने का लिखित विकय अनुबंध किया गया है तथा बयाना राशि अदा कर दी गयी है, तथा शेष राशि अदा कर मूल भवन स्वामी से विक्रय पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूखण्ड बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विकय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बर्धनकारक होगी। यह सूचित हो।
इति दिनांक 15.12.2025

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड (सर्विस प्रोवाईडर), कार्यालय डी.एफ 12 प्रथममंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन म.प्र. मो. 9074220501**



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने संयुक्त भवन स्वामी मोहन सिंह मुनिया पिता श्री नाहर सिंह गुनिया, श्रीमती सागु डाबी पति श्री मोहन सिंह जी निवासीगण आई 10/1 डीआरपी लाईन महिला ब्लॉक जिला रतलाम म.प्र. के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एव आधिपत्य का एक भवन जो कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 54 में स्थित होकर भवन क्रमांक 213 का उत्तरी दिशा वाला भाग शिवधाम कॉलोनी हामूखेडी देवास रोड तहसील व जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त भवन जो कि फी होल्ड राईटस का है। उक्त भवन मुख्य सडक से अन्दर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 55.76 वर्गमीटर का विकय किया जा रहा है उक्त भूखण्ड जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में सडक कॉलोनी की, पश्चिम में अन्य की भूमि. उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 212. दक्षिण में भूखण्ड कमांक 213 का शेष भाग स्थित हैं। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने कय करने का लिखित विकय अनुबंध किया गया है तथा बयाना राशि अदा कर दी गयी हैं, तथा शेष राशि अदा कर मूल भवन स्वामी से विकय पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूखण्ड बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बायत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बर्धनकारक होगी। यह सूचित हो।
इति दिनांक 15.12.2025

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड (सर्विस प्रोवाईडर), कार्यालय डी.एफ 12 प्रथममंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन म.प्र. मो. 9074220501**




**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि रखागी 1 राजेंद्र सिंह पिता श्री मनोहर सिंह जी उम्र 38 वर्ष निवासी बडोदिया सांवेर इन्दौर म.प्र. 2. प्रहलादसिंह पटेल पिता बाबूसिंह जी उम्र 45 वर्ष, निवासी- बडोदिया सांवेर इन्दौर 3. लाखन सिंह जी पिता श्री विक्रम सिंह जी, उम्र 48 वर्ष निवासी-राजोदा सांवेर इन्दौर से उनके अपने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 258/2 रकबा 0.830, हेक्टर, सर्वे नम्बर 259/1 रकबा 0.290 हेक्टर, सर्वे, नम्बर 259/2 रकबा 0.140 हेक्टर, सर्वे नम्बर 259/3 रकबा 0.280 हेक्टर, सर्वे नम्बर 260/4/1 रकबा 1.00 हेक्टर, सर्वे नम्बर 260/4/2 रकबा 1.00 हेक्टर, सर्वे नम्बर 260/5 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे नम्बर 262/1 रकबा 0.430 हेक्टर, सर्वे नम्बर 262/2 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे नम्बर 261/1 रकबा 0.130 हेक्टर, सर्वे नम्बर 261/2 रकबा 0.130 हेक्टर, सर्वे नम्बर 342/1/2/2 रकबा 0.320 हेक्टर, सर्वे नम्बर 342/1/2/3 रकबा 0.320 हेक्टर, सर्वे नम्बर 342/1/2/4 रकबा 0.320 हेक्टर सर्वे नम्बर 342/1/2/5 रकबा 0.320 हेक्टर, सर्वे नम्बर 342/1/2/6 रकबा 0.320 हेक्टर, सर्वे नम्बर 342/1/1 रकबा 0.400 हेक्टर, सर्वे नम्बर 342/2 रकबा 1.010 हेक्टर, कुल कित्ता 18 कुल रकबा 5.840 हेक्टर भूमि, ग्राम धन्नाखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का सपादन करवाना शेष है।
उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक. सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनाकं-15/12/2025, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट ऑफिस-D-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन मोबाईल नम्बर- 94248 78460**

# विशेषज्ञ की कीमत



बात 1920 के आस-पास की है। प्रसिद्ध अमेरिकी उद्योगपति हेनरी फोर्ड के रिवर रूज प्लांट में एक विशाल जेनरेटर अचानक बंद हो गया। फोर्ड की अपनी इंजीनियरिंग टीम भी समस्या पकड़ नहीं पाई। तब बुलाया गया चार्ल्स स्टाइनमेट्ज को। वह उस समय अमेरिका के जीनियस इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे। स्टाइनमेट्ज केवल एक नोटबुक, पेन और एक फोल्डिंग खाट लेकर पहुंचे। दो दिन दो रात तक उन्होंने मशीन की हर आवाज, हर कंपन को महसूस किया और वह जटिल गणनाएं करते रहे। फिर वह सीढ़ी लेकर जेनरेटर के ऊपर चढ़े, एक खास जगह पर निशान लगाया और टीम को ठीक उस जगह से 16 तारों की कुंडली खोलने का निर्देश दिया। वे तार एक-दूसरे में गुथ गए थे। बस, इतना करते ही जेनरेटर फिर से चल पड़ा, एकदम सही तरीके से! कुछ दिनों बाद हेनरी फोर्ड को स्टाइनमेट्ज का बिल मिला- दस हजार डॉलर। उन दिनों दस हजार डॉलर, यानी आज के दस करोड़ डॉलर के बराबर थे। हेनरी फोर्ड चौंक गए और उन्होंने तफसील के साथ बिल मांगा, क्योंकि स्टाइनमेट्ज की टीम ने सिर्फ दस मिनट के अंदर गुथे हुए तार खोल दिए थे। फोर्ड ने सोचा, ऐसा कौन सा बड़ा काम था? स्टाइनमेट्ज ने नया बिल भेजा- चॉक का निशान लगाने के लिए : 1 डॉलर। सही जगह पर निशान लगाने का ज्ञान : 9,999 डॉलर। फोर्ड स्वयं एक जीनियस थे, वह स्टाइनमेट्ज का भाव समझ गए और बिना एक शब्द कहे, पूरा भुगतान कर दिया। यह छोटा सा वाकया एक किंवदंती बन गया है। यह आज भी इस बात की मिसाल है कि विशेषज्ञता की कोई निश्चित कीमत नहीं लगाई जा सकती। वस्तुतः यह आदमी की प्रतिभा का कमाल है, जिसे रुपये से तौला नहीं जा सकता। इस कहानी को ओशो ने कई बार सुनाया है। विशेषज्ञ वह है, जो छोटे से छोटे विषय के बारे में अधिक से अधिक जानता है। कोई भी काम सफलतापूर्वक कर देने के बाद बिल्कुल सरल लगता है। ऐसा लगता है कि यह काम तो एक बच्चा भी कर सकता है। हम भी कर लेते, लेकिन असली बुद्धिमानी वह है, जो दिखाई नहीं देती। शारीरिक श्रम तो दिखाई देता है, इसलिए मोटे काम करने वालों को लगता है कि कंपनी के संचालक क्या काम करते हैं! सिर्फ बैठकर बातचीत करते हैं, लेकिन वही काम जिम्मेदारी का होता है। जो सूक्ष्म है, वही असली कीमती है। मंजिल पर पहुंचने के बाद बहुतों को लगता है कि क्या जरूरत थी किसी के सहारे की? अपना ही खजाना था, अपने को ही पाना था। मगर जब तक नहीं पहुंचते, तब तक अज्ञान का अंधेरा ऐसा घना होता है कि किसी का मार्गदर्शन न मिले, तो भटकना सुनिश्चित लगता है। इसलिए विशेषज्ञ को मुंहमांगी फीस देनी चाहिए।



सम्पादकीय

## टीका और ऑटिज्म

टीकाकरण से बच्चों में ऑटिज्म होने संबंधी वर्षों पुराना विवाद अब थम सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को स्पष्ट कर दिया कि इस बाबत कोई वैज्ञानिक सुबूत नहीं है। इसके लिए वैक्सीन सुरक्षा पर डब्ल्यूएचओ की वैश्विक विशेषज्ञ समिति ने जनवरी, 2010 से लेकर अगस्त, 2025 तक प्रकाशित 31 शोध अध्ययनों सहित तमाम वैज्ञानिक साक्ष्यों का विश्लेषण किया और यह निष्कर्ष निकाला कि गर्भावस्था व बचपन के दौरान लगने वाले टीके किसी भी तरह से नुकसानदेह नहीं हैं। दरअसल, यह पूरा विवाद साल 1998 में तब शुरू हुआ था, जब लैंसेट पत्रिका में छपे एक शोध अध्ययन में दावा किया गया कि एमएमआर टीका से ऑटिज्म होता है। उस अध्ययन में 12 मामलों का जिक्र किया गया था, हालांकि उसमें वैज्ञानिक पहलुओं का अभाव था, जिसके कारण बाद में पत्रिका ने अपना लेख वापस ले लिया। मगर तब तक तीर कमान से निकल चुका था। तमाम दावों-प्रतिदावों के बावजूद आम जनमानस में टीके और ऑटिज्म के रिश्ते पर बहस चलती रही। अब एक लंबे वैज्ञानिक अध्ययन के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्थिति स्पष्ट कर दी है, जिससे इस विवाद पर विराम लगने की उम्मीद है।

ऑटिज्म असल में एक मानसिक बीमारी है, जिसमें मस्तिष्क का पूरी तरह से विकास नहीं हो पाता। इस वजह से मरीज बाहरी संसार से अलग अपनी दुनिया में खोया रहता है। ऑटिज्म से पीड़ित लोग, फिर चाहे वे बच्चे हों या बड़े, खुद को समाज से कटा हुआ मानते हैं, क्योंकि उनके सोचने-समझने या बातचीत का सलीका आम इंसानों से अलग होता है। हालांकि, कुछ लोग ऐसे मरीजों को मंदबुद्धि मानते हैं, लेकिन डॉक्टरों की नजर में यह महज मिथक है। उनके मुताबिक, ऐसे मरीजों को समाज में घुलने-मिलने में बेशक झिझक हो, लेकिन वे दिमागी रूप से कमजोर नहीं होते। तकनीकी शब्दावली में ऑटिज्म एक न्यूरो- डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो आमतौर पर आनुवंशिक होता है, लेकिन प्रदूषण जैसे बाहरी कारक भी इसकी वजह बन सकते हैं। एम्स ने अपने एक अध्ययन में भारी धातुओं और मोबाइल पर अधिक वक्त बिताने (स्क्रीन टाइम ज्यादा होने) को भी इसका अहम कारण माना है। सलाह यही दी जाती है कि अगर बच्चा अकेला रहना पसंद करता है, बोलने में झिझकता है या नजरें मिलाने से बचता है, तो उसे ऑटिज्म हो सकता है।

सत्ता की ममता

# एसआईआर पर बंगाल का दृश्य डरावना

देश के नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर यानी विशेष मतदाता निरीक्षण अभियान चल रहा है। इनमें पश्चिम बंगाल का पूरा दृश्य भयभीत करने वाला है। जितनी बड़ी संख्या में वहां बीएलओ यानी बूथ लेवल ऑफिसर या मतदान केंद्र स्तर कर्मियों की मृत्यु या आत्महत्या की बातें उठाई जा रही है वह अकल्पनीय है। पूरी तृणमूल कांग्रेस और स्वयं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के विरुद्ध आक्रामक मोर्चा खोल दिया है। ममता ने आयोग को औपचारिक रूप से दो पत्र लिखे जिनमें इसे अनियोजित तरीके से आरंभ कर लोगों की जान जोखिम में डालने का आरोप लगाया तथा इसे तत्क्षण रोकने की भी मांग की। उनके पत्र में ऐसा न करने पर परिणाम के लिए उत्तरदायी होने की धमकी और चेतावनी दोनों थी। बंगाल पहला राज्य है जहां बीएलओ के बैनर से मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। 28 नवंबर को तृणमूल के प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात कर अपनी बातें रखीं। आयोग के हवाले से समाचार आया कि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से एस आई आर की प्रक्रिया में बाधा न डालने तथा दुष्प्रचार न करने का अनुरोध किया। आयोग ने तृणमूल प्रतिनिधिमंडल से कहा कि राजनीतिक बयान आपका अधिकार है लेकिन दुष्प्रचार कर समस्याएं पैदा करना उचित नहीं है। आयोग ने बीएलओ की मृत्यु या आत्महत्या के आरोपों से भी इनकार किया। यद्यपि कुछ मामलों में जांच की भी बात की। निश्चय ही हमारे आपके अंदर एस आई आर की पूरी प्रक्रिया तथा उसकी तात्कालिक परिणतियों को लेकर अनेक प्रश्न और संदेह पैदा होंगे।



अवधेश कुमार
(दैनिक अवन्तिका)

विचार करने की बात है की अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दृश्य ऐसे क्यों नहीं है? हमने बिहार एस आई आर के दौरान राजनीतिक नेताओं के तेवर देखें, राहुल गांधी की 16 दिनों की वोट अधिकार यात्रा हुई ,उच्चतम न्यायालय में नामी वकीलों ने इसके विरुद्ध बहस की किंतु प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई। इस समय भी उच्चतम न्यायालय में सुनवाई चल रही है । इसमें स्वयं मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि जब आप बिहार के बारे में बातें कर रहे थे तो हमें भी लगा कि कुछ गड़बड़ी हुई है और हमने वहां वॉलिंटियर्स नियुक्त किए? आपने कहा कि लाखों के नाम कट रहे हैं, एक व्यक्ति नहीं आया जिसने अपना नाम काटने का आरोप लगाया। दूसरे, आपने कहा कि लोगों को प्रक्रिया की जानकारी नहीं है जबकि दिखाई दिया कि गांव के स्तरों पर भी लोगों को पूरी जानकारी थी। इसी तरह की टिप्पणी अन्य न्यायाधीशों की भी आई है। आधार कार्ड पर भी न्यायालय ने प्रश्न किया कि किसी विदेशी नागरिक के पास आधार कार्ड है तो क्या उसे मतदान का अधिकार दे दिया जाएगा? स्पष्ट है कि एसआईआर की पूरी सुनवाई और मॉनिटरिंग के बाद उच्चतम न्यायालय किन सच्चाइयों पर पहुंचा है। एस आई आर की प्रक्रिया ऐसी जटिल नहीं है जिसके दबाव में या परेशान होकर बीएलओ को आत्महत्या करनी पड़ी या उसकी मृत्यु हो जाए। बिहार के अलावा अभी जिन राज्यों में हो रहे हैं वहां बी एल ओ लोगों को फोन करते हैं, पास जाते हैं, राजनीतिक पार्टियों के बीएलए बूथ लेवल एजेंट भी फोन करते हैं कि आपके पास फार्म पहुंचे नहीं पहुंचे आदि आदि और सहयोग से सारा काम चल रहा है। थोड़े बहुत परिश्रम के बाद कागजात भी हो जा रहा है।

किंतु बंगाल की स्थिति भिन्न है। न भूलिए कि वहां एनआईए आतंकवाद के मामले में कार्रवाई करने जाती है तो उन पर हमले होते हैं और कार्रवाई के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल लाना पड़ता है। बंगाल में एस आई आर की सूचना के साथ कुछ मोहल्ले खाली हो गए और पता चला कि सारे बांग्लादेशी घुसपैठियों थे। बांग्लादेश की सीमा पर भीड़ दिखी जो बता रहे हैं किघुसपैठ कर आए, उनके आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र बने और उन्होंने मतदान भी किया। टीवी वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग बीएसएफ से कह रहे हैं कि हमें उस ओर जाने दीजिए। बावजूद पूरी तृणमूल कांग्रेस स्वीकार करने को तैयार नहीं की कोई बांग्लादेशी घुसपैठिया उनके यहां हैं। उल्टे मुस्लिम मतदाताओं का नाम काटने का ही आरोप लगा रहे। यह एक पहलू बताने के लिए पर्याप्त है कि बंगाल में बीएलओ के साथ क्या हो रहा होगा।

दो अन्य पहलू भी पर ध्यान दीजिए। चुनाव आयोग ने कहा है कि एसआईआर के दौरान कई राज्यों में विसंगतियां सामने आई है। मुंबई की मतदाता सूची में 10.64% यानी 11 लाख से अधिक डुप्लीकेट नाम पाए गए हैं। कुछ वार्डों में एक ही व्यक्ति का नाम 2 से लेकर 103 बार तक मिला। बंगाल का मामला कहीं अधिक बड़ा है। चुनाव आयोग के अनुसार मतदाता सूची की तुलना पिछली एस आई आर (2002-2006) के रिकॉर्ड से करने पर लाखों नामों की विसंगति सामने आई। आयोग के पोर्टल पर गणना प्रपत्र अपलोड किए जाने के बाद मैपिंग प्रक्रिया में आते ही मिलान पुराने रिकॉर्ड से किया जाता है। मतदाता सूची में बड़ी संख्या में रिकॉर्ड मिसमैच चाहे वह मृत्यु रिकॉर्ड , निवास या पता बदलने , बाहर चले जाने या नाम के दोहरीकरण से हो चुनाव की पारदर्शिता को सीधे प्रभावित करने वाला पहलू है। बंगाल की सूची में 47 लाख ऐसे मतदाता सामने आये थे, जो अब दुनिया में नहीं हैं। इनमें 34 लाख ऐसे थे, जिनके आधार कार्ड भी बने थे।

पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची पर कई शोध हुए हैं।अगस्त 2025 में प्रकाशित शोध इलेक्टरल रोल इन्फ्लेशन इन वेस्ट बेंगालः अ डेमोग्राफिक रिकंस्ट्रक्शन ऑफ लेजिटीमेट वोटर काउंट्स (2024) में विद्यु शेखर (एसपी जैन, मुंबई) और मिलन कुमार (आईआईएम विशाखापत्तनम)-- के अनुसार, 2024 की मतदाता सूची में करीब 1.04 करोड़ अतिरिक्त नाम हैं। यह कुल नाम का लगभग 13.69 प्रतिशत है। वस्तुतः 2004 में राज्य में 4.74 करोड़ मतदाता थे। 1986 से 2006 के बीच जन्मे और 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं को जोड़ने, प्रवासन, प्राकृतिक मृत्यु दर और उम्र के आधार पर अनुमान लगाया गया कि 2024 में पश्चिम बंगाल में वैध मतदाताओं की संख्या करीब 6.57 करोड़ होनी चाहिए थी, जबकि है, 7.61 करोड़। जन्म और मृत्यु दर बिल्कुल निश्चित है।

## फाइल का धर्म

हमारे मोहल्ले में एक दफ्तर है। दफ्तर नहीं, आस्था-स्थल है। वहाँ लोग माथा टेकने नहीं, आवेदन देने आते हैं। प्रवेश द्वार पर लिखा है–

यहाँ काम नियम से होता है।

अंदर जाकर समझ में आता है कि नियम बहुत धार्मिक होते हैं–कभी प्रकट नहीं होते, पर सब उनसे डरते हैं।

मैं भी एक दिन वहाँ गया। काम छोटा था–बस प्रमाण चाहिए था कि मैं जीवित हूँ। क्लर्क ने मुझे ऊपर से नीचे देखा, जैसे यह तय कर रहा हो कि मैं जीवित होने लायक हूँ भी या नहीं। फिर बोला,

फाइल लाइए।

मैंने कहा, फाइल तो बनवानी है।

वह मुस्कराया। यह मुस्कान नहीं थी, सरकारी आश्वासन था। बोला,

पहले फाइल बनेगी, फिर चलेगी, फिर रुकेगी, फिर खो जाएगी, फिर मिल जाएगी–तब काम होगा।

फाइल बनी। उसमें कागज ऐसे सजे थे जैसे विवाह में रिश्तेदार–कोई दूर का, कोई बिना बुलाए। एक कागज पर मेरी उम्र लिखी थी, दूसरे पर मेरी उम्र से असहमति जताई गई थी। क्लर्क ने कहा,

देखिए, विभाग में मतभेद लोकतंत्र की निशानी है।

फाइल ऊपर गई। ऊपर बैठे अधिकारी को मैंने नहीं देखा, केवल उनकी कुर्सी देखी। कुर्सी बहुत अनुभवी लग रही थी। उस पर बैठने वाला कोई भी व्यक्ति तुरंत गंभीर हो जाता है।

अधिकारी ने पूछा,

इस पर टिप्पणी किसने नहीं की?

क्लर्क बोला, अभी सबने नहीं की है, सर।

अधिकारी नाराज हो गया, तो पहले सबसे कराइए। बिना टिप्पणी के फाइल अनाथ हो जाती है।

टिप्पणी होने लगी। हर आदमी ने लिखा–देखा जाए।

यह शब्द विभाग में बहुत शक्तिशाली है। इससे काम तुरंत न होता है, पर आशा बनी रहती है।

तीन महीने बाद मुझे सूचना मिली कि मेरा प्रमाण बन गया है। मैं खुशी-खुशी पहुँचा। क्लर्क ने फाइल खोली, फिर चौंका।

अरे, आप तो इस बीच सेवानिवृत्त हो गए।

मैंने कहा, किस चीज से?

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 16 दिसंबर 2025 मंगलवार
सूर्योदय - 07:05 सूर्यास्त 17:41
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि - द्वादशी 23:48 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - स्वाति 14:10 उपरांत विशाखा
योग - अतिगंड 13:24 उपरांत सुकर्मा
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 24 तारिख

**मेष-** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा।

**वृषभ-** मित्रों के साथ अच?छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मिथुन-** झंझटों में न पड़ें। जल्दबाजी से हानि होगी। आलस्य हावी रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा।

**कर्क-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा।

**सिंह-** भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या-** बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी।

**तुला-** नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**वृश्चिक-** अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है। दूसरों की बातों में न आएं। धैर्य रखें, समय सुधरेगा।

**धनु-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा।

**मकर-** व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ-** वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी। नए मित्र बनेंगे। आय बनी रहेगी। हर कार्य बेहतर होगा।

**मीन-** घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। योजना फलीभूत होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## राजनीति का यह कैसा स्वरूप ?

वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में राजनीति का जो विकृत स्वरूप दिखाई देता है, उसके मूल में राजनीति के मैदान को नागरिकों द्वारा खुला छोड़ देना है। सीधे तौर पर यदि कहा जाए तो नागरिकों की राजनीति के प्रति अनासक्ति के चलते राजनीति निरंतर दूषित होती रही है, तो यह गलत नहीं होगा। मनमानी नीति और मनमाने निर्णयों के आधार पर जोड़-तोड़ के सहारे बनती सरकारें, परस्पर विपरीत विचारधारा का सत्ता के लिए ध्रुवीकरण और वर्ग विशेष के हित साधन की रीति-नीति के चलते राजनीतिक शुचिता और पवित्रता लगातार दांव पर लगती रही है।

यह सब एकाएक नहीं हुआ। दरअसल राजनीतिक दलों की गंभीर से गंभीरतम गलतियों पर भी जब नागरिकों ने विशेष संज्ञान नहीं लिया तब इन दलों के हौसले निरंतर बढ़ते ही गए। आम नागरिकों को जैसे चाहे वैसे बरगलाया जाता रहा। सब्जबाग दिखाए गए और कभी ना पूरे होने वाले वादों के सहारे चुनावी वैतरणी पार की जाती रही। आज भी यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। दल बदले, चेहरे बदले किंतु व्यवस्था को व्यवस्थित कर देने के जमीनी प्रयास बहुत कम सार्थक सिद्ध हो पाए। परिणामस्वरूप विकृतियों के जाल का जंजाल हर दौर में देश-प्रदेश को समस्या प्रधान ही बनाता गया।

राजनीतिज्ञों द्वारा शक्ति प्रदर्शन के आधार पर शह और मात का खेल खेला जाने लगा है। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते एक ही दल में अलग-अलग गुट, अलग-अलग स्तर की राजनीति किया करते हैं। यह तथ्य अत्यंत आश्चर्यजनक है कि एक ही बैनर के तले विभिन्न विचारधाराएं परस्पर प्रतिस्पर्धा करती दिखाई देती है। राजनीतिक वर्चस्व स्थापित करने की दिशा में नैतिक-अनैतिक का कतई खयाल नहीं रखा जाता। इन्हीं कारणों से समाज का संभ्रांत वर्ग राजनीति से पर्याप्त दूरी बनाकर चलता है। इस वर्ग की खामोशी प्रकारांतर से राजनीति में अराजक तत्वों को प्रश्रय देती प्रतीत होती है। वैसे भी राजनीति में किसी भी प्रकार की योग्यता का मापदंड कहीं कोई निर्धारित नहीं है। भीड़ को हांकने की जिसमें क्षमता होती है,उसे सफल राजनीतिज्ञ के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह कटु वास्तविकता है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व हमें विदेशी हांकते थे, और अब हमें हमारे वाले ही हांकते है। दरअसल लोकतंत्र में राजनीति का भरपूर दोहन करने में सामाजिक की अपेक्षा असामाजिक तत्वों की सक्रियता चरम पर है।

यह एक ऐसी कटु वास्तविकता है कि नीति और सिद्धांतों की राजनीति का दंभ भरने वाला राजनीतिक नेतृत्व भी इस वास्तविकता को जान कर भी अनजान बना रहता है। लोकतंत्र की राजनीति में नेतृत्व को अपने पाले में खेल रहे हर खिलाड़ी को तवज्जो देना उनकी राजनीतिक विवशता है। एक प्रकार से लोकतंत्र की यह विकृति राजनीति की मान्य परंपरा में मर्ज होती दिखाई देती है। दरअसल हर एक राजनीतिक दल का शीर्ष नेतृत्व इस तथ्य से भलीभांति अवगत है, लेकिन इसकी शल्यक्रिया के लिए आगे आने को तैयार नहीं है।

जनसमर्थन के आधार को कोई भी नेतृत्व खोना नहीं चाहता। चाहे वह जनसमर्थन अराजकता से ही फलित क्यों न हुआ हो ? वास्तव में नेतृत्व के शिखर को अपनी नींव का खयाल रखना भी तो अत्यंत आवश्यक होता है ! नेतृत्व की यही लाचारी राजनीतिक विकृतियों का कारण बन रही है। स्थापित राजनीतिज्ञों द्वारा उच्च स्तर पर सत्ता का समीकरण बैठाने की गरज से बेमेल गठबंधन समाज में नकारात्मक संदेश देते हैं। येन-केन-प्रकारेण सत्ता के लिए राजनीति का सिलसिला उचित-अनुचित में भेद नहीं करता। यही कारण है कि राजनीति का मूल स्वरूप निरंतर विकृत होता जा रहा है। आमतौर पर देखा गया है कि एक ही दल के अलग-अलग गुट के नेता अपने गुटीय वर्चस्व के चलते शीर्ष नेतृत्व से अपने एवं समर्थकों के पदों के लिए सौदेबाजी करते दिखाई देते हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हेतु अवसर आने पर अपने मान-सम्मान और स्वाभिमान को भी ताक पर रख दिया जाता है।

# कच्ची उम्र में कामुकता का शिकार होती आधुनिक स्मार्ट पीढ़ी

आधुनिकता के इस युग में दुनिया जैसेझ्जैसे वैज्ञानिक तकनीक के सहारे स्मार्ट होती जा रही है, वैसेझ्वैसे वह कुछ अनमोल चीजें भी खोती जा रही है। चमक-दमक से भरे इस दौर में हमें शायद इसका एहसास न हो, पर जो कुछ हम खो रहे हैं, वह समय के साथ हमारे ही घरों में पनप रही नवपीढ़ी के आचार-विचार और व्यवहार में साफ झलकने लगता है। जब हर चीज स्मार्ट हो चुकी है, तब इस दौर का बचपन भला कैसे अछूता रह सकता है ? आज भारत सहित दुनिया भर में ऐसे मासूम बच्चे देखने को मिल जाते हैं जिन्हें अभी अपनी नैपकिन ठीक से बांधना नहीं आता, पर स्मार्टफोन चलाना ऐसे जानते हैं कि बड़ेझ्बड़े लोग भी दाँतों तले उंगली दबा लें। लगातार अपडेट होते इस डिजिटल युग का बचपन अपने माता-पिता की कल्पना से कहीं आगे निकल चुका है। इन बच्चों से जब आप बातचीत करते हैं या इनके व्यवहार को पास से देखते हैं तो लगता है कि इनका बचपन समय से पहले ही खो चुका है और वे अपनी उम्र से कहीं अधिक बड़ों जैसा आचरण करने लगे हैं।



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

बचपन मानव जीवन का सबसे सुंदर और सर्वोत्तम दौर होता है–जिसमें न फिक्र होती है, न चिंता और न जिम्मेदारी। बचपन जीवन का वह खाका है जिसमें भविष्य का निर्माण होता है। जिन लोगों ने बचपन को खुलकर जिया है, उनकी स्मृतियाँ जीवनभर साथ रहती हैं और वे अभावों में भी प्रसन्न रहना जानते हैं। इसके उलट, जिनका बचपन छिन गया, वे बड़े होकर भी तनावग्रस्त देखे जाते हैं । आधुनिक होते मनुष्य ने सुविधाओं और वैभव के पीछे भागते-भागते अपने ही बच्चों का बचपन छीन लिया है। आज बड़े-बड़े घर हैं, आधुनिक सुविधाएँ हैं, पर उन घरों में कैद बच्चों के हाथों में वही उपकरण दे दिए गए हैं जो उन्हें कच्ची उम्र में ही कामुकता की ओर धकेल रहे हैं। स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल सामग्री की नग्नता बच्चों के मन को तेजी से प्रभावित कर रही है।


भारत के महानगरों से लेकर गाँवों तक, कच्ची उम्र के बच्चों का कामुकता की चपेट में आना तेजी से बढ़ रहा है। स्मार्टफोन की लत और डिजिटल प्लेटफॉर्म की नग्न सामग्री ने बच्चों के मन को असामान्य रूप से परिपक्व बना दिया है। परिणामस्वरूप वे समय से पहले किशोर और मानसिक रूप से उग्र हो रहे हैं, यौवन की दहलीज पर पहुँचते-पहुँचते अपनी स्वाभाविक निष्कपटता खो देते हैं, संतुष्टि की चाह में नशे की ओर मुड़ जाते हैं, और कई बार अपराध की राह पकड़ लेते हैं । आज अधिकांश अभिभावकों को पता ही नहीं चलता कि उनके बच्चों का बचपन कब और कैसे लोहे के बंद कमरों में खत्म हो गया। घुटन, अकेलापन और डिजिटल दुनिया की निर्बाध पहुँच ने बच्चों की भावनात्मक बनावट को कमजोर कर दिया है। हम शायद वह अंतिम पीढ़ी हैं जिसने बचपन को खुली हवा में, मिट्टी में, खेलों में, दोस्तों के साथ हँसीझ्मजाक में जिया है। हमारे घर भले कच्चे थे, पर दिल बड़े थे। गलियाँ बच्चों की मस्तियों से गुलजार रहती थीं। घुटने फूटते थे, कोहनियाँ छिलती थीं, पर पाँवों में हिरन जैसी फुर्ती थी ।पर आज का बचपन घर में कैद, मोबाइल में डूबा, जिद्दी, चिड़चिड़ा, तनावग्रस्त और कई बार अवसाद से घिरा हुआ ? न भूख का अनुशासन, न नींद का क्रम और न घरझ्परिवार से आत्मीयता। जिस उम्र में बच्चों में मासूमियत छलकनी चाहिए, उसी उम्र में वे सबसे ज्यादा तनाव से गुजरते दिखाई देते हैं। डिजिटल क्रांति ने बच्चों को अनगिनत ज्ञान दिया है, पर उससे कहीं अधिक विषाक्त सामग्री भी उपलब्ध करा दी है।आज स्मार्टफोन में–ताले लगने लगे हैं, निजी पैटर्न लॉक आम हो गए हैं, बच्चे ही अपने फोन अभिभावकों से छिपाने लगे हैं ।यह सब किसी बड़े खतरे की ओर संकेत करता है। यदि हमें अपने बच्चों को कच्ची उम्र में कामुकता का शिकार होने से बचाना है तो अभिभावकों को कठोर आत्म अनुशासन अपनाना होगा ।

धर्म-आस्था

# नववर्ष 2026 में 63 शुभ विवाह मुहूर्त, फरवरी से बजेगी शहनाई

नववर्ष 2026 में विवाह के लिए कुल 63 शुभ मुहूर्त रहेंगे। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार जनवरी माह में शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण विवाह के कोई मुहूर्त नहीं होंगे। जबकि फरवरी माह से विवाह का शुभारंभ होगा।नए साल में सबसे अधिक विवाह मुहूर्त फरवरी माह में 13 रहेंगे। वहीं जून और जुलाई में 10-10 मुहूर्त निर्धारित किए गए हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार वर्ष 2026 में चार अबूझ मुहूर्त भी शामिल रहेंगे। जिनमें अक्षय तृतीया, बसंत पंचमी, देवउठनी एकादशी सहित अन्य प्रमुख तिथियां शामिल हैं। इन तिथियों पर बिना पंचांग देखे विवाह जैसे मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। हालांकि जनवरी माह में शुक्र के अस्त रहने के कारण विवाह सहित अन्य शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। फरवरी माह में 4 फरवरी से विवाह मुहूर्त की शुरूआत होगी। इस माह में सप्ताह के विभिन्न दिनों में कुल 13 शुभ तिथियां रहेंगी। इसके बाद मार्च और अप्रैल में सीमित संख्या में विवाह मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे। मई माह में भी कुछ चुनिंदा दिन विवाह के लिए शुभ माने गए हैं। जून और जुलाई माह में विवाह के लिए अच्छी संख्या में मुहूर्त रहेंगे, जिससे शादियों की रौनक चरम पर रहने की संभावना है। वहीं अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के चलते विवाह मुहूर्त नहीं होंगे। इसके बाद नवंबर और दिसंबर में पुनः विवाह के लिए कुछ शुभ तिथियां उपलब्ध रहेंगी।

ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि विवाह मुहूर्तों का निर्धारण ग्रहों की चाल, नक्षत्रों की स्थिति और पंचांग के आधार पर किया जाता है। वर्ष 2026 में सूर्य के धनु और मीन राशि में प्रवेश, शुक्र-गुरु के अस्त और उदय काल को ध्यान में रखते हुए मुहूर्त तय किए गए हैं। इसी कारण कुछ महीनों में विवाह पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।



कुल मिलाकर वर्ष 2026 में फरवरी से जुलाई के बीच विवाह का सीजन सबसे अधिक सक्रिय रहेगा। विवाह की तैयारी कर रहे लोगों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते अपने अनुकूल मुहूर्त का चयन कर लें। ताकि शुभ योग में वैवाहिक आयोजन संपन्न हो सके।

### फरवरी 2026 के विवाह मुहूर्त

फरवरी में विवाह की शुरूआत 4 फरवरी (बुधवार) से होगी। इस माह कुल 13 शुभ तिथियां हैं– 4, 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25 और 26 फरवरी

### मार्च 2026 के विवाह मुहूर्त

**मार्च में कुल 8 मुहूर्त रहेंगे–**

2, 3, 4, 7, 8, 9, 11 और 12 मार्च

### अप्रैल 2026 के विवाह मुहूर्त

अप्रैल में 8 शुभ तिथियां तय की गई हैं–
15, 20, 21, 25, 26, 27, 28 और 29 अप्रैल।

### मई 2026 के विवाह मुहूर्त

मई माह में 7 विवाह मुहूर्त रहेंगे–
1, 3, 5, 6, 7, 8, 13 और 14 मई।

### जून 2026 के विवाह मुहूर्त

जून में विवाह के लिए 10 शुभ तिथियां होंगी–
21, 22, 23, 24, 25, 26, 27 और 29 जून।

### जुलाई 2026 के विवाह मुहूर्त

जुलाई में भी 10 मुहूर्त निर्धारित किए गए हैं–
1, 6, 7, 11 और 12 जुलाई सहित अन्य तिथियां।

### नवंबर 2026 के विवाह मुहूर्त

चार माह के विराम के बाद नवंबर में फिर से विवाह मुहूर्त शुरू होंगे–
21, 24, 25 और 26 नवंबर।

### दिसंबर 2026 के विवाह मुहूर्त

दिसंबर में 6 शुभ तिथियां रहेंगी–
2, 3, 4, 5, 6, 11 और 12 दिसंबर।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2250-2950, चना काबली- 3026-8251, चना बड़ा- 4749-5790, बटला- 2400-4150, राई- 6260, सोयाबीन- 1875-5551, राजमा- 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना-स्टेण्डर्ड- 1,31,900, रवा- 1,31,800 चांदी-टंच- 1,88,200 पाट- 1,88,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## मध्य प्रदेश स्टेट कराटे चैंपियनशिप में राजगढ़ के खिलाड़ियों ने हासिल किए मेडल

**ब्यावरा।** मध्य प्रदेश स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन इंदौर के डेली कॉलेज में 12 और 13 दिसंबर को हुआ, क्रीड़ा भारती राजगढ़ जिला मंत्री ओर राजगढ़ कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया की जिले के अवयुत पिता जितेन्द्र सेन ने यू- 7 ईयर -25 केजी वेट कैटेगरी में ब्रांज कास्य मेडल, बसंत पिता हेमराज विश्वकर्मा ने ऐज +18 में -60 केजी में सिल्वर मेडल, अवनी पिता योगेश शर्मा यू -13, -42 केजी में कास्य पदक, आराध्य पिता रोहित मोर्य यू- 12 +55 में ब्राँज मेडल, प्रतिष्ठा पिता लखन लोधी यू -21 ऐज ग्रुप में -50 में ब्रांज मेडल प्राप्त किया ये खिलाड़ी आगामी कराटे की राष्ट्रीय स्तर सेलेक्शन जो की 2 से 6 जनवरी 2026 में सम्मिलित होकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयनित होने की कोशिश करेंगे इस अवसर पर क्रीड़ा भारती और कराटे संघ के पदाधिकारी सचिन शर्मा, कंचन सोनी, सुनील बाफना, इंदरनारायण श्रीवास, रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिची, घनश्याम कुशवाह और इष्टमित्रो ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पुनरखेड़ी गांव से इंडियन आर्मी में एक साथ 8 युवाओं का चयन होने पर स्वागत



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में ब्यावरा तहसील के पुनरखेड़ी गांव से इंडियन आर्मी में एक साथ 8 युवाओ का चयन हुआ है इंडियन आर्मी में एक साथ 8 युवा मनोज पिता लखन यादव, कपिल पिता मिश्री लाल यादव, कपिल पिता जगदीश यादव, अतुल पिता राधेश्याम यादव, मनीष राठौर पिता घिसा लाल राठौर, अभिषेक पिता अजब सिंग यादव, अमन पिता मिश्री लाल यादव, देवराज पिता रामचंद्र कुम्हार के चयन होने से गांव व पूरे जिले का नाम रोशन किया है गांव के पटेल लख्मीचंद यादव द्वारा सभी को फूल माला पहनकर तिलक लगाकर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पहली बार लेवल 8 रैफरी प्रशिक्षण हो रहा विभिन्न जिलों के 32 प्रशिक्षणार्थी शामिल



**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन द्वारा प्रायोजित जिला फु टबॉल एसोसिशन शाजापुर द्वारा 4 दिवसीय फुट बॉल का लेवल 8 रैफ री प्रशिक्षण शुजालपुर में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 32 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं जो सुबह 6.30 से 8.30 फ ील्ड में ओर 10 से दोपहर 1 बजे तक क्लास रूम में एवं शाम 4 से 6.30 बजे तक फ ील्ड में रेफ रशिप को बारीकियां सिखा रहे हैं, प्रशिक्षणार्थियों को जबलपुर से कर्नल गौतम, उदय भान सिंह द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसमें सभी पूर्व एवं वर्तमान खिलाडिों एवं नगर के नागरिकों का सहयोग मिल रहा है, जानकारी जिला फुटबॉल एसोसिशन सचिव चेतन परमार ने दी।

## राजपूत समाज की जिला बैठक हुई कार्यकारिणी के पदाधिकारी घोषित

**शुजालपुर।** राजपूत समाज जिला शाजापुर की जिला बैठक का आयोजन महाराणा प्रताप छात्रावास शुजालपुर पर किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह सिसोदिया ,विशेष अतिथि विरेन्द्र सिंह गोहिल, राजेन्द्र सिंह दरबार राजू बना, देवेंद्र सिंह सिसोदिया, लोकेंद्र सिंह खेजडिया, हिरेंद्र सिंह जादौन, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया मौजूद रहे। बैठक मे समाज मे शिक्षा एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह सिसोदिया मिक्कु बना ने जिला कार्यकारी अध्यक्ष के लिए इंदर सिंह जादौन गोपाल सिंह राजपूत, देवेन्द्र सिंह जादौन अलिसरीया को जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए। कार्यक्रम का संचालन गोपाल सिंह राजपूत एवं आभार राकेश सिंह चावड़ा एवं राजेंद्र सिंह सिलोदा ने माना।

This is to inform the general public that Migration Certificate and Transfer Certificate of Aditya Vijayvargiya, S/o Kapil Vijayvargiya, passed XII in year 2023 from ST. Thomas Higher Secondary School, Barnagar, have been lost and are required for further education purposes. The certificates pertain to Board: ICSE, Year of Passing: 2023, Unique ID:7358700 If anyone has any objection regarding issuance of the said certificates, the same may be conveyed in writing within 7 days from the date of publication of this notice to the undersigned.

If no objection is received, the concerned authorities may proceed to issue the Migration Certificate and Transfer Certificate.

**Name: Aditya Vijayvargiya**
**Address: Diversion Road, barnagar**
**Mobile No.: 9165144886**
**Date: 15/12/2025**
**Place: Barnagar**

### जनपद पंचायत सीईओ ने उपयंत्रियों की संयुक्त बैठक में की समीक्षा

# एक बगिया मां के नाम शासन की महत्वाकांक्षी योजना- पंचायत सीईओ हेमेन्द्र गोविल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



एक बगिया मां के नाम शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत पहली बार यह व्यवस्था की गई है कि स्व सहायता समूह में पंजीकृत महिला सदस्यों के नाम से 100 फीसदी अनुदान सहित फलदार पौधों को लगाने का प्रोजेक्ट मनरेगा योजनांतर्गत स्वीकृत किया जाता है। इस योजना को हम धरातल पर लागू करते हुए इसे सफल बनाए।

यह बात जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल ने उपयंत्रियों की संयुक्त बैठक में योजना की समीक्षा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों को इस हेतु 100 हितग्राहियों के चयन का लक्ष्य शासन की और से दिया गया था, हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन एसआरएलएम विभाग की कृषि सखियों द्वारा किया गया। जिनके द्वारा हितग्राही के खेत पर जाकर इस एप के माध्यम से ऑनलाइन लोकेशन आदि मार्क किये गए। इस प्रकार जनपद पंचायत सारंगपुर द्वारा सबसे पहले हितग्राहियों का चयन कर लक्ष्य प्राप्त किया गया। सीईओ गोविल अभी तक 32 पंचायतो में कुल 108 हितग्राहियों का चयन कर लिया गया है जिनके कार्य भी प्रारंभ कर दिए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर द्वारा स्व सहायता समूह के अमले व उपयंत्रियों की संयुक्त बैठक लेकर योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी हितग्राहियों के यहां शीघ्र पौधे लग जाए एवं फेंसिंग भी हो जाए ताकि उन्हें समय से भुगतान किया जा सके। एपीओ ललित दुबे ने बताया कि मनरेगा में पहली बार ऐसी व्यवस्था हुई है कि एक बगिया मां के नाम कार्यों के लिए पैसा एडवांस में आ चुका है। शासन के मंशा है कि किसी भी हितग्राही को भुगतान में विलंब ना हो, इस प्रोजेक्ट में उल्लेखनीय बात यह है कि फेंसिंग करने एवं पौधे आदि के बिल का भुगतान वेंडर को ना होते हुए संबंधित हितग्राही के खाते में ही होगा। यह हितग्राहियों की इच्छा पर निर्भर है कि वे कही से भी पौधे व फेंसिंग का सामान खरीद सकते है।

### 7 दिवस में पौधे व फेंसिंग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश

एसआरएलएम की उपस्थित कृषि सखियों से एकत्र जानकारी अनुसार अभी तक जनपद पंचायत सारंगपुर में 108 हितग्राहियों के यहां गड्ढे को चुके हैं, 67 हितग्राहियों के यहां पौधे लग चुके हैं एवं 48 हितग्राहियों के यहां फेंसिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोविल द्वारा सभी हितग्राहियों के यहां 7 दिवस में पौधे व फेंसिंग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिये गए। इस अवसर पर एसडीओ कृपाल पैरवाल, एपीओ ललित दुबे, मीनाक्षी कसारे, इंजीनियर सुनील सिंह, पंकज पूर्बिया, हर्षा गौड सहित अन्य उपस्थित थे।



## क्षत्रिय खंगार समाज की जिला बैठक संपन्न

**गुना।** क्षत्रिय खंगार समाज, जिला गुना की बैठक श्रीराम कॉलोनी स्थित माता मंदिर परिसर में रविवार आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य गजराज सिंह ठाकुर साहब रेल्वे डिलाईवार ने की। इस मौके पर बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में आगामी 27 दिसंबर को मनाए जाने वाले महाराजा खेत सिंह खंगार जयंती समारोह को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सभी की सर्वसम्मति से जयंती आयोजन का निर्णय लिया गया तथा आयोजन समिति का गठन किया गया। उक्त समिति में अध्यक्षः गोपाल रोशन परिहार (सरपंच, मगवार), उपाध्यक्षः मुकेश परिहार, कमल परिहार, रामकृष्ण परिहार, राजेश परिहार (भदौरा), आनंद परिहार, हल्के परिहार, बलराम परिहार को नियुक्त किया है। वहीं मीडिया प्रभारी मोनू सिंह परिहार, सचिव मनोज खंगार (शिक्षक), सह सचिव राजेश परिहार, कोषाध्यक्ष बृजेश परिहार सह कोषाध्यक्ष गोलू परिहार, सदस्यगण राजेश परिहार, मलखान सिंह परिहार, दीपक परिहार, शिवकुमार परिहार, लक्ष्मीनारायण परिहार, सौरव परिहार, विजय परिहार, अंकुल परिहार, राहुल परिहार शामिल हैं। बैठक का समापन समाज की एकता, सहयोग एवं महाराजा खेत सिंह खंगार के आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ किया गया।

# हिन्दू शौर्य जागरण मशाल यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए धर्मप्रेमीजन

### प्रशासन रहा चाक चौबंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आरोन



विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में सकल हिन्दू समाज द्वारा अयोध्या बाबरी विध्वंस की बरसी के उपलक्ष्य में विशाल मशाल यात्रा निकाली गई। यात्रा के पूर्व दास हनुमान मंदिर चौराहे पर सायं 6 बजे समाज का एकत्रीकरण हुआ, जय-जय श्रीराम के उदघोषों के साथ मंचासीन अतिथियों ने राम दरबार की पूजा-अर्चना की प्रखंडमंत्री दीपक ओझा ने अतिथि परिचय के साथ बौद्धिक भाषण के लिए विहिप के जिला मंत्री राकेश, विभाग संगठन मंत्री योगी वीर सिंह और मुख्य अतिथि प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश को क्रम से आमंत्रित किया।

वक्ताओं ने हिन्दू शौर्य की अनेक गाथाओं को ऐतिहासिक घटनाओं को अपने जोशिले बौद्धिक के माध्यम से समाज के सामने प्रस्तुत किया। सन1528 को श्रीराम जन्मभूमि पर बाबर के मंसूबे को कैसे थोपा गया और फिर हिन्दू शौर्य जागरण के कारण 06 दिसम्बर 1992 को बाबरी विध्वंस कैसे किया गया और आज विश्व के अद्वितीये राममंदिर पर अयोध्या में शान से भगवा ध्वज लहराता है इस का वृतांत सुनाया। वक्ताओं ने कहा बाबर उस धर्म को मिटाना चाहता था जो हिन्दू धर्म प्रकृति का धर्म है जिसके लिए नदियां शंकर शालिगराम तराशतीं हैं। आकाश में भोर का सूरज भगवा रंग लेकर दिन की यात्रा प्रारंभ करता है जहां सबके सुख की कामना की जाती है। भाषणों के उपरांत कार्यकर्त्ताओं ने हाथों में मशाल लेकर जय जय श्रीराम के नारों के साथ यात्रा निकाली। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन चौकन्ना रहा। यात्रा का समापन इंदिरा पार्क पर किया गया। कार्यक्रम के अंत में विहिप बजरंगदल के प्रखंड अध्यक्ष राजेश शास्त्री ने समाज तथा प्रशासन के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

### मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग

## विश्व हिंदू परिषद ने निकाली सनातन एकता शौर्य यात्रा

**देवास।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के नेतृत्व में मठ-मंदिर मुक्ति अभियान सनातन एकता शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का उद्देश्य मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने की मांग को जन-जन तक पहुंचाना बताया गया। इसमें बड़ी संख्या में संतजन, संगठन के कार्यकर्ता और श्रद्धालु शामिल हुए। शौर्य यात्रा की शुरूआत शहर के सयाजी द्वार के समीप स्थित सिद्धिविनायक मंदिर से हुई। इसके बाद यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सोमेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान अनुशासनपूर्ण ढंग से लोग भगवा ध्वज और धार्मिक प्रतीकों के साथ आगे बढ़ते नजर आए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत भी किया। यात्रा में शामिल वक्ताओं ने मंदिरों की स्वायत्तता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्तमान में कई मंदिर सरकारी नियंत्रण में हैं, जिससे उनके संचालन और संसाधनों के उपयोग को लेकर असंतोष की स्थिति बनी हुई है। वक्ताओं का तर्क था कि जिस प्रकार अन्य धार्मिक संस्थान सरकारी नियंत्रण से बाहर हैं, उसी तरह मंदिरों के संचालन का अधिकार भी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मंदिरों का प्रबंधन स्वतंत्र संस्थाओं के माध्यम से किया जाए, तो उनकी आय का उपयोग धार्मिक गतिविधियों, सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे कार्यों में अधिक प्रभावी और पारदर्शी तरीके से हो सकता है।

### वाइब्रेटर मशीन का उपयोग बताया

## उड़ान महिला सामाजिक शैक्षणिक संस्था ने किया आयोजन



**शुजालपुर।** महिला उड़ान मंच सामाजिक शैक्षणिक संस्था ने मासिक कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेटर मशीन के उपयोग एवं उसे उपयोग में लाने से कौन-कौन से रोगों में फ ायदा होता है , इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी उपस्थिजनों ने बारी-बारी से इसका डेमो लिया एवं जानकारी प्राप्त की। इस आयोजन में उड़ान मंच की समस्त सदस्य ने उत्साह से भाग लिया, यह आयोजन डॉक्टर श्रुति शास्त्री ने किया तथा वाइब्रेटर मशीन का डेमो प्रोफेसर दुबे के द्वारा दिया गया, परिचय वंदना चौहान एवं आभार अलका देशमुख ने माना।

# जाटव समाज के चुनाव में कैलाश जाटव प्रदेशाध्यक्ष बने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

जाटव बृजवासी समाज कल्याण समिति मध्यप्रदेश के प्रदेश स्तरीय चुनाव जिले के करनवास के शहीद भगत सिंह स्टेडियम मंडी परिसर में कराए गए। चुनाव आयोग की चुनाव प्रक्रिया की तरह जाटव समाज के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनाव बेलेट पेपर से कराए गए। इसमें प्रदेश भर से 2515 समाजबंधुओं ने शामिल होकर मतदान किया। इसमें पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कैलाश पंडाजी 373 वोटों से विजयी रहे। जाटव समाज के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पत्रकार लक्ष्मीनारायण पवैया ने बताया कि चुनाव मैदान में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहे। इयमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जाटव पंडाजी कुरावर, गोपाल जाटव पटेल खुजनेर, नन्नूलाल जाटव ठेकेदार ओढ़पुर, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक शिवनारायण जाटव गूजरीबे शामिल हैं। मतदान के बाद दोपहर 3 बजे से मतगणना प्रारंभ हुई। शाम 7 बजे विजयी प्रत्याशी के रूप में कैलाश पंडाजी का नाम घोषित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अपने समर्थकों ने आतिशबाजी और फूलमालाओं से स्वागत किया। सुबह 10 बजे चुनाव प्रारंभ हुए। इसमें अपने प्रदेश के मुखिया चुनने के लिए हजारों लोगों मतदान के लिए लाइन में लगे। दोपहर 3 बजे बजे 2515 लोगों ने मतदान किया। इस दौरान स्टेडियम और मंडी परिसर समाजबंधुओं से खचाखट भरा रहा।

### नि :स्वार्थ समाज सेवा ने दिलाई पुन: जीत

पांच वर्षीय कार्यकाल में कैलाश पंडाजी द्वारा समाजहित में कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसमें प्रमुख जाटव समाज के जाति प्रमाण पत्र के लिए ब्यावरा से भोपाल तक पैदल अधिकार यात्रा, समाज की धर्मशाला के लिए जमीन क्रय, समाज के अधिकारों के लिए शासन-प्रशासन स्तर पर दमदारी से संघर्ष करना आदि कार्य शामिल हैं। चुनाव अधिकारी भागीरथ प्रसाद मलोनिया ने बताया कि दोपहर 3 बजे तक कुल 2515 लोगों ने मतदान किया। इसमें 29 वोट रिजेक्ट हुए। 7 बजे तक चली मतगणना में कैलाश पंडाजी को 373 वोटों से विजयी घोषित किए गए। इसमें पंडाजी को कुल 994 वोट प्राप्त हुए। वहीं प्रतिद्वंदी गोपाल जाटव पटेल को 621 मत प्राप्त हुए। वहीं नन्नूलाल जाटव को 458 वोट और शिवनारायण जाटव को 413 वोट प्राप्त हुए। अंत में चुनाव की घोषणा के बाद निर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण पत्र देकर चुनाव प्रक्रिया संपन्न की गई।

### अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान

# अवैध मदिरा बरामद कर आरोपितों का पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

कलेक्टर राजगढ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश, जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी शैलेंद्र वर्मा एवं दिलीप कुमार भादे के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अवैध मदिरा बरामद कर ताबडतोड कार्रवाई सारंगपुर वृत्त में की गई है।

वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा वृत्त सारंगपुर क्षेत्र के ग्राम बदेशी, खजूरियाघाटा, पिपल्यापाल, बारोल, डोबड़ाजोगी, भैंसवा, धनोरा, सारंगपुर के नगर पालिका के पीछे सीधाखाल, गांधी चौक, वाल्मीकि मोहल्ला एवं अन्य संदिग्ध स्थलो पर दबिश देकर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत 12 प्रक्रण कायम कर 22.5 ली देशी प्लेन मदिरा, 7.2 ली देशी मसाला मदिरा, एवं 51 ली हाथ भट्टी कच्ची मदिरा विधिवत जप्त कर आरोपितो अनिल गिरजे, सुमेर गिरजे, सिद्धनाथ भिलाला को मोके से गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में वृत्त खिलचीपुर प्रभारी अंकित चौहान, वृत्त ब्यावरा प्रभारी दीपक राजपूत, आरक्षक गौरीशंकर विजयवर्गीय, परीविक्षाधीन आबकारी आरक्षक इमरान खान, शिवम पचाया, संजय देशवाली, रशिका साहू, गौतम लोधी, महिमा मीना, रत्नेश परिहार, विकास अस्थाया ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**खण्डन जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अभिभाषक असद बैग, तराना द्वारा दिनांक 10/12/2025 को जाहिर सूचना प्रकाशित की गई थी जिसका खण्डन इस सूचना के माध्यम से किया जा रहा है उक्त जाहिर सूचना अनुसार ग्राम चाक्या पटवारी हल्का न. 200028 तह. माकडोन जिला उज्जैन में स्थित विक्रेता पप्पूसिंह पिता बाबूसिंह राठौर, निवासी ग्राम भोल्डिया तह. माकडोन जिला उज्जैन के स्वामित्व की भूमि सर्वे क्रमांक 508/1 रकबा 0.21 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 508/2 रकबा 0.66 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 508/3 रकबा 0.66 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 508/4 रकबा 0.15 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 515/1 रकबा 0.27 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 515/2 रकबा 0.51 हेक्टर कुल किता 6 कुल रकबा 2.46 हेक्टर एवं विक्रेता तरुण चौधरी पिता राजेन्द्र चौधरी, निवासी केशरिपुरा वार्ड न.13 सांवेर, जिला इन्दौर के स्वामित्व की भूमि सर्वे क्रमांक 506/1 रकबा 0.44 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 506/2 रकबा 0.52 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 506/3 रकबा 0.47 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 506/4 रकबा 0.53 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 507/1 रकबा 0.10 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 507/2 रकबा 0.04 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 507/3 रकबा 0.04 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 507/4 रकबा 0.03 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 511 रकबा 0.65 हेक्टर, कुल किता 9 कुल रकबा 2.82 हेक्टेर, उपरोक्त वर्णित दोनो विक्रेताओं के द्वारा उपरोक्त भूमियों को क्रेता सोदानसिंह पिता झीतुसिंह निवासी हासलपुर झिर्निया तह. माकडोन जिला उज्जैन को विक्रय किया जाना दर्शित किया है परन्तु उपरोक्त सौदा / विक्रय अवैधानिक है और शुन्य है क्योंकि उपरोक्त वर्णित भूमियों को दोनो विक्रेताओं से मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध दिनांक 21/11/2024 के माध्यम से क्रय किया गया है और वर्तमान में भी उभय पक्षों की सहमति से अनुबंध प्रभावशील है और मेरे पक्षकार को उपरोक्त भूमियों का विक्रय पत्र अपने पक्ष में संपादित करने का वैधानिक अधिकार प्राप्त है, विक्रेताओं ने मिथ्या तथ्यों को दर्शित कर एवं अवैधानिक सौदा किया है जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं है और सर्व साधारण उक्त जाहिर सूचना दिनांक 10/12/2025 पर ध्यान नहीं देवे और कोई भी व्यक्ति, संस्था, आदि उपरोक्त भूमियों के संबंध में अनुबंध, भार-भोजा, बंधक, विक्रय पत्र आदि संपादित नहीं करे अन्यथा उसके परिणामों के उत्तरदायी संबंधित व्यक्ति / संस्था स्वयं होवेगे।

सूचित हो। इति दिनांक 15/12/2025

**सौभाग्यसिंह पडिहार, एडवोकेट**
**पता - 20, क्षीरसागर शॉपिंग काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मोबाईल 9993167238**

### जमीन पर आधार कार्ड की लंबी लाइन, 4 दिन से चक्कर लगा रहे किसान

# मन्नत के धागों की तरह खाद के लिए खिड़की पर बांधी पर्चियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर

रबी सीजन के बीच यूरिया की किल्लत ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। शुक्रवार, शनिवार को खिलचीपुर स्थित सहकारी विपणन समिति कार्यालय के बाहर ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने किसानों की मजबूरी और सिस्टम की अव्यवस्था दोनों को उजागर कर दिया।

सुबह होते ही किसान अपने आधार कार्ड और जमीन की पट्टी की फोटो कॉपियां धागे पर बांधकर खिड़की पर टांगने लगे ठीक वैसे ही जैसे मंदिरों में मनोकामना पूरी होने की उम्मीद में लोग पर्चियां बांधते हैं। फर्क बस इतना था कि यहां किसान धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि सरकारी खिड़की से यूरिया पाने की उम्मीद में ऐसा किया गया। किसानों के अनुसार सुबह 8 बजे से ही समिति कार्यालय के बाहर अपनी बारी के इंतजार में भीड़ बड़े उसके पहले ही महिलाओं और पुरुष किसानों ने अपने अपने दस्तावेज जमीन पर कतार में रखकर पत्थरों से दबा दिए ताकि हवा में उड़ न जाएं। 10 बजे तक पर्चियों की लाइन खिड़की से सड़क तक बढ़ चुकी थी। कई किसान दस्तावेजों के साथ ही जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। बढ़ती भीड़ को देखते हुए दो पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया। करीब साढ़े 11 बजे जब खिड़की खुली तो एक बार फिर अफरातफरी मची और पुलिस ने किसानों को पीछे कर लाइन को व्यवस्थित कराया।

### चार दिन से चक्कर लगा रहे किसान

देहरा गांव के किसान राम नारायण तंवर ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा, ₹चार दिन से लाइन में लग रहे हैं, लेकिन खाद नहीं मिल पा रही। खिड़की देर से खुलती है, नंबर नहीं आता... और जब नंबर आता है, तो बोल देते हैं- यूरिया खत्म। पेट्रोल बिगाड़कर आओ और फिर खाली हाथ लौटो। इसलिए किसान मन्नत की तरह पर्चियां बांध देते हैं कि इसलिए किसान मन्नत की तरह पर्चियां बांध देते हैं कि नंबर छूट न जाए। उन्होंने बताया कि कुछ किसान रात में ही खिड़की पर अपनी पर्चियां बांधकर नंबर सुरक्षित कर गए थे।

किसानों ने कहा कि नंबर लगाने का यह अनोखा तरीका उनकी मजबूरी बन गया है। सरकारी व्यवस्था ऐसी हो गई है कि खाद मिलना अब मन्नत पूरी होने जैसा महसूस होता है।

### पर्याप्त खाद मिलेगा- जाटव

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के. के. जाटव ने बताया कि एक दिन सप्लाई न आने से भीड़ बढ़ी थी। अब यूरिया की रैक लग चुकी है और तीन गाड़ियां खाद समिति में पहुंच चुकी हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर किसान को पर्याप्त खाद मिलेगा। फिलहाल प्रति आधार कार्ड दो बोरी यूरिया दी जा रही है और नई आई गाड़ियों से किसानों की जरूरतें पूरी होगी।

न्यूज-कॉलम

## मंदिरों की सुरक्षा को लेकर बैठक में दिए निर्देश

**जावरा।** सी एस पी कार्यालय में पुजारी संघ की संयुक्त बैठक मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोजित हुई । बैठक में सीएस पी युवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी मंदिर परिसरों में समिति के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाया जाए परिसर में रात्रि के समय किसी न किसी समिति सदस्य की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल नियंत्रण किया जा सके। मंदिरों के दान पात्रों को एक सप्ताह में खोला जावे। जिससे अप्रिय घटना की संभावना न रहे। मंदिर परिसर या आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे । पुजारी संघ अध्यक्ष महेश शर्मा ने भी कई सुझाव एवं पुजारीयो की बात रखी । बैठक में शहर थाना प्रभारी दीपक मंडलोई एवं औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान भी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल 2 व्यक्तियों को, डायल-112ने पहुँचाया अस्पताल

**नीमच।** जिला नीमच के थाना जावद चौकी सरवानिया अंतर्गत सरवानिया और मुकनपुरा के बीच सडक दुर्घटना सूचना राज्य स्तारीय पुलिस कन्ट्रोल रूम डायल 112 भोपाल में दिनांक 14 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल जिले की एफआरवी 6 सरवानिया महाराज को रवाना किया गया। एफआरवी स्टाफ प्र.आर. गोविन्द सिंह तथा पायलट राजेश कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर बताया की एक आटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें मनोहर लौहार निवासी जावद एवं 1 अन्य व्यक्ति घायल हो गये थे। जिन्हे एफआरवी वाहन द्वारा सरवनिया अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध करवाया गया। डायल-112 की तत्परता से घायल व्यक्तियों को समय पर उपचार मिल सका।

## अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में आरोपी को किया गिरफ्तार

**मंदसौर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार शाम को जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के सुरखेड़ा सीतामऊ रोड पर गिट्टी मशीन के पास अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 170 ग्राम अफीम व एक मोटरसाइकिल जप्त की। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान दिनेश पिता फकीरचंद गायरी 36 वर्ष निवासी सुरखेड़ा के रूप में की हुई हैं। जप्त अफीम की अनुमानित लागत करीब डेढ़ लाख बताइए गई हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 में प्रकरण दर्ज कर आरोपी से जप्त अफीम के बारे में पूछताछ की जा रही हैं।

## नकली पुलिस बनकर आरोपी ने इंस्टाग्राम से युवक को धमकाया

**मंदसौर।** मंदसौर जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में नकली पुलिस बनकर आरोपी ने इंस्टाग्राम से एक युवक को प्रताड़ित व धमका कर झूठ केस में फसाने व जान से मारने की धमकी देकर 55 हजार रुपए की राशि ऐंठने का मामला सामने आया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला करीब 15 पुराना है, इस घटना की लेखी आवेदन नाहरगढ़ थाने पर फरियादी व पीड़ित मदन लाल पिता रामेश्वर पाटीदार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम रणायरा ने दी हैं। रविवार को पुलिस ने आवेदन की जांच पर आरोपी पंकज पिता बोथलाल निवासी भाटखेड़ी पर बी ऐन एस क धारा 308 (5), 318 (4), 319 (2), 351 (3) में प्रकरण दर्ज किया हैं।

## नीमच में एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**नीमच।** जिले में वन अधिनियम एवं वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर बने कानूनों व नवीन आपराधिक विधियों के प्रावधानों के विधिक ज्ञान संवर्धन एवं व्यावसायिक दक्षता को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सामान्य वन मण्डल नीमच एवं जिला अभियोजन संचालनालय द्वारा जिला पंचायत सभागृह नीमच में रविवार 14 दिसम्बर को किया गया। कार्यशाला आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए उप वन मण्डल अधिकारी नीमच श्री दशरथ अखण्ड एवं अभियोजन के मिडिया प्रभारी श्री रितेश कुमार सोमपुरा ने बताया कि प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर 14 दिसम्बर रविवार को नीमच जिले के समस्त वन अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में नीमच के वन मण्डलाधिकारी श्री एस.के. अटोदे (आई.एफ.एस.) उपस्थित थे।

# फर्जी आईडी और लव जिहाद के आरोप में कामरान को पुलिस ने पकड़ा, सैलाना कॉलेज में हुआ बड़ा बवाल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिले के सैलाना में लव जिहाद की आशंका में सोमवार दोपहर शासकीय कॉलेज में हंगामा हो गया। बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी कॉलेज में पहुंच गए। एक छात्र पर नाम बदल कर प्यार में लड़कियों को फंसाने व लव जिहाद करने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस छात्र को पकड़कर थाने लाई।

बजरंग दल पदाधिकारियों का कहना था कि युवक ने इंस्टाग्राम पर अलग-अलग नाम से अपनी आईडी बना रखी है। कई आपत्तिजनक चीजे उसके मोबाइल में है। हाथ में कलेवा बांध कर बरगलता है। पदाधिकारी कॉलेज प्रिंसिपल से छात्र को बुलाने की मांग पर अड़ गए। बाद में सैलाना थाना पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। कॉलेज में से छात्र को भीड़ में से अपने साथ लेकर थाने लेकर गए।

इस दौरान पदाधिकारी जय जय श्री राम, देश का बल बजरंग दल के नारे लगाने लगे। बजरंग दल पदाधिकारी छात्र पर कार्रवाई की मांग को लेकर सैलाना थाने पर मौजूद है। कार्रवाई को लेकर शिकायती आवेदन भी दिया है। दोपहर 4.30 बजे तक पुलिस की तरफ से किसी प्रकार की कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी। जिला प्रवर्तन प्रमुख महेश राव, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कसेरा, प्रखंड संयोजक ललित चंदेल, मंत्री रोहित कसेरा, विद्यार्थी प्रमुख मंगलेश पाटीदार, नागेश्वर पाटीदार, सुरक्षा प्रमुख डूंगरसिंह, गोरक्षा प्रमुख भरत पाटीदार आदि मौजूद रहे।

**थाने पर दिया शिकायती आवेदन**

बजरंगदल के पदाधिकारियों की तरफ से सैलाना थाने में आवेदन दिया है। जिसमें बताया कि कामरान पिता जफरखान निवासी सरवन सैलाना महाविद्यालय में पढ़ता है। हाथ में कलावा बांध था जो कि हिंदू धर्म का प्रतीक है। बिना परमीशन के कॉलेज में लड़कियों के वीडियो बनाता है। कॉलेज में नागेश्वर पाटिदार और रोहित कुमावत वीडियो बनाते पकड़ा।

हमने पकडकर उसको मोबाइल खोल कर बताने को कहा तो उसमें हिंदू नाम से इंस्टाग्राम आईडी बना रखी थी। जिसकी संख्या पांच से अधिक है। आवेदन में यह भी बताया कि गलत नाम से आईडी बनाकर यह हिंदू लड़कियों और महिलाओं से चैट कर उन्हें अपने झूठे प्यार और लव जिहाद में फंसा रहा है। इसके बारे में पहले ऐसी जानकारी मिली थी। इसका मोबाइल जब्त कर सायबर से जांच कराई जाई। इसने कई आईडी व वीडियो भी डिलीट कर दिए है। इसकी भी जांच कराई जाए।

### पुलिस करे जांच

बजरंगदल के सैलाना प्रखंड संयोजक ललित चंदेल ने बताया छात्र ने अलग-अलग नाम से अपनी इंस्टाग्राम आईडी बना रखी है। कई लड़कियों के नाम से भी है। सूचना मिलने पर कॉलेज पहुंच पुलिस को जानकारी दी। हमने कार्रवाई को लेकर पुलिस को आवेदन दिया है। पुलिस जांच करे।

**जांच की जा रही है - टीआई**

सैलाना थाना प्रभारी पिंकी आकाश ने बताया मामले की जांच की जा रही है। सायबर से मोबाइल की जांच कराई जाएगी।

# भजिये में नशीली दवा मिलाकर नगदी जेवरात लेकर फरार होने वाली लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



१० दिसम्बर को ग्राम नांदवेल से एक ही परिवार के ०९ लोगों के बेहोश होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी उनकी टीम के साथ गांव पहुंचकर फरियादी सत्यनारायण पिता मोहनलाल पाल जाति गायरी नि. नांदवेल व उसके परिवारजनों को जिला चिकित्सालय, मंदसौर भर्ती कराया।

पीडित सत्यनारायण पिता मोहनलाल पाल जाति गायरी निवासी नान्दवेल से घटनाक्रम के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि मेरी शादी दिनांक 20 नवम्बर को ज्योति पिता कैलाश राय निवासी जोगापुर जिला वाराणसी उ.प्र. से हुई थी, जो ज्योति हमारे साथ मेरे घर ग्राम नांदवेल में रह रही थी। दिनांक 9 दिसम्बर 25 को रात 8 बजे करीबन ज्योति द्वारा पकोडे बनाये तथा पकोडे में नशीला पदार्थ मिलाकर हमें खिला दिया जिससे हम सभी बेहोश हो गये। हमारी बेहोशी के बाद ज्योति घर से चाँदी के पायजेब, बिछिया व 50 हजार रुपए नगदी लेकर फरार हो गई। फरियादी की सूचना/रिपोर्ट पर देहाती नालसी पर थाना भावगढ़ पर असल अपराध क्र. 204/25 धारा 318(4), 123 बी.एन.एस. का कायम कर अनुसंधान में लिया गया।

विनोद कुमार मीना, पुलिस अधीक्षक मंदसौर के मार्गदर्शन एवं श्री तेरसिंह बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमती कीर्ति बघेल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंदसौर ग्रामीण के निर्देशन में थाना प्रभारी निरी. वरसिह कटारा के नेतृत्व में गठित टीम ने फरियादी सत्यनारायण से विस्तृत पूछताछ की जिनके द्वारा बताया कि उसकी शादी उसी के ग्राम नांदवेल में रहने वाले रमेशसिंह पिता नन्दु उर्फ नरेन्द्रसिह राजपुत द्वारा वाराणसी की ज्योति से वाराणसी, उ.प्र. के रहने वाले बबलू के माध्यम से करवाया था।

फरियादी सत्यनारायण से पूछताछ के दौरान ज्योति पिता कैलाश राय नि. जोगापुरा की जानकारी प्राप्त कर तत्काल टीम खाना की गई, जहां ज्योति उक्त पते पर न होकर अन्य जगह होना ज्ञात हुआ, जिसे स्थानीय पुलिस की मदद से दबिश देकर पकडा गया, ज्योति के कब्जे से अपने साथ ले गये जेवरात व नगदी रुपए जप्त किये गये। पूछताछ के दौरान ज्योति द्वारा अन्तिमा पति प्रदीप राय, निवासी पंचकोसी जिला वाराणसी (उ.प्र) द्वारा बबलू से मिलाना एवं शादी करवाना बताया। तब अन्तिमा पति प्रदीप राय, निवासी पंचकोसी जिला वाराणसी (उ.प्र) को भी दबिश देकर पकडा गया, जिसके द्वारा भी बबलू के माध्यम से ज्योति की शादी करवाना बताया।

कार्यवाही के दौरान एक अन्य आरोपी रमेशसिंह पिता नंदू उर्फ नरेन्द्रसिंह नि. नांदवेल को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में मुख्य आरोपी बबलू निवासी गोरखपुर उ. प्र. का फरार है। लुटेरी दुल्हन का खुलासा कर आरोपीगणों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। मामले मेंज्योति पति रितिक राय उम्र २५ वर्ष निवासी नेवडिया जोगापुर, जिला वाराणसी (उ.प्र), अन्तिमा पति प्रदीप राय उम्र 25 वर्ष निवासी पंचकोसी जिला वाराणसी (उ.प्र), रमेशसिंह पिता नन्दु उर्फ नरेन्द्रसिह राजपुत उम्र 50 वर्ष निवासी नान्दवेल को गिरफ्तार किया है वही आरोपी बबलू निवासी गोरखपुर (उ.प्र) फरार है।

## कलेक्टर ने किया 18 सेवा निवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान

**नीमच।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के प्रकरणों और स्वत्वों का त्वरित निराकरण करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति के माह में ही उनके सभी स्वत्वों का भुगतान मिले, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में माह अक्टूबर, नवम्बर में सेवानिवृत्त हुए 18 सेवकों के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर एडीएम श्री बी.एस.कलेश, जिला कोषालय अधिकारी श्री बी.एम.सुरावत, सहायक जिला पेंशन अधिकारी श्री राजू मेहर, पेंशनर्स संघ के श्री जगदीश गुजेटिया, श्री राधेश्याम पुरोहित, प्रो.श्री एल.एन.शर्मा, श्री बालचंद वर्मा व पेंशनर्स पदाधिकारी, सदस्यगण तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी और उन्हें पुष्पमाला पहनाकर, शाल ओढाकर, पी.पी.ओ., जी.पी.ओ. भुगतान आदेश की प्रति प्रदान कर सम्मानित किया।कलेक्टर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों, पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए माह में एक दिन निर्धारित कर शिविर में आयोजित करने के निर्देश भी जिला कोषालय एवं जिला पेंशन अधिकारी को दिए। पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में रतलाम को शामिल करने पर भाजपा ने जताया हर्ष

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी ने इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में रतलाम को शामिल करने पर हर्ष जताया है। इस फैसले को रतलाम सहित पूरे मालवा क्षेत्र के विकास की धुरी बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप का आभार माना है।

## सिविल अस्पताल में एम एस व एनेस्थेटिक डॉक्टर की नियुक्ति से अब रेफर पर लगेगी रोक

**जावरा ।** सिविल अस्पताल में एसएम व एनेस्थेटिक सर्जन की नियुक्ति हुई है ।उक्त नियुक्ति के पश्चात गंभीर मरीजों को छोटी सर्जरी के लिए अन्यत्र बाहर रेफर नहीं किया जाएगा ।इससे स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव आएगा । सिविल अस्पताल के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र कुमार दवे ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में निरंतर प्रयास सफल होते जा रहे हैं। विधायक डॉ राजेंद्र पांडे के अथक प्रयासों से दो विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति सीधे भोपाल से हुई है। एम एस के पद पर डॉ पीयूष मागरिया एवं एनेस्थेटिक सर्जन डॉक्टर भारती यादव की पद स्थापना के आदेश हुए हैं । सिविल अस्पताल में लंबे समय से ऑपरेशन थिएटर में सर्जरी का कार्य पर विराम सा लग गया था। अब लगातार सर्जरी होती रहेगी। रेफर भी नहीं किए जाएंगे। वैसे वर्तमान में सिजेरियन, एलटीटी, स्टेक टामिं, ऑर्थोपेडिक सर्जरी हो रही थी। जो डॉक्टर दीपक पालडिया, डॉक्टर अजय सिंह राठौर, अतुल मंडवारिया, एवं डॉ दिनेश पाटीदार द्वारा की जा रही थी। इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा सर्जरी नहीं होने से मरीजों को उपचार की सुविधा के साथ अनावश्यक खर्चे से भी बचा जा सकेगा। विधायक डॉ पांडे के प्रति स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ने उक्त नियुक्ति पर आभार व्यक्त किया।

# इंडस्ट्रियल पार्क की जमीन से हटाने पर रहवासियों का विरोध

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



मेगा इंडस्ट्रियल पार्क (निवेश क्षेत्र) की जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा है। जिन लोगों के मकान तोड़े जाने हैं, उन्होंने रतलाम-शिवगढ़ रोड पर चक्काजाम कर दिया है। लोग सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे यहां पिछले 30-40 साल से रह रहे हैं। उनका दर्द है कि पहले वे रतलाम शहर में अमृत सागर तालाब के किनारे रहते थे। प्रशासन ने वहां से हटाकर उन्हें यहां (बिबड़ौद) भेजा था। अब यहां से भी उजाड़ा जा रहा है।

रहवासियों ने नई जगह (लखनगढ़) को लेकर नाराजगी जताई है। उनका आरोप है कि प्रशासन ने जहां जगह दी है, वह जंगल की जमीन है। वहां रहने के लिए पक्के इंतजाम नहीं हैं, सिर्फ त्रिपाल लगा दिए गए हैं। ऐसे में वे अपने परिवारों को लेकर कहां जाएं और जंगल में कैसे गुजारा करें।

बता दें कि प्रशासन आज (सोमवार) मेगा इंडस्ट्रियल पार्क की 13 हेक्टेयर जमीन खाली कराने पहुंचा है। यहां करीब 30 मकान और 30 ईंट-भट्टो को हटाया जाना है।

# रेलवे महाप्रबंधक से मिलेगा बरखेड़ा पंथ का प्रतिनिधि मंडल

## 139 नंबर फाटक की समस्याओं को लेकर होगी चर्चा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



ग्राम बरखेड़ा पंथ के 139 नंबर रेलवे फाटक से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर शीघ्र ही ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल पश्चिम रेलवे मंडल, मुंबई के महाप्रबंधक से मुलाकात करेगा। यह मुलाकात महाप्रबंधक के 139 नंबर फाटक पर प्रस्तावित ठहराव के दौरान होगी। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व ग्राम बरखेड़ा पंथ के पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर करेंगे, जो ग्रामवासियों की प्रमुख मांगों को रेलवे प्रशासन के समक्ष रखेंगे।

ग्रामीणों की मुख्य मांग 139 नंबर फाटक पर अंडरब्रिज निर्माण अथवा अनलॉक फाटक की सुविधा शुरू करने की है। इसके साथ ही फाटक के पश्चिम दिशा में वर्षों पुराने पानी निकासी मार्ग एवं आम रास्ते को रेलवे विभाग द्वारा पिछले तीन वर्षों से बंद किए जाने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस कारण क्षेत्र के कृषकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उचित जल निकासी न होने से सैकड़ों हेक्टेयर में खड़ी फसलें खराब हो चुकी हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

महाप्रबंधक के दौरे को लेकर रेलवे प्रशासन द्वारा 139 नंबर फाटक पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। दिनभर रेलवे अधिकारियों का आवागमन बना हुआ है। फाटक क्षेत्र में रंग-रोगन, दोनों ओर डामरीकरण, लाइटिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस मुलाकात के बाद उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का शीघ्र समाधान निकलेगा।




## वन समिति के सदस्यों व अधिकारियों ने ली टीबी मुक्त भारत की शपथ

**मंदसौर।** मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद चौहान ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में भानपुरा ब्लॉक के गांधी सागर में स्थित अभ्यारण अंतर्गत वन समिति में कार्यरत कर्मचारी, अभ्यारण के कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान एक्सरे व खून की जांच एवं अन्य सभी स्वास्थ्य परीक्षण किये गए। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु वन समिति के सदस्यों व अधिकारीयों को शपथ दिलाकर समाज में टीबी की बीमारी से बचने जांच उपचार के बारे में बताया गया। अभ्यारण के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावली तथा चेनपुरिया ब्लॉक के रावली कुड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 225 वन समिति के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया।

## राष्ट्रीय हस्त शिल्प सप्ताह मनाया




**इन्दौर।** 8 से 14 दिसम्बर तक राष्ट्रीय हस्त शिल्प सप्ताह मनाया गया। अंतिम दिवस सांसद अनिल फिरोजिया ने उज्जैन में चल रहे गांधी शिल्प बाजार का अवलोकन किया। संस्था सोसायटी क्राफ्ट एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक संदीप राय एवं मेला समन्वयक रीना वर्मा ने मेले के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। सांसद ने मेले में आये हस्त शिल्पियों की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि उज्जैन में प्रति वर्ष लगभग 8 करोड श्रद्धालु व टूरिस्टों का आगमन होता है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश में तीन यूनिटी माल की परियोजना की मंजूरी दी। तीन में से एक यूनिटी माल उज्जैन में बन रहा है जिसके लिये तीन सौ करोड़ रुपये की योजना मंजूर की गई है। कार्यक्रम में उज्जैन भाजपा की महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सेंगर, समाजसेवी भानु भदौरिया, हस्त शिल्प व गणमान्य नागरिक एवं आगंतुक उपस्थित थे।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि कांग्रेसजन ने मनाई



**मंदसौर ।** जिला मुख्यालय पर कांग्रेसजन ने लौह पुरुष व देश के प्रथम गृह मंत्री स्व.सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई । स्व.पटेल की पुण्यतिथि के इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहा पहुंच कर कांग्रेसजन ने सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया । यहां पर सभी कांग्रेसजन ने सरदार पटेल के किए गए कार्यों व उनके देश की तरक्की में योगदान को याद किया गया । इस अवसर पर पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश सोलंकी,जिला कांग्रेस पदाधिकारियों में राजनारायण लाड़,लक्ष्मण मेघनानी,वहीद जैदी,शहर ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष सलीम खान,युवक कांग्रेस जिला महासचिव नेहा कनकमल जेन,कन्हैयालाल कुमावत,शैलेन्द्र मारोठिया आदि इस अवसर पर उपस्थित थे ।

## 3 जुआ के प्रकरणों में 11 आरोपियों से 12,150 रु. नगदी व जुआ उपकरण जप्त

**मंदसौर।** नगर के रावण रोड खानपुरा पर पुलिस ने जुआ के तीन प्रकरणों में 11 आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने घटना स्थल से आरोपियों की कब्जे से 12,150 नगदी व जुआ उपकरण जप्त किए। सभी आरोपी के खिलाफ मंदसौर कोतवाली पर 13 जुआ एक्ट में मामला दर्ज किया। पुलिस ने रविवार की रात करीब 7.30 बजे यह कार्रवाई की। एक कार्रवाई रावण रोड मंदसौर पर की गई इस प्रकरण में चार आरोपियों को ताश पत्ती से जुआ खेलते हुए पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नगदी 4700 और जुआ उपकरण जप्त किए। जबकि एक अन्य जुआ प्रकरण में धोबी मोहल्ला भेरुबावजी के ओटले के पास खानपुरा में जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को ताश पत्ती पर हार जीत करते हुए पकड़ा। मौके से 4250 नगदी और जुआ उपकरण जप्त किए। जुआ के अन्य एक और प्रकरण में तीन छतरी बालाजी मंदिर के पास रावण रोड मंदसौर पर जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को धर दबोचा और आरोपियों के कब्जे से 3200 रुपए नगदी जप्त किए।

## शादी समारोह में लोगों को भयभीत करने के लिए आरोपी ने किया बंदूक से फायर

**मंदसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कोलवा में एक शादी समारोह में आरोपी ने गांव के लोगों को भयभीत करने के लिए बंदूक से फायर कर दिया हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार यह घटना शनिवार की रात करीब 8 से 10 बजे के बीच की गांव कोलवा में एक शादी समारोह के दौरान यह घटना घटित हुई। घटना दिनांक को ग्राम कोलवा में गंगाराम मीणा के लड़के राजेश की शादी के बाद आयोजित कार्यक्रम के दौरान आरोपी बाबरू पिता चुन्नीलाल मीणा निवासी संजीत मगरा के द्वारा 12 बोर बंदूक से फायर किया गया। जिससे गांव के लोग भयभीत हो गए पुलिस ने आरोपि के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं।

## प्रतिबंधित चाइना मंझे के 23 गट्टे जप्त

**मंदसौर।** स्थानीय बाफना जिनिंग फैक्ट्री स्टेशन रोड मंदसौर पर पुलिस ने शासन द्वारा प्रतिबंधित चाइनीस मांझा डोर को विक्रय करते हुए एक युवक को बी एन एस की धारा 223 में प्रकरण दर्ज किया हैं ।पुलिस के अनुसार जप्त मांझे की कीमत 10,200 हैं । मंदसौर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को यह कार्रवाई की। इस प्रकरण में आरोपी संतोष पिता किशनलाल कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी बाफना जिनिंग रोड को पकड़ा हैं।



## आदर्श नगर कालोनी की गलियों में फैली गंदगी, नगर परिषद नहीं दे रहा ध्यान

**सारंगपुर।** नगर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा जोर-शोर से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन स्वच्छता आदर्श नगर कालोनी में कहीं दिखाई नहीं दे रही है। इस कालोनी की कई गलियां ऐसी हैं, जहां गंदगी का अंबार लगा है। नगर परिषद के अधिकारियों ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। नगर परिषद एक तरफ स्वच्छता का ढिढोरा पिट रहा है और यहां सड़कों पर गंदगी का अंबार लगा है। नगर परिषद सालाना स्वच्छता एवं साफ-सफाई के मामले में करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। जिस तरह से नगर की साफ-सफाई होनी चाहिए, ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है। शहर के अन्य इलाकों की गली-मुहल्लो में कचरों का अंबार लगा हुआ है। जिससें राहगिरों एवं क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सफाई कर्मियों द्वारा यह पर सफाई नहीं की जाती है, जिसके कारण स्थानीय लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर इस तरह की स्थिति रहेगी तो सड़क पर प्रदर्शन करने को बाध्य हो जाएंगे। इस कालोनी में न तो नियमित सफाई होती है और न ही कचरा उठाया जाता है।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह होंगे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

### 17 को देश के उप राष्ट्रपति देंगे सम्मान



**सारंगपुर।** लोकमत पार्लियामेंट्री अवॉर्ड्स में इस बार मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। दरअसल लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय संस्थाओं को मजबूत करने में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है। यह पुरस्कार लोकमत पार्लियामेंट्री अवॉर्ड्स के छठे संस्करण में प्रदान किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिग्विजय सिंह को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से 17 दिसंबर को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन करेंगे सम्मानित। गौरतलब है कि राज्यसभा और लोकसभा के उन सांसदों को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इन पुरस्कारों की चयन प्रक्रिया एक सशक्त अ ौर स्वतंत्र जूरी बोर्ड के माध्यम से पूरी तरह मेरिट के आधार पर होती है। लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड ऐसे सांसद को दिया जाता है, जिसने अपने पूरे राजनीतिक जीवन को लोकतंत्र, संविधान और संसदीय परंपराओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए समर्पित किया हो। इस अवार्ड के श्रीसिंह को मिलने की खबर से सारंगपुर क्षेत्र में कांग्रेसियों में हर्ष की लहर है, उन्होंने श्रीसिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## समाजिक संस्था खुशियों का ओटला द्वारा ग्राम हर्नादपुरा में सेवा कार्य



**ब्यावरा।** समाजिक संस्था ह्यखुशियों का ओटला द्वारा ग्राम हर्नातपुरा में सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा जन सहियोग से प्राप्त जरूरतमंदों को डेढ़ सौ शॉल वितरित की गईं तथा 70 बच्चों को गर्म कपड़े प्रदान किए गए। संस्था द्वारा इस शीतकालीन सेवा अभियान के अंतर्गत कुल 1000 शॉल वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक 360 शॉल वितरित की जा चुकी हैं। शेष शॉल का वितरण भी शीघ्र ही अन्य जरूरतमंद क्षेत्रों में किया जाएगा। संस्था खुशियों का ओटला निरंतर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रही है और गरीब व जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास करती चली आ रही है। इस सेवा कार्य की ग्रामवासियों एवं उपस्थितजनों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ. रवि साहू सहित संस्था की पूरी टीम उपस्थित रही। डॉ सुरजीत ने बताया इस मुहिम में शहर के कई सामाजिक लोगों का सहयोग मिल रहा है, संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना और मानवता की सेवा को निरंतर आगे बढ़ाना है।

## कलेक्टर एवं एसपी ने संयुक्त रूप से किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**गुना।** जिले के म्याना एवं पगारा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के नए स्टॉपेज की शुरूआत को लेकर कलेक्टर किशोर कन्याल ने दोनों रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी एवं अपर कलेक्टर अखिलेश जैन भी उपस्थिति रहे। इन नए स्टॉपेज का समारोह पूर्वक शुभारंभ केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादिय सिंधिया द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच एवं आगंतुक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा इंतजाम, यातायात प्रबंधन तथा अन्य ट्रेनों की समय-सारिणी से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान यात्रियों एवं आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, अंकुर श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने दी प्रदेश और जिले की उपलब्धियों की जानकारी

# मोहनपुरा-कुण्डालिया से बदला राजगढ़, योजनाओं से सशक्त किसान, श्रमिक और युवा- मंत्री काश्यप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।



मुख्यमत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप द्वारा राजगढ़ में प्रेसवार्ता आयोजित की मीडिया को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार को 2 वर्ष पूर्ण हो गए इन 2 वर्षों में मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने विकास और तरक्की के कई कीर्तिमान स्थापित किए साथ ही जिले के प्रभारी मंत्री ने कहा कि मोहनपुरा व कुण्डालिया परियोजनाओं ने पूरे जिले की तस्वीर और परिदृश्य बदला है। इन परियोजनाओं से सिंचाई, कृषि, उद्योग और रोजगार के नए अवसर सृजित हुए, आपने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 116.67 किमी के 29 मार्गों का निर्माण 149.46 करोड़ की लागत से किया गया, 14 भवनों का निर्माण 6085 लाख की लागत राशी से पूर्ण हुए जिनमे अस्पताल भवन, एसडीएम कार्यालय, कॉलेज आदि शामिल है।

साथ ही पीएमजीएसवाय योजनांतर्गत 4894.27 लाख रुपए की लागत के 12 मार्ग, 2220.94 की लागत के 8 ब्रिज का निर्माण, जिले में 40 करोड़ की लागत का नवीन सर्वसुविधायुक्त 500 बिस्तरिय भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा चुका, इसी नवीन अस्पताल परिसर में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए अलग से 25.6 करोड़ लागत का एमसीएच ब्लॉक का कार्य पूर्णता की ओर है। कुल 1345 स्प्रिंकलर, 580 पाइपलाइन एवं 255 विद्युत पंप अनुदान एवं 60 मिनी स्प्रिंकलर पर वितरित। 16,449 किसानों से 34,125 मी. टन चना, मसूर, सरसों का उपार्जन 35967 हेल्थ कार्ड किसानों को वितरित।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं अवसंरचना योजना अंतर्गत राशि 7874.08 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क, सामुदायिक भवन, पुलिया, चेकडेम आदि निर्माण कार्य स्वीकृत किए, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 1,34,979 आवास पूर्ण। 5 जनपद भवन, 86 नवीन पंचायत भवन, 46 सामुदायिक भवन के लिए 6985.00 लाख रुपए की राशि स्वीकृत। जल जीवन मिशन अंतर्गत 505 ग्रामों की समूह नलजल योजना पूर्ण। विगत दो वर्षों में 1,24,520 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए। जिले में ₹टोंटी लगाओं अभियान₹ चलाया गया एवं 40 ग्रामों को 2477 जल प्रदाय चालू किया। मोहनपुरा परियोजना विगत वर्ष 1,24,288 हे. क्षेत्र में सिंचाई की गई। इस वर्ष रबी सत्र में 1,47,154 हे. क्षेत्र में सिंचाई लक्षित हैं। कुण्डालिया परियोजना अंतर्गत विगत वर्ष से पूर्ण रूपांकित क्षेत्र 1,39,600 हे. में सिंचाई का लाभ दिया जा रहा हैं। 4,28,172 श्रमिकों का पंजीयन संबल योजना के अंतर्गत किया गया, 1300 श्रमिको को 29 करोड़ का हितलाभ वितरण किया। वन विभाग द्वारा 1140 हेक्टेयर क्षेत्र में 6,88,000 पौधों रोपण किया गया। पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत 9879 हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया एवं 2343 हितग्राहियों को लोन वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनान्तर्गत 352 हितग्राहियों को राशि रुपए 21.40 करोड़ का ऋण वितरण किया गया। म.प्र. एमएसएमई प्रोत्साहन योजनांतर्गत 19 इकाईयों को राशि 15.25 करोड़ रुपए उद्योग विकास अनुदान वितरण किया गया। ऊर्जा विभाग की समाधान योजना 2025 के तहत जिले में 9,366 नंबर उपभोक्ताओं को 2.54 करोड़ रुपए की राशि विलंबित शुल्क अधिभार में छूट प्रदान की गई। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत 2,94,235 परिवारों के 12,78,385 हितग्राहियों को निःशुल्क राशन का लाभ प्रदाय किया गया। स्वामित्व योजना अंतर्गत 938 ग्रामों में ड्रोन सर्वे पूर्ण कर 1,23,439 लोगों को स्वामित्व अधिकार अभिलेख जारी। वर्ष 2025 खरीफ फसल में अतिवृष्टि के कारण हुई फसल क्षति के लिए 1747 ग्राम के 3 लाख 72 हजार किसानो को राशी 283.76 करोड़ रूपए की राहत राशी प्रदाय। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण कुल 22,086 विद्यार्थियों को लाभ, कुल भुगतान 13.24 करोड़ रुपए।

### जनपद पंचायत कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली शुरु

जिले के सभी जिला स्तरीय कार्यालयों सहित ब्लाक स्तर पर एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली प्रारम्भ की गयी है। जिले के शासकीय विद्यालयों में 200 से अधिक स्मार्ट क्लास एवं 30 विद्यालयों में विज्ञानं प्रयोगशाला की स्थापना की गयी। जिले में 3 लाख 48 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किया गया है। समय सीमा में आवेदनों का निराकरण न करने वाले अधिकारियों पर राशि 5,56,000 रूपए की शास्ति अधिरोपित की गयी। जो प्रदेश में सर्वाधिक है। स्कूली विद्यार्थियों को अभियान चलाकर 35680 निःशुल्क जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किये गए।

## शंखेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु के जन्म कल्याणक महोत्सव के साथ नवीन उपाश्रय का उद्घाटन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



जिस प्रकार से हम अपने नए घर को विभिन्न तरह की आर्टिफिशियल चीजों से सजाते हैं ताकि उसकी सुंदरता बढ़ जाए ठीक उसी तरह नवीन उपाश्रय भवन की भी शोभा तब बढ़ेगी जब यहां आत्मा को सजाने के साधन जैसे प्रतिक्रमण सामयक के साथ साथ धार्मिक आयोजनों में आप सक्रिय रूप से भागीदारी करेंगे। उपरोक्त उद्गागार परम पूज्य साध्वी महाराज साहब ने आदिनाथ कॉलोनी स्थित शंखेश्वर पारसनाथ प्रभु के जन्म एवं मोक्ष कल्याणक दिवस दिवस पर जिनालय के समीप नवीन उपाश्रय भवन के उद्घाटन अवसर पर कही। इस अवसर पर पूज्य साध्वी भाग्ययशा श्री जी म सा कहा कि जिस प्रकार धन कमाने के लिए दुकान पर बैठना पड़ता है उसी प्रकार धर्म कमाने के लिए आराधना स्थल में आकर धार्मिक गतिविधियों में भाग लेकर हमें अपनि आत्मा की उन्नति के लिए प्रयास करना होगा आपने लाभार्थी परिवार के अनुमोदना की इसके पूर्व प्रभु एवं साध्वी जी भगवन्तों को चल समारोह के रूप में लाकर जिनालय में प्रवेश कराया। जहां समाज जनों एवं दंगवाड़ा परिवार ने अगवानी की इसके पश्चात अनुमोदना सभा संपन्न हुई। जिसमें पूज्य महाराज साहब के मंगलाचरण के पश्चात मंगलाचरण नितेश राठौड ने प्रस्तुत किया स्वागत उद्बोधन ऋषभ दंगवाड़ा ने दिया। स्वागत गीत की प्रस्तुति भावना चौधरी, कल्पना सुराणा, श्रद्धा तातेड ने दी। अनुमोदना सभा को राजमल पंवार, राजकुमार पारख, विजय मेहता, शैलेश ओरा, अजय सियाल,लीना मेहता, विजय वोहरा, ज्योति आंचलिया, राजकुमार नाहर ने अपनी भावना व्यक्त की। संगीता दंगवाड़ा वाला ने विभिन्न प्रकल्पों एवं उपासना संबंधी जानकारी साझा करते हुए सभी को धर्म आराधना करने के लिए आमंत्रित किया।

### हुए धार्मिक आयोजन

इसके पूर्व प्रातः धार्मिक आयोजन के श्रृंखला में स्नात्र, पूजन, प्रभु पूजन संपन्न हुई। दोपहर को 108 पार्श्वनाथ पूजन का आयोजन भी किया गया। रात्रि को रंगारंग भक्ति आयोजित हुई। ट्रस्टी राजेश गोलेचा, सचित जैन सहित गणमान्य जन उपस्थित थे। सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार नाहर ने बताया कि इस अवसर पर प्रभु की भव्य अंग रचना की गई। अंत में आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शांतिलाल गोखरू ने किया। सभी के प्रति मुकेश, राजेंद्र दंगवाड़ा वाला द्वारा आभार व्यक्त किया ।

## मारपीट करने वाले आरोपियों को दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं जुर्माने की सजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

न्यायालय संगीता शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तराना की न्यायालय के द्वारा मारपीट करने वाले आरोपियो को 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जमाने की सजा से निर्मित किया है। मीडिया प्रभारी कुलदीप सिंह भदोरिया ने बताया कि फरियादी राजू खान द्वारा थाना मक्सी में रिपोर्ट लिख वाई थी 15 फरवरी 2025 की रात 10 बजे वह ग्राम दुधली स्थित मस्जिद के सामने खड़ा था तभी अभियुक्त लुकमान जो कि उसके गांव का ही है आया और बोला कि गांव में जमात क्यों बुलाकर रूकवाते हो पर यदि द्वारा कहने पर यह तो धर्म का काम है जमात आती है जाती है इस बात को लेकर अभियुक्त लुकमान द्वारा अब शब्द कहे एवं मार पीट की वहीं अन्य आरोपी सलमान भी आया और चाकू जैसी नौकरी चीज से मारा जिससे फरियादी की आंख के नीचे चोट आ गई।इसी दौरान अभियुक्त उस्मान व इकरार आ गए और उन्होंने अब शब्द कहते हुए फरियादी के साथ थप्पड़ों से मारपीट की फरियादी चिल्लाने की आवाज सुनकर लोगों द्वारा बीच बचाव किया जिस पर आरोपी धमकी देते हुए चले गए कि गांव में जमात बुलाई तो उसके बाद जान से खत्म कर देंगे फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीयन बात का विवेचना में लिया था। न्यायालय द्वारा आरोपी लुखमान खान आदि को धारा 324 धारा 34 के अंतर्गत 2 वर्ष का शासन एवं एक 1000 के अर्थ से दंडित किया। अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी उपनिदेशक अभियोजन राजेंद्र कुमार खांडेकर के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विमल कुमार सिंह के द्वारा की गई

## पुलिस ने आरोन में जप्त की विदिशा जिले की शराब

**गुना।** आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 1 से पुलिस ने 13 एमडी अदी बिसकी विदिशा जिले की शराब बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोन में दूसरे जिले की शराब बेची जा रही है। उक्त सूचना मिलते ही पुलिस ने दबिश दी। हिम्मत सिंह पुत्र मर्दन सिंह रघुवंशी 70 साल निवासी वार्ड नंबर 1 आरोन शराब बेचता हुआ पाया गया। जिससे पुलिस ने रंगे हाथ शराब जप्त कर आवकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की।

### ऐसी तकनीकि अपनाई जाए जिससे अपराध पर आत्मबोध हो

# भारतीय ज्ञान प्रणाली को लेकर राष्ट्रीय सेमीनार आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी सामाजिक चेतना की रगों में गहराई से समाहित है। समाज में ऐसी मानवीय एवं संतुलित तकनीक अपनाई जानी चाहिए, जिससे अपराधी को अपने कृत्य का आत्मबोध हो, किंतु उसका सामाजिक बहिष्कार न किया जाए। उक्त उद्गार जे एन एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में विधि एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान प्रणाली में आर्थिक स्वतंत्रता और विधि की अवधारणाएं व्यापार, वाणिज्य और अंतर क्षेत्रीय विनिमय विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना ने व्यक्त किए।

इस सेमीनार में विषय विशेषज्ञ प्रो. डॉ. मोना पुरोहित प्राध्यापक विधि विभाग बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल, डॉ विजय कुमार एडवाइजर एवं प्रोफेसर स्कूल ऑफ लॉ एम एस रामैया यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज बेंगलुरु, डॉ अनिल शिवानी प्राचार्य शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य पीएमसीओ महाविद्यालय भोपाल, विशेष अतिथि आई क्यू ऐसी कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके त्यागी, डॉ एम वाय अंसारी, डॉ. जयश्री गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम कि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। विषय विशेषज्ञ प्रो. डॉ. मोना पुरोहित एवं डॉ विजय कुमार ने भारतीय ज्ञान प्रणाली में आर्थिक स्वतंत्रता और विधि की अवधारणा विषय पर प्रकाश डाला। वही विषय विशेषज्ञ डॉ. अनिल शिवानी ने भारतीय ज्ञान प्रणाली में वाणिज्य और अंतर क्षेत्रीय विनिमय पर अपनी बात रखी। विधि का तकनीकी सत्र प्रथम का संचालन डॉ. गुलाब मेवाड़ा तथा द्वितीय तकनीकी सत्र का संचालन प्रो. ओमप्रकाश परमार ने किया। सेमीनार में विभिन्न प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने अपने शोध पत्रों का वाचन भी किया। इस इस अवसर पर गोलाना महाविद्यालय के प्राचार्य बिद्याशंकर विभूति, कालापीपल के प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा, पोलायकला प्राचार्य दिनेश धनगर और महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन विधि विभाग के प्रो. डॉ. संजय मिश्रा ने किया व आभार प्रो. सुरभि गुप्ता ने माना। कार्यक्रम का प्रतिवेदन डॉ. राजेंद्र परमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।



## बालिकाओं को ऊनी वस्त्र वितरित

**महिदपुर।** सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी से प्रेरणा लेकर और दो बालिकाएं गोद ली गई। पूर्व में संस्था द्वारा तीन बालिकाओं को गोद लिया गया था इस प्रकार संस्था ने पांच बालिकाओं को गोद लिया है। महिदपुर संस्था प्रमुख श्रीमती रोहिणी मेहता ने बताया कि संस्था समय-समय पर गोद ली बालिकाओं की मदद करती है एवं आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास करती है शीतकालीन सत्र में गोद ली हुई बालिकाओं को ऊनी वस्त्र एवं मिठाई वितरित की गई। संस्था ने संकल्प किया की समय-समय पर बालिकाओं की मदद की जावेगी। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रोहिणी मेहता, आशा राठौर, रजनी गुलाटी, लवलीन कालरा, सरिता कालरा, सुजाता मांडीवाल, प्रभा शर्मा, मंजू बाला शर्मा, सरोज पोरवाल, मधु सोनी एवं अन्य बहने उपस्थित थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रजनी गुलाटी द्वारा दी गई।

## वार्षिक खेल समारोह संपन्न



**महिदपुर।** सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिनांक 13 दिसंबर को वार्षिक खेल समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिदपुर शहर के नवागत एस.डी.ओ.पी., आईपीएस जेनडेन लिंगजेरपा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रार्थना गीत एवं स्वागत भाषण के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । विद्यालय की हेड गर्ल आयुषी परमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात खेल परंपरा के अनुसार ज्ञान जीवन और खेल के बीच निरंतरता की प्रतीक खेल मशाल गत वर्ष के विजेता धावको एवं हेडबाय वीरम सेवक के द्वारा मुख्य अतिथि को सौंपी गई। तत्पश्चात एस.डी.ओ.पी. के कर कमलों द्वारा मुख्य मशाल प्रज्वलित कर खेल समारोह की औपचारिक घोषणा की गई। विद्यालय प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने अतिथि परिचय प्रदान कर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन के द्वारा खेलों की जीवन में उपयोगिता को बताते हुए अपने छात्र जीवन के अनुभव को साझा करते हुए छात्रों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में सम्मिलित होने की प्रेरणा दी। तत्पश्चात स्पोर्टी ब्रेन के छात्रों द्वारा साहसिक खेल नृत्य एवं पिरामिड का प्रदर्शन किया गया । इसके पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यालय प्राचार्य सोबी थॉमस सर ने छात्रों को प्रतिस्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उपप्राचार्य अनीश थॉमस एवं खेल विभाग प्रमुख कमलेश साहनी, तूफानसिंह, कुलदीप के नेतृत्व में खेल समारोह संपन्न हुआ।

## बोडा पुलिस ने की सटोरियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

### 7 लाख 67 हजार 360 रु. का माल किया जप्त



**ब्यावरा।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन में एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में बोडा पुलिस टीम द्वारा सट्टा खेलने व खिलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। गत दिनों बोडा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम गुलखेड़ी में कुछ व्यक्ति नदी किनारे रुपए-पैसों से हार-जीत का दांव लगाकर सट्टा खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान आरोपी विष्णु नायक पिता मोरसिंह नायक, निवासी ग्राम डिप्ला खेड़ी थाना आष्टा जिला सीहोर, कालूराम नायक पिता ओमप्रकाश नायक 28 वर्ष निवासी ग्राम दुधाना थाना मोहन बड़ोदिया, पारस नायक पिता दिलीप सिंह नायक निवासी ग्राम मऊ थाना सारंगपुर को मौके से गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से सट्टा अंक लिखी डायरी लीड पेन नगद 7,360 रु. तथा 3 मोबाइल फोन, 7 मोटरसाइकिल सहित कुल 7,67,360 रु का माल जप्त किया गया।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 9 केंद्रों पर संपन्न

**सुसनेर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सुसनेर में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु परीक्षा शनिवार को 9 केंद्रों पर संपन्न हुई। प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने बताया कि आगामी सत्र 2026 - 27 के लिए कक्षा छठी में 80 सीटों पर प्रवेश हेतु परीक्षा में जिले के कुल 2088 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 1809 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें 1057 छात्र और 752 छात्राएं थी एवं 279 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे । इस प्रकार कुल 86.64% बच्चे नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शामिल हुए ।

# Health

अखरोट एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जो हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। रोज एक मुट्ठी अखरोट खाने के कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह दिमाग के साथ-साथ आपके दिल का भी ख्याल रखता है।

## अखरोटः दिमाग के लिए वरदान से कम नहीं

अखरोट एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जिसकी बाहरी परत हटाने के बाद वह हूबहू मानव मस्तिष्क जैसा दिखता है। ये वास्तव में दिमाग के स्वास्थ्य के लिए प्रकृति का एक अनमोल उपहार है। यह वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है कि अखरोट पोषक तत्वों का एक पावरहाउस है, जो विशेष रूप से मस्तिष्क के कार्यों को बढ़ावा देता है।

यह दुनिया में एकमात्र ऐसा मेवा है जिसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड (विशेष रूप से अल्फा-लिनोलेनिक एसिड या अछअ) प्रचुर मात्रा में होती है। अछअ एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण वसा है, जिसे हमारा शरीर स्वयं नहीं बना सकता। ओमेगा-3 फैटी एसिड मस्तिष्क की कोशिका झिल्लियों के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे संज्ञानात्मक कार्य बेहतर होते हैं।

नियमित रूप से अखरोट का सेवन याददाश्त, एकाग्रता और सीखने की क्षमता में सुधार कर सकता है। इसके अलावा अखरोट शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करते हैं और दिमाग की कोशिकाओं को क्षति से बचाते हैं, जिससे डिमेंशिया और अल्जाइमर जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों का खतरा कम होता है।

### ओमेगा-3 फैटी एसिड

अखरोट में ओमेगा-3 अल्फा-लिनोलेनिक एसिड (अछअ) अधिक मात्रा में पाया जाता है। ये शरीर में जाने के बाद मस्तिष्क के न्यूरॉन्स को स्वस्थ रखने और उनके बीच बेहतर संचार स्थापित करने के लिए आवश्यक हैं। अछअ मस्तिष्क में सूजन को कम करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स और न्यूरोप्रोटेक्शन

अखरोट में पॉलीफेनोल्स सहित कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स मस्तिष्क की कोशिकाओं को फ्री रेडिकल्स द्वारा होने वाली क्षति से बचाते हैं। यह सुरक्षा बुढ़ापे में होने वाली संज्ञानात्मक गिरावट को धीमा करने में मदद करती है, जिससे यह बच्चों से लेकर बूढ़ो तक सभी के मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।

### हृदय और रक्त वाहिकाओं के लिए भी फायदेमंद

चूंकि ओमेगा-3 फैटी एसिड रक्त वाहिकाओं के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे होते हैं, अखरोट का सेवन हृदय स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। ये खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल (ऌअछ) को बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। स्वस्थ रक्त वाहिकाएं मस्तिष्क तक ऑक्सीजन और पोषक तत्वों का बेहतर प्रवाह सुनिश्चित करती हैं।

### बेहतर नींद और मूड बूस्टिंग गुण

अखरोट मेलाटोनिन नामक हार्मोन का एक नेचुरल स्रोत है, जो स्लिप साइकिल को ठीक करने में मदद करता है। शाम के समय मुट्ठी भर अखरोट खाने से अच्छी नींद लेने में मदद मिल सकती है। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद पोषक तत्व मूड को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं, जिससे तनाव और चिंता को कम करने में भी मदद मिलती है।



## ठंड के मौसम में रोज सुबह पीजिए गुनगुना पानी, पाचन से लेकर सर्दी-जुकाम तक में मिलेगी राहत

ठंड के मौसम में, अक्सर हम गर्म चाय या कॉफी की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन सुबह की शुरूआत गुनगुने पानी से करना स्वास्थ्य के लिए एक सरल, सस्ता और अत्यंत प्रभावी उपाय है। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही इस बात पर जोर देते हैं कि सुबह में गुनगुना पानी शरीर के आंतरिक तापमान को धीरे-धीरे बढ़ाता है, जिससे पाचन तंत्र सक्रिय होता है और शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने की प्रक्रिया तेज होती है।

यह क्रिया रात भर सोए हुए अंगों को जगाने का काम करती है। ठंडा पानी पीने से शरीर को उसे गर्म करने में अतिरिक्त ऊर्जा लगानी पड़ती है, जबकि गुनगुना पानी पीने से यह ऊर्जा बच जाती है। यह न केवल मेटाबॉलिज्म को गति देता है, बल्कि यह आपकी त्वचा को हाइड्रेटेड रखता है और सर्दी-जुकाम से भी राहत दिलाता है। इस सरल आदत को अपनाकर आप बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के अपनी इम्यूनिटी और संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं।

### पाचन सुधार और मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा

सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने से आंतों में जमा हुए टॉक्सिन्स ढीले पड़ जाते हैं और मल त्याग करना आसान हो जाता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है। यह पाचन तंत्र में खून के प्रवाह को भी बढ़ाता है, जिससे भोजन का अवशोषण बेहतर होता है। यह मेटाबॉलिज्म को भी गति देता है, जो वजन प्रबंधन में सहायक होता है।

### सर्दी-जुकाम और गले के दर्द में राहत

ठंड के दिनों में गुनगुना पानी पीने से यह गले में जमा कफ को पतला करता है और श्वसन नली में जमाव को कम करता है। यह गले की सूजन को शांत करता है और दर्द से तत्काल राहत दिलाता है। यह आदत बंद नाक और गले की खराश जैसी सर्दी-जुकाम की सामान्य समस्याओं में तेजी से सुधार लाती है।

### बेहतर ब्लड सकुर्लेशन और डिटॉक्सिफिकेशन

गुनगुना पानी पीने से रक्त वाहिकाएं फैलती हैं, जिससे शरीर में ब्लड सकुर्लेशन सुधरता है। बेहतर सकुर्लेशन का मतलब है कि ऑक्सीजन और पोषक तत्व कोशिकाओं तक तेजी से पहुंचते हैं। यह पसीने के माध्यम से शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने की प्रक्रिया को भी सक्रिय करता है, जिससे शरीर डिटॉक्सिफाई होता है।

ठंड के दिनों में हार्ट से संबंधित समस्याओं का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे कि इससे बचाव करने के लिए क्या करना चाहिए?

## सर्दियों में बढ़ जाता है दिल से संबंधित बीमारियों का जोखिम

अक्सर यह देखने को मिलता है कि सर्दियों में हॉर्ट संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। यह मौसम हृदय और रक्त वाहिकाओं से जुड़ी समस्याओं वाले लोगों के लिए चुनौती भरा होता है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने यूके, आयरलैंड और नीदरलैंड में किए गए एक स्टडी में पाया कि ठंड के दौरान दिल का दौरा और स्ट्रोक होने की आशंका दोगुनी से भी अधिक हो जाती है।

हमारा हृदय और रक्त वाहिकाएं, रक्त के प्रवाह को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार पर्यावरण के अनुरूप ढलती रहती हैं। ठंड के दिनों में हमारा तंत्रिका तंत्र शरीर के तापमान को गिरने से रोकने के लिए कई अंगों को अति सक्रिय कर देता है, जिससे हृदय पर दबाव बढ़ता है।

शरीर की यह प्राकृतिक प्रतिक्रिया ही हृदय के लिए जोखिम बढ़ा देती है। इसलिए सर्दियों में अपनी जीवनशैली और आहार में सावधानी बरतना और आवश्यक बचाव के उपाय करना हर किसी के लिए, विशेष रूप से वृद्ध लोगों और हृदय रोगियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।



### ब्लड प्रेशर में वृद्धि

ठंड के संपर्क में आने पर शरीर अपनी गर्मी बचाने के लिए रक्त वाहिकाओं को सिकोड़ देता है, इस प्रक्रिया को वासोकोन्स्ट्रिक्शन कहते हैं। इस संकुचन के कारण हृदय को ब्लड पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ जाता है। बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर दिल के दौरे और स्ट्रोक के जोखिम को सीधे बढ़ाता है।

### रक्त गाढ़ा होना

सर्दियों में शरीर में मौजूद खून का घनत्व अधिक होता है। शोध बताते हैं कि कम तापमान प्लेटलेट्स को अधिक चिपचिपा बना सकता है। रक्त के गाढ़े होने और प्लेटलेट्स के अधिक सक्रिय होने के कारण रक्त के थक्के बनने की आशंका बढ़ जाती है। ये थक्के हृदय या मस्तिष्क में ब्लड फ्लो को अवरुद्ध कर सकते हैं, जिससे दिल का दौरा या स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है।

### बचाव के लिए क्या करें?

बचाव का सबसे सरल तरीका है शरीर को गर्म रखना। बाहर निकलते समय गर्म टोपी, दस्ताने, और कई परतों वाले कपड़े पहनें। कमरे के अंदर के तापमान को आरामदायक बनाए रखें। अचानक ठंडी हवा के संपर्क में आने से बचें, क्योंकि यह ब्लड प्रेशर में तेज वृद्धि कर सकता है।

इसलिए घर के अंदर ही व्यायाम करने को प्राथमिकता दें। साथ ही सुबह उठकर गुनगुना पानी पीने की आदत डालें और अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने वाले भोजन को डाइट में शामिल करें।

### स्वस्थ जीवनशैली और डॉक्टर से परामर्श

हेल्थ एक्सपट्‌र्स के मुताबिक ठंड के दिनों में भी अपनी शारीरिक गतिविधि को बनाए रखें। शराब और धूम्रपान का सेवन न करें। अपने आहार में फल, सब्जियां और साबुत अनाज शामिल करें। सबसे जरूरी है कि आप अपने ब्लड प्रेशर की नियमित जांच करें। अगर आपको सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ या असामान्य थकान महसूस हो, तो बिना देर किए अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

# Sport

भारतीय टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 में हरा दिया। धर्मशाला में भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और उसने इस मैदान पर टी20 में जीत की हैट्रिक लगा ली है।

### गेंदबाजों के बाद अभिषेक का दिखा दम...

## धर्मशाला में भारत ने टी20 में लगाई जीत की हैट्रिक; हासिल की बढ़त

**धर्मशाला।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 मैच में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की मदद से दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट कर दी थी। भारत ने फिर 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा रन बनाए। अभिषेक ने 18 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 35 रन बनाए।

### गिल-अभिषेक ने दिलाई शानदार शुरूआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक और शुभमन गिल ने भारत को तेज शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। इस साझेदारी को कॉर्बिन बॉश ने आउट किया। भारत ने एक बार फिर प्रयोग किया और तीसरे स्थान पर सूर्यकुमार की जगह तिलक वर्मा को उतारा। तिलक और गिल ने दूसरे विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी की, लेकिन मार्को यानसेन ने गिल को बोल्ड कर दिया। गिल 28 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए।

कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर असफल रहे और 12 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तिलक और शिवम दुबे ने भारत की जीत की औपचारिकता पूरी की। तिलक 34 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 25 रन और शिवम चार गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 10 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन और कॉर्बिन बॉश को एक-एक विकेट मिला। एनगिडी को भले ही एक सफलता मिली, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। एनगिडी ने अब तक राष्ट्रीय टीम के लिए 77 विकेट लिए हैं और उन्होंने कगिसो रबाडा की बराबरी कर ली है।



### धर्मशाला में जीता लगातार तीसरा टी20

भारत ने इसके साथ ही धर्मशाला में जीत की हैट्रिक लगा ली है। भारत ने धर्मशाला के इस मैदान पर लगातार तीसरा टी20 मुकाबला जीता है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मुकाबला जीतने से पहले 2022 में श्रीलंका के खिलाफ दो टी20 मैच जीते थे।

## दिल्ली में मेसी की जय शाह से मुलाकात, आईसीसी अध्यक्ष ने टी20 विश्व कप के लिए दिया निमंत्रण

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी आज दिल्ली में हैं और यह उनके ऋडअळ इंडिया टूर का तीसरा और अंतिम दिन है। अरुण जेटली स्टेडियम में हो रहे इस कार्यक्रम में मेसी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह से मुलाकात की। इस दौरान शाह ने दिग्गज फुटबॉलर को अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए निमंत्रण दिया और टिकट भेंट की।

### शाह ने टी20 विश्व कप 2026 की टिकट भेंट की

भारत दौरे के आखिरी दिन मेसी दिल्ली पहुंचे। इस दौरान उनके साथ लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल भी मौजूद रहे। तीनों ने आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली से मुलाकात की। शाह ने तीनों को भारतीय जर्सी भेंट की। इसके अलावा उन्हें भारत और अमेरिका के बीच 7 फरवरी को होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले के लिए निमंत्रण दिया।

## कोलकाता में मेसी के कार्यक्रम में बवालः जांच सीबीआई को सौंपने की मांग

**कोलकाता।** लियोनल मेसी के कार्यक्रम के दौरान सॉल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों द्वारा की गई तोड़फोड़ और हिंसा का मामला अब कलकत्ता हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। सोमवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुजॉय पाल ने इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ी तीन अलग-अलग जनहित याचिकाएं (PIL) दाखिल किए जाने की अनुमति दी। इन याचिकाओं में स्टेडियम में हुई हिंसा की जांच को केंद्रीय एजेंसियों, जैसे सीबीआई (CBI), प्रवर्तन निदेशालय (ED) और सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस (SFIO) को सौंपने की मांग की गई है।

### तीन याचिकाएं, एक मांग

ये याचिकाएं राज्य के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और अधिवक्ता सब्यसाची चट्टोपाध्याय तथा मैनाक घोषाल द्वारा अलग-अलग दाखिल की गई हैं। संभावना है कि हाईकोर्ट इन तीनों याचिकाओं पर इस सप्ताह एक साथ सुनवाई करेगा।

सुवेंदु अधिकारी की ओर से पेश अधिवक्ता बिल्वादल भट्टाचार्य ने अदालत से अनुमति मांगी कि शनिवार को हुई भीड़ की अव्यवस्था और हिंसा के पीछे के कारणों की गहन जांच कराई जाए। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस असीम कुमार राय कर रहे हैं, की वैधता पर भी सवाल उठाया। याचिका में आरोप लगाया गया कि इस घटना ने पूरी दुनिया के सामने पश्चिम बंगाल की छवि को नुकसान पहुंचाया।

शेफाली वर्मा अब 21 दिसंबर से विशाखापत्तनम में शुरू होने वाली श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में नजर आएंगी।

## शेफाली बनीं नवंबर की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी, इस पारी के लिए सम्मान



**दुबई।** क्रिकेट में कुछ पारियां ऐसी होती हैं, जो सिर्फ स्कोरकार्ड तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि इतिहास बन जाती हैं। शेफाली वर्मा की वर्ल्ड कप फाइनल पारी भी कुछ ऐसी ही रही।

आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा को नवंबर 2025 के लिए आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में शेफाली ने बल्ले और गेंद दोनों से मैच की तस्वीर बदल दी और भारत के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए टीम को पहला क्छउ महिला वर्ल्ड कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### फाइनल में शेफाली का प्रभावी प्रदर्शन

खिताबी मुकाबले में शेफाली वर्मा ने पारी की शुरूआत करते हुए 87 रनों की शानदार पारी खेली। यह न सिर्फ उनका वनडे करियर का सर्वोच्च स्कोर रहा, बल्कि तीन साल से ज्यादा समय बाद आया पहला अर्धशतक भी था। शेफाली ने स्मृति मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की, जिसने भारत को मजबूत नींव दी। दबाव के सबसे बड़े मंच पर शेफाली का यह संयमित लेकिन आक्रामक प्रदर्शन भारत के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

### बल्ले के बाद गेंद से भी दिखाया दम

शेफाली ने सिर्फ बल्लेबाजी से ही नहीं, बल्कि गेंदबाजी से भी अपनी उपयोगिता साबित की। उन्होंने 7 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट झटके और दक्षिण अफ्रीका की मजबूत बल्लेबाजी को झकझोर दिया। उनका शिकार बनीं अनुभवी बल्लेबाज सुने लूस और मरिजाने कैप, जिससे प्रोटियाज टीम दबाव में आ गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर का शेफाली को गेंद थमाने का फैसला पूरी तरह सही साबित हुआ और भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 246 रनों पर समेट दिया।

## गिल और सूर्यकुमार के खराब फॉर्म पर अभिषेक का बयान, कहा- ये दोनों टी20 वर्ल्ड कप में भारत को जिताएंगे

सीरीज का चौथा टी20 बुधवार को लखनऊ में खेला जाएगा। भारत की कोशिश बढ़त को और मजबूत करने की होगी, जबकि शुभमन और सूर्यकुमार पर सबकी निगाहें रहेंगी।



**धर्मशाला।** भारतीय ओपनर और मौजूदा विश्व नंबर-एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले सीनियर बल्लेबाजों शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव का खुलकर समर्थन किया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दोनों बल्लेबाजों के बल्ले से बड़ी पारियां नहीं निकल पाई हैं, लेकिन अभिषेक का मानना है कि बड़े मंच पर यही खिलाड़ी भारत के लिए मैच जिताने वाले साबित होंगे।

सीरीज के पहले तीन मैचों में शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे हैं। धर्मशाला में भारत की सात विकेट की जीत में गिल की 28 रन की पारी अब तक दोनों में से किसी का सर्वोच्च स्कोर रही है। इसके बावजूद अभिषेक ने उनकी फॉर्म को लेकर उठ रहे सवालों को सिरे से खारिज कर दिया।

मैच के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा, 'मैं आपको एक बात साफ-साफ कहता हूं। मुझ पर भरोसा रखिए, ये दोनों खिलाड़ी वर्ल्ड कप में और उससे पहले भी मैच जिताएंगे। मैं इनके साथ लंबे समय से खेल रहा हूं, खासकर शुभमन के साथ। मुझे पता है कि वह किन हालात में मैच जिता सकता है।' अभिषेक ने यह भी कहा कि उन्हें शुरू से ही गिल पर पूरा विश्वास रहा है और जल्द ही फैंस भी इसे महसूस करेंगे।

तीसरे टी20 में 118 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक और गिल की ओपनिंग जोड़ी ने भारत को शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने सिर्फ 5.2 ओवर में 60 रन जोड़े। अभिषेक ने 18 गेंदों में तेज 35 रन बनाए, जबकि गिल ने 28 गेंदों में 28 रन की धीमी पारी खेली। सूर्यकुमार 12 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने यह लक्ष्य 15.5 ओवर में हासिल कर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली।

## न्यूज कॉलम

### नया जिला अस्पताल निर्माण की फिर बढ़ाई डेडलाइन

**इंदौर।** जिला अस्पताल के नए भवन के निर्माण में लगातार हो रही देरी एक बार फिर चर्चा में है। अपर मिशन संचालक मनोज कुमार सरियाम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने साइट इंजीनियर को निर्देश दिए कि फरवरी 2026 तक हर हाल में भवन निर्माण पूरा किया जाए। इससे पहले भी इस भवन के लिए कई बार समय सीमा तय की गई थी, लेकिन कार्य निर्धारित अवधि में पूरा नहीं हो सका।

### आंखों पर पट्टी बांधकर राइफल शूटिंग की, क्रिकेट खेला



**इंदौर।** इंदौर में रविवार को शिक्षा और मानव क्षमता के क्षेत्र में एक नया इतिहास लिखा गया। यहां आयोजित भव्य क्वांटम ब्रेन परेड के दौरान 235 छात्रों ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर तीन घंटे तक लगातार विभिन्न जटिल गतिविधियां कीं और 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में अपना नाम दर्ज कराया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का उद्घाटन वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के संजय शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में मौजूद लगभग 300 अभिभावक और अतिथियों, छात्रों ने अपनी आंखों को पूरी तरह ढककर राइफल शूटिंग, स्केटिंग, साइकिलिंग, क्रिकेट, बास्केटबॉल, चेस (शतरंज) और कैरम जैसे खेल पूरे आत्मविश्वास के साथ खेले। इसके अलावा, छात्रों ने पट्टी बांधकर किताबें पढ़ीं, करेंसी नोट पहचाने और रंगों को एकदम सही पहचान कर अपनी विकसित 'छठी इंद्रिय' का प्रमाण दिया। यह आयोजन मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल में हुआ। तीन घंटे तक चले इस प्रदर्शन के सफल समापन पर 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' के अधिकारियों ने इस उपलब्धि की पुष्टि की। मौके पर ही मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों को प्रोविजनल सर्टिफिकेट और मॉडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह रिकॉर्ड स्कूल के मिडब्रेन एक्टिवेशन प्रोग्राम की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसे प्रेसीडेंट अरुण खारिया एवं चेयरपर्सन डॉ. अनिल खारिया द्वारा शुरू किया गया था।

### विजयनगर स्थित बैंक में चोरी का प्रयास

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर में बदमाशों ने गोल्ड लोन देने वाले एक बैंक में घुसकर चोरी का प्रयास किया। हालांकि वे वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो सके। बैंक अधिकारियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद शनिवार को मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने बताया कि विशाल इटावदिया, निवासी अटल द्वार एमआईजी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। विशाल के अनुसार, वह सिक्का स्कूल के पास स्थित मणिपुरम फाइनेंस लिमिटेड में कार्यरत है। यहां बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया। दो दिन पहले रात में गोल्ड लोन बैंक के बाहरी गेट का ताला तोड़कर चोर कार्यालय परिसर में घुसे और चैनल गेट का ताला तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने लिखित आवेदन लिया और शनिवार को एफआईआर दर्ज की। वहीं द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के गुमाश्ता नगर निवासी मुकेश सारडा के यहां भी बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर गेट का नकुचा तोड़कर नकद रुपए और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सुपर कॉरिडोर पर धरने पर बैठे रहे पदाधिकारी और कार्यकर्ता

**इंदौर।** इंदौर में करनी सेना ने रविवार को दो घंटे तक प्रदर्शन किया। रैली को नहीं जाने देने को लेकर सुपर कॉरिडोर पर टीसीएस चौराहे के पास प्रदर्शन के साथ धरना दिया। करनी सेना के पदाधिकारी 21 दिसंबर को हरदा में होने वाली जन क्रांति न्याय आंदोलन यात्रा निकाल रहे हैं। इसके लिए रविवार को करनी सेना द्वारा टीसीएस से विजय नगर तक रैली निकालकर जा रहे थे। करनी सेना प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर का आरोप है कि सीएम के कार्यक्रम के चलते इन्हें यहां रोक दिया गया। आधा घंटा रुकने का बोलकर लगातार रोके रखा। जिसके बाद वे यहां बैठकर ही प्रदर्शन और धरना दिया गया। करनी सेना ने 4 बजे से 6 बजे तक यहां धरना दिया। सुपर कॉरिडोर पर प्रदर्शन के चलते पुलिस ने ट्रैफिक को सर्विस रोड पर डायवर्ट कर दिया है। सर्विस रोड पर भी कुछ दो पहिया वाहन खड़े हैं उसके कारण गाड़िया धीरे-धीरे आगे बढ़ रही हैं। करनी सेना के धरना-प्रदर्शन के बाद अब वाहनों को मुख्य सड़क से भी निकाला जा रहा है।

# बायपास पर चलते कंटेनर से सामान चोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




इंदौर के लसूड़िया में बदमाशों ने बायपास पर चलते कंटेनर का गेट खोलकर उससे माल चुरा लिया। गेट से कनेक्टेड जीपीएस सिस्टम में जब एरर आया तो कंपनी की तरफ से ड्राइवर को कॉल किया गया। उसने कंटेनर रोका तो पीछे गेट का लॉक टूटा हुआ मिला। पुलिस के मुताबिक यूपी के कुशीनगर छपरा निवासी चंदन यादव की शिकायत पर एफआईआर की गई है।

चंदन ऑनलाइन डिलीवरी का काम करता है। वह देशभर के शहरों में कंटेनर से सामान लेकर जाता है। उसे इंदौर से महाराष्ट्र के धुले के लिए शनिवार को माल लेकर जाना था। सुबह 5 बजे जब कंटेनर लेकर फीनिक्स टाउनशिप से कारोबार होटल के यहां रास्ते में था। तभी कंपनी के हेड ऑफिस से कॉल आया। जिसमें बताया कि कंटेनर का जीपीएस कट गया है। तब गाड़ी रोककर पीछे जाकर चेक किया तो गेट का लॉक टूटा मिला। वापस गाड़ी लेकर कंपनी में गए। यहां सामान चेक करने पर करीब 10 बोरे कम मिले हैं। पुलिस को शंका है कि कंजर गिरोह ने वारदात को अंजाम दिया है।

दूसरी ओर, लसूड़िया थाने के गोयल नगर स्कीम नंबर 140 के यहां पर सचिन माहेश्वरी की पान की दुकान में बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सचिन ने बताया कि शनिवार रात 12 बजे वह दुकान बंद कर घर गए थे।

बदमाशों ने ताला तोड़कर दुकान में रखा पूरा सामान पर हाथ साफ कर दिया। आरोपी गल्ले में रखी रुपए भी अपने साथ ले गए। पुलिस मामले में जांच कर रही है।


**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर

मो. 9301388290, 9340903559

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**प्लाट बेचना है**
खुली भूमि उत्तर से दक्षिण, पूर्व की ओर 95.8 फीट, पश्चिम की ओर 106 फीट और पूर्व पश्चिम उत्तर की ओर 102.7 फीट, दक्षिण की ओर 99 फीट कुल एरिया 10275 वर्गफीट, जिसके उत्तर में रोड के बाद माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में सुन्दरबाई का मकान और नागूलाल का मकान, पूर्व में रामाजी जाट की गली उर्दूपुरा रोड, पश्चिम में रस्सी गली मुन्सीपल नम्बर पुराना 5/1317, नया नम्बर 12 लाल बाई फूलबाई मार्ग उर्दूपुरा उज्जैन जो कि जाधव गुवाड़ी के नाम से जाना जाता है, को विक्रय करना है।
सम्पर्क सूत्र - 9425002108 ब्रजलाल रांका

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

**अवन्तिका वर्गीकृत**

| | |
|---|---|
| 10 दिन | 1000/- |
| 20 दिन | 1500/- |
| 1 माह | 2000/- |

- सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777
77710-90777
विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252




अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है**
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
**कटे कान जुड़वाएं**
**किडनी की पथरी का अंत तुरंत**
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
**ए.के. ट्रेडर्स**
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
**पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर**
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)


**दैनिक अवन्तिका**
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
निःशुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ निःशुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777


मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com